RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 133
नई दिल्ली, सोमवार, 20 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



स्टार्क के पंजे में समाई टीम इंडिया

स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली पुलिस पहुंची राहुल के घर

- दो घंटे बाद मिले कांग्रेस नेता, नोटिस का प्रारंभिक जवाब भेजा, महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े बयान के संबंध में पुलिस ने उठाया कदम
- राहुल ने 45 दिन के बाद की गई कार्रवाई पर सवाल उठाया, 10 बिंदुओं का उल्लेख किया, विस्तृत जवाब के लिए 8-10 का समय मांगा
- कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की निंदा की और इसे राजनीतिक प्रतिशोध का सबसे खराब उदाहरण बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े अपने बयान के संबंध में दिल्ली पुलिस के नोटिस का रविवार को प्रारंभिक जवाब भेजा और 45 दिन की देरी के बाद अचानक की गई कार्रवाई पर सवाल उठाया। सूत्रों ने बताया कि पिछले पांच दिन में पुलिस के तीसरी बार राहुल गांधी के आवास पर पहुंचने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने चार पन्नों के अपने जवाब में 10 बिंदुओं का उल्लेख किया है। साथ ही कांग्रेस नेता की 30 जनवरी की टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस के नोटिस का विस्तृत जवाब देने के लिए 8-10 दिनों का समय मांगा है। इससे पहले, दिल्ली पुलिस की एक टीम महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर उन्हें जारी नोटिस के सिलसिले में रविवार को यहां उनके आवास पर पहुंची। कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई की निंदा की और इसे राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न का सबसे खराब उदाहरण करार दिया।

अधिकारियों के अनुसार, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा के नेतृत्व में पुलिस दल सुबह करीब 10 बजे राहुल के 12, तुगलक लेन स्थित आवास पर पहुंचा और करीब दो घंटे बाद गांधी से मिल सका। पुलिस बल अपराह्न करीब एक बजे वापस लौट गया। राहुल गांधी के आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। पुलिस टीम जब राहुल गांधी के आवास के अंदर ही थी, उसी दौरान पवन खेड़ा, अभिषेक मनु सिंघवी, जयराम रमेश सहित कई कांग्रेस नेता वहां पहुंचे। दिल्ली पुलिस के कदम के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बाहर नारेबाजी की। एक अधिकारी ने बताया कि चार-पांच कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया और उन्हें नजदीकी थाने ले जाया गया एवं बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान श्रीनगर में बयान दिया था, मैंने सुना है कि महिलाओं का अब भी यौन उत्पीड़न हो रहा ( शेष पेज 9 )

## दिल्ली पुलिस ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सरकार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लगाए गए बदले की राजनीति के आरोप को रविवार को खारिज कर दिया। भाजपा ने कहा कि दिल्ली पुलिस अपने कानूनी दायित्व का निर्वहन करते हुए राहुल गांधी से मिलने की कोशिश कर रही थी क्योंकि उन्होंने विभिन्न अपराधों की भुक्तभोगी रही जिन महिलाओं का जिक्र किया, पुलिस उनका ब्योरा चाहती थी। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान कहा था कि महिलाओं ने उनसे भेंट की थी और यौन हमले का शिकार होने की बात उन्हें बताई थी।

पात्रा ने कहा कि पुलिस के पास ऐसी घटनाओं की सूचना होनी चाहिए, यही कारण है कि दिल्ली पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया है और उसका ब्योरा जानने के लिए कांग्रेस नेता से मिलने की कोशिश की है। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने भी विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने दावा किया था कि वह उन महिलाओं से मिले थे जिन्होंने उनसे कहा था कि उनके साथ बलात्कार किया गया, उनके साथ छेड़खानी की गई लेकिन उन्हें इंसाफ नहीं मिला। दिल्ली पुलिस उसका ब्योरा मांग रही है लेकिन राहुल ( शेष पेज 9 )

# विपक्षी दलों को साधने में जुटी कांग्रेस

- जयराम रमेश ने कहा कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी मोर्चा संभव नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर मचे राजनीतिक घमासान और रविवार को अचानक राहुल गांधी के निवास पर दिल्ली पुलिस की दस्तक से बौखलाई कांग्रेस संसद के बाहर और भीतर इस मुद्दे को उठाने के लिए ज्यादा से ज्यादा विपक्षी दलों को साथ जोड़ने का प्रयास कर रही है। तीसरे मोर्चे के लिए ताल ठोक रहे तृणमूल कांग्रेस, सपा, बीआरएस समेत अन्य दलों को एक साथ आने का संदेश देते हुए जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के बिना कोई भी मोर्चा संभव ही नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि जिस समय अडाणी समूह के मामले को लेकर संसद में गतिरोध है और समान विचारधारा वाले विपक्षी दल एक साथ मिलकर मोदी सरकार से अडाणी विवाद समेत बेरोजगारी और महंगाई को घेर रहे हैं, ऐसे में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), एनसीपी, सपा जैसे दल इन्हीं मुद्दों पर अलग खड़े होकर आवाज उठा रहे हैं। मालूम हो कि पिछले सप्ताह इन तीनों दलों ने अडाणी, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर अलग प्रदर्शन किया था, लेकिन कांग्रेस के समर्थन से जुटे शिवसेना, राजद, वाममोर्चा समेत 18 दलों का साथ नहीं दिया था। कांग्रेस ने कहा है कि अब स्थिति ऐसी हो गई कि राजनीतिक बयान देने के लिए किसी भी विपक्षी नेता को सवालों के घेरे में खड़ा किया जा सकता है।

दूसरी ओर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव दो दिन पहले कोलकाता में स्पष्ट कह चुके हैं वे लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ मिलकर तीसरा मोर्चा बनाएंगे और इसमें कांग्रेस को शामिल नहीं किया जाएगा। संसद में सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में होने ( शेष पेज 9 )

## लोकतंत्र में भरोसा न करने वालों के लिए उसमें जगह नहीं: नड्डा



- राहुल पर साधा निशाना प्रजातंत्र की हर मर्यादा लांघने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रजातंत्र की हर मर्यादा लांघने का आरोप लगाया और कहा कि उनसे लोकतांत्रिक तरीके से अपना बोरिया बिस्तर समेटने के लिए कहना चाहिए।

नड्डा ने चेन्नई में भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय युवा संसद का उद्घाटन करने के बाद डिजिटल माध्यम से दिए संबोधन में कहा, जिन्हें लोकतंत्र में विश्वास नहीं है, उनके लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने राहुल पर अमेरिका और यूरोपीय देशों जैसी विदेशी ताकतों को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस आज मानसिक दिवालिएपन से ग्रसित है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, राहुल गांधी ने लोकतंत्र की हर मर्यादा लांघ दी है। उन्होंने कहा, वह (राहुल) किस तरह के बयान देते हैं।

भारत के लोग उनकी बात नहीं सुनते, वे सिर्फ उन्हें झेलते हैं। नड्डा ने कहा, राहुल गांधी ने भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में अपनी शर्मनाक टिप्पणियों से न सिर्फ देश का अपमान किया है, बल्कि दूसरे देशों को ( शेष पेज 9 )

## बिजली कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, आंदोलनकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई वापस होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों ने सरकार के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद रविवार को अपनी हड़ताल वापस ले ली। वहीं, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने हड़ताल का आह्वान करने वाली कर्मचारियों की समिति को आश्वासन दिया कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्वाई को वापस लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस बाबत यूपीपीसीएल के चेयरमैन को निर्देश दे दिया है। गौरतलब है कि बिजली कंपनियों में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के चयन तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार रात 10 बजे से तीन दिन (72 घंटे) की हड़ताल शुरू की थी। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य कर्मचारी नेताओं के साथ अपरान्ह 2:30 बजे से जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम में वार्ता शुरू की। वार्ता के बाद शैलेन्द्र दुबे ने ( शेष पेज 9 )

## अमृतपाल अब भी फरार, चार साथियों को असम की जेल भेजा



- पंजाब में हाई अलर्ट 34 और समर्थक गिरफ्तार मोबाइल इंटरनेट आज दोपहर तक बंद, कई स्थानों पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च
- पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर

**पीएनएस/एजेंसी।** चंडीगढ़/डिब्रूगढ़

**पुलिस** ने रविवार को पंजाब में कई स्थानों पर फ्फ्लैग मार्च किया तथा कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह की तलाश में पूरे प्रदेश में अभियान चलाया। इस दौरान उसके 34 और समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और चार लोगों असम की जेल भेज दिया।

प्रशासन ने राज्य में मोबाइल इंटरनेट व एसएमएस सेवा पर लगी रोक सोमवार दोपहर 12 बजे तक बढ़ा दी। इस बीच, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार को एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का मंगलवार तक जवाब देने को कहा है, जिसमें दावा किया गया है कि अमृतपाल को पुलिस ने पहले ही अवैध तरीक से हिरासत में ले रखा और उसे रिहा कर दिया जाना चाहिए। वहीं पुलिस अपने इस बयान पर अड़ी है कि वारिस पंजाब दे का मुखिया शनिवार को जालंधर पीछा किए जाने के दौरान चकमा देकर भाग गया था।

पुलिस ने खालिस्तान हमदर्दों और समर्थको के खिलाफ नए केस दर्ज किए हैं। पुलिस ने बताया कि शनिवार को गिरफ्तार अमृतपाल के कथित सलाहकार और वित्त प्रदान करने वाले दलजीत सिंह कलसी और तीन अन्य को पंजाब से विशेष विमान के जरिए रविवार को असम ले जाया गया, जहां उन्हें डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में रखा जाएगा। पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है और अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह विभिन्न देशों, राज्यों और शहरों से आने वाली फर्जी खबरों की निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और शनिवार को उसके संगठन वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी)के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के बाद किसी सुरक्षा चूक से इनकार किया।

अमृतपाल और उसके सहयोगियों के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज की गई जबकि जांलधर में दो प्राथमिकी दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले डब्ल्यूपीडी से जुड़े 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस के अधिकारी ने बताया कि कलसी के अलावा भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह और पी. बजेका को लेकर आम आदमी पार्टी शासित पंजाब की 27 सदस्यीय टीम असम पहुंची। हालांकि, कोई भी अधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है कि क्यों इन्हें 2500 किलोमीटर दूर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित असम लाया गया है। मौजूदा समय में नई दिल्ली के ( शेष पेज 9 )

## भारत में कोविड-19 के एक हजार से अधिक नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में 129 दिन बाद एक दिन में कोविड-19 के 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 5,915 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 24 घंटे के भीतर संक्रमण के कुल 1,071 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि तीन और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,802 हो गई। देश में कोरोना वायरस से राजस्थान और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज की मौत हुई। वहीं, केरल में कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए एक मामला जोड़ा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,95,420 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण से ( शेष पेज 9 )

## केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने के कारण खत्म हो जाएगी भाजपा

**भाषा।** कोलकाता



**समाजवादी** पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी दिनों में कांग्रेस की तरह राजनीतिक रूप से खत्म हो जाएगी। अखिलेश ने जाति जनगणना पर भी जोर देते हुए कहा कि यह 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बड़ा मुद्दा होगा। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, पहले कांग्रेस केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करती थी और अब भाजपा ऐसा कर रही है।

कांग्रेस अब खत्म हो चुकी है। भाजपा का भी यही हश्र होगा। वह (भाजपा) इन एजेंसियों को बस उन दलों के पीछे भेज रही है जो उसका (भाजपा का) मुकाबला कर रहे हैं। जब सपा नेता से पूछा गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो क्या केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग बढ़ेगा। इसके जवाब में यादव ने कहा , ऐसा हो सकता है, लेकिन इससे भगवा शिविर (भाजपा) को कोई मदद नहीं मिलेगी, क्योंकि लोकसभा चुनाव की तैयारी अगले कुछ महीनों में शुरू हो जाएगी।

शनिवार से यहां हो रही सपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक में पारित किए गए राजनीतिक प्रस्ताव की चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी कि अगले साल चुनाव में उत्तर प्रदेश एवं देश में भाजपा पराजित हो। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जो भाजपा को रोक सकता है, क्योंकि वहां सबसे अधिक सीट है। पूरा देश समाजवादी पार्टी की ओर देख रहा है। चाहे डीजल ( शेष पेज 9 )

## सरकार ने शत्रु संपत्तियों को बेचने की प्रक्रिया शुरू की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने शत्रु संपत्तियों को खाली कराने और उनकी बिक्री की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों द्वारा छोड़ी गई अचल संपत्तियों को शत्रु संपत्ति कहा जाता है। देश में कुल 12,611 शत्रु संपत्ति हैं, जिनकी कीमत लगभग एक लाख करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है। शत्रु संपत्ति, भारत के लिए शत्रु संपत्ति के संरक्षक (सीईपीआई) के अधीन है, जो शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत बनाया गया एक प्राधिकरण है। गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, शत्रु संपत्तियों के निपटान के लिए दिशा-निर्देशों में बदलाव किया गया है, जिसके तहत संपत्तियों की बिक्री से पहले संबंधित जिला मजिस्ट्रेट या उपायुक्त की मदद से शत्रु संपत्तियों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक, शत्रु संपत्ति की कीमत एक करोड़ रुपए से कम होने की सूरत में संरक्षक ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,989 | |
| निफ्टी | 17,100 | |
| सोना | 58,040 | /10g |
| चांदी | 67,600 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के करीब एक दर्जन नेताओं पर तोड़फोड़, सुरक्षाकर्मियो पर हमला, पदच्युत प्रधानमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सुनवाई के दौरान अदालत परिसर के बाहर हंगामा करने में शामिल होने के आरोप में आतंकवाद निरोधक कानून की विभिन्न धाराओं के तहत रविवार को प्राथमिकी दर्ज की। खान तोशाखाना मामले की बहुप्रतिक्षित सुनवाई में पेश होने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद आए थे और उस दौरान इस्लामाबाद न्यायिक परिसर के बाहर उनके समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हुई थी। पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच शनिवार को हुई झड़प के दौरान 25 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे जिसके बाद अवर जिला व सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने सुनवाई 30 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

## बुर्ज खलीफा बनाने वाली कंपनी बदलेगी कश्मीर की किस्मत

- दुबई की एमार कंपनी 500 करोड़ से श्रीनगर में बनाएगी अत्याधुनिक शॉपिंग मॉल, आईटी पार्क और जम्मू में बहुमंजिला इमारतें

धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर को मिली पहली एफडीआई परियोजना

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर



**दुनियाभर** में मशहूर दुबई स्थित बुर्ज खलीफा को बनाने वाली वैश्विक कंपनी एमार ने जम्मू-कश्मीर में बड़ी परियोजना पर काम शुरू कर दिया है, जिससे इस राज्य विशेषकर जम्मू एवं सर्दियों की राजधानी श्रीनगर की किस्मत बदल सकती है।

कंपनी दोनों शहरों में आईटी टॉवर के साथ-साथ श्रीनगर में अत्याधुनिक मॉल एवं बहुमंजिला इमारतें बनाने के लिए 500 करोड़ रुपये निवेश कर रही है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को 10 लाख वर्गमीटर में बनने वाले इस मॉल का भूमिपूजन किया।

खास यह कि केंद्र शासित प्रदेश बनने और धारा 370 हटने के बाद यहां यह पहली प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) परियोजना है। जम्मू और श्रीनगर में तीनों प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घाटी में शिलान्यास समारोह के दौरान कहा कि 500 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। यही नहीं, इस निवेश के जरिए यूएई सरकार के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में विकास को गति मिलेगी। इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक एवं निवेश संबंध भी और मजबूत होंगे।

केंद्र के 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली एफडीआई परियोजना है। सिन्हा ने कहा कि कश्मीर के ( शेष पेज 9 )

# चीनी नेटिजन के चहेते हैं प्रधानमंत्री

## चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम को मोदी लाओक्सियन कहा जाता है, जिसका अर्थ 'मोदी अमर'

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग



**विभिन्न** देशों के राजनेता और राजदूत तो अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते रहते हैं, लेकिन यह जानकर हैरानी होगी कि भारत के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी देश पड़ोसी चीन में उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। विशेषकर सोशल मीडिया पर मोदी के चाहने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है और कई लोग वहां उन्हें 'मोदी अमर' कहकर पुकारते हैं।

हाल ही में अमेरिका की पत्रिका डिप्लोमैट में प्रकाशित एक लेख के अनुसार चीन में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों (नेटिजेन) के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी लोकप्रिय हैं और उन्हें सम्मान से मोदी लाओक्सियन कहा जाता है, जिसका अर्थ मोदी अमर हैं। मालूम हो कि पिछले तीन साल से दोनों देशों के बीच सीमा पर विवाद गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने डटी हैं। इसके बावजूद, किसी अंतरराष्ट्रीय नेता के लिए इस प्रकार की प्रतिक्रिया दुर्लभ सम्मानजनक मामला है। रणनीतिक मामलों पर केंद्रित पत्रिका डिप्लोमैट के लेख 'चीन में भारत को कैसे देखा जाता है?' में चीनी पत्रकार म्यू चुनशान ने यह भी लिखा कि ज्यादातर चीनी मानते हैं कि मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के प्रमुख देशों के बीच संतुलन बना कर रख सकता है। चुनशान चीनी सोशल मीडिया विशेष रूप से सिना वेइबो का विश्लेषण करने के लिए मशहूर हैं। सिना वेइबो चीन में ट्विटर जैसा सोशल मीडिया मंच है और इसके 58.2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। आलेख के अनुसार चीनी इंटरनेट पर प्रधानमंत्री मोदी को एक असामान्य उपनाम 'मोदी लाओक्सियन' से पुकारा जाता है। लाओक्सियन का संदर्भ कुछ विशेष क्षमताओं वाले एक बुजुर्ग अमर व्यक्ति से है।

उपनाम के अनुसार चीन में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोग सोचते हैं कि अन्य नेताओं की तुलना में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ भिन्न हैं। म्यू ने कहा कि मैं करीब 20 साल से अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कर रहा हूं और चीनी नेटिजेन (इंटरनेट उपयोगकर्ता) के लिए किसी विदेशी नेता को उपनाम देना दुर्लभ है। मोदी का उपनाम अन्य सभी से ऊपर है। निश्चित रूप से उन्होंने चीनी जनमत पर एक छाप छोड़ी है। पिछले दिनों इटली की प्रधानमंत्री और ईरान के राजदूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ ( शेष पेज 9 )

# प्रेमी को तमंचा चलाना सिखाकर पति की कराई हत्या

## गाजियाबाद में कथित आत्महत्या मामले में डेढ़ महीने बाद पुलिस ने किया खुलासा, महिला और उसका प्रेमी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के नंदग्राम इलाके में 2 मार्च को हुए कपिल सुसाइड केस का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कपिल ने गोली मारकर सुसाइड नहीं किया थाए बल्कि उसकी हत्या की गई थी। ये मर्डर उसकी पत्नी ने प्रेमी के हाथों से कराया था। उसके बाद पुलिस को उसके सुसाइड की झूठी कहानी सुना दी थी। जांच में ये झूठ टिक नहीं पाया। रविवार को पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है।

कपिल कुमार 42 मेरठ के फलावदा कस्बा का रहने वाला था। वह वर्तमान में गाजियाबाद के नंदग्राम ई-ब्लॉक में परिवार के साथ कुंदन रावत के मकान में किराए पर रहता था। वह पिकअप वाहन चलाता था। 3 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि कपिल ने कनपटी में गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। इस मामले में परिजन ने मकान मालिक के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की शिकायत की थी। आरोप ये लगाया था कि आर्थिक तंगी के चलते कपिल मकान का किराया नहीं दे पा रहा था। इसे लेकर वो तनाव में था। जिसके चलते उसने गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। आलोक दुबे ने बताया, शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें पता चला कि कनपटी में गोली बाईं तरफ से घुसकर दाईं तरफ पार हुई है। जबकि कपिल राइड हैंडर था। यानि कपिल अगर सुसाइड करता तो गोली दाईं तरफ से घुसकर बाईं तरफ से पार होती। इस तरह से पुलिस को ये सुसाइड संदिग्ध प्रतीत हुआ और आगे की जांच-पड़ताल शुरू की गई। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी शिवानी उर्फसीमा 37 ने ही अपने बॉयफ्रेंड अंकुश प्रजापति 33 संग मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।


पति की हत्या की मामले में आरोपी पत्नी अपने प्रेमी संग गिरफ्तार।

कड़ाई से पूछताछ हुई तो दोनों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। अंकुश ने बताया, वो कपिल के घर के पास ही मोबाइल रिपेयरिंग की शॉप चलाता है। यहां शिवानी उर्फ सीमा अक्सर मोबाइल रिचार्ज कराने आती थी। यहीं से दोनों में बातचीत शुरू हुई और प्रेम-प्रसंग हो गए। इसके बाद दोनों ने कपिल को रास्ते से हटाने की प्लानिंग बनाई।

शिवानी ने ही बॉयफ्रेंड को बताया कि उसका पति घर पर एक तमंचा रखता है। इतना ही नहीं, शिवानी ने ही बॉयफ्रेंड को तमंचा चलाना सिखाया। 2 मार्च की रात शिवानी ने दूध में नशे की गोलियां मिलाकर पति को सुला दिया। इसके बाद शिवानी ने फोन करके बॉयफ्रेंड अंकुश को घर पर बुलाया। अंकुश ने सोते हुए कपिल की कनपटी में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और फिर अपने घर चला गया। अगली सुबह शिवानी ने सबको पति के खुदकुशी करने की कहानी सुना दी। पुलिस ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त तमंचा बरामद करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस की गिरफ्त में इनामी बदमाश।

### इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह के 10000 रूपये के ईनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1 तमंचा व 2 कारतूस बरामद किए है। पकड़ा गया आरोपी गिरोह बनाकर बंद पड़े मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करता था। इस पर आधा दर्जन से ज्यादा चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। दरसअल बीटा 2 पुलिस ने मुखबिर के सूचना के शनिवार रात को हौंडा चौक से साजिद खान के शातिर चोर को गिरफ्तार किया। साजिद मूल रूप से फर्रुखाबाद का रहने वाला है। यह अपने घरों के साथ चोरी की वारदातों को अंजाम देता था, इसके गिरोह के दो साथी पहले ही जेल जा चुके हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया साजिद खान शातिर किस्म का चोर है, जिनका एक गिरोह है। जिसमें अनुज कुमार पुत्र देव सिह निवासी नगला जयलाल थाना मुहमदाबाद जिला फर्रूखाबाद गैंग लीडर व अनूप कुमार पुत्र देव सिह निवासी नंगला जयलाल थाना मुहमदाबाद जिला फरूखाबाद व साजिद गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं।

### गुलमोहर ग्रीन सोसाइटी में लिफ्ट में लगी आग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के मोहन नगर की गुलमोहर ग्रीन सोसाइटी की लिफ्ट में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि आग लगने के दौरान लिफ्ट में कोई मौजूद नहीं था। सुरक्षा गार्डों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहींए सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने कुछ देर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। अबतक आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### रजिस्ट्री की मांग को लेकर खरीदारों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के एक मूर्ति गोल चक्कर पर घर खरीदारों ने रविवार को जमकर प्रदर्शन किया। घर खरीदारों का प्रदर्शन लगातार 16वें रविवार को भी जारी रहा। एक मूर्ति पर इकट्ठा होकर घर खरीदारों ने सरकार से घर देने और रजिस्ट्री शुरू करवाने की गुहार लगाई। घर ख़रीदारों ने कहा कि सरकार की अनदेखी ठीक नहीं है। सरकार को आगे आकर हमारी समस्याओं को समझना चाहिए। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने हमने समस्या रख दी है। उनसे उम्मीद है कि वो जल्द घर ख़रीदारों के पक्ष में फैसला लेंगे। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे अनुराग खरे ने कहा कि इंतज़ार बढ़ता ही जा रहा है। पैसे दे चुके हैं बावजूद घर तक नहीं मिल रहा है। इस प्रदर्शन में शामिल अन्य लोगों ने कहा कि कई वर्षों से हम लगातार प्राधिकरण एसरकार और बिल्डरों से वह गुहार चुके हैं, लेकिन उसके बावजूद भी आज तक हमारी रजिस्ट्री नहीं हुई है।

### मुख्य महाप्रबंधक ने गिनाईं पावर स्टेशन की उपलब्धियां

**नोएडा।** एनटीपीसी दादरी में आयोजित मीडिया के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (दादरी) गम्पा ब्रह्माजी राव ने वर्ष 2022-23 के दौरान पावर स्टेशन की उल्लेखनीय उपलब्धियों के विषय में चर्चा की। बी राव ने बताया कि वर्ष 2022-23 में एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा दिये गये उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष में दादरी परियोजना द्वारा समय से पूर्व लक्ष्य हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है। एक जिम्मेदार कारपोरेट के रुप में एनटीपीसी दादरी सामुदायिक आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रति संवेदनशील रहकर हम शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पर प्रशिक्षण तथा छात्रवृत्ति प्रदान करने की दिशा मे अग्रणी है। उन्होंने कहा कि रोजगार परक प्रशिक्षण के तहत हम लोग आईटीआई, सीआईडीसी द्वारा रोजगार प्रदान करने के लिए आवास प्रशिक्षण, बालिका सशक्तिरण मिशन, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की आपूर्ति, दिव्यांगों एवं महिलाओं के सशक्तिरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे है।

## कुत्ते को बाइक में बांधकर ढाई किमी तक घसीटा

- सिर पर ईंट मारकर किया था बेहोश, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया पर एक कुत्ते को बाइक से बांधकर घसीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। गाजियाबाद में एक व्यक्ति ने स्ट्रीट डॉग के पैर में रस्सी बांध दिया। इसके बाद कुत्ते को बाइक में बांधकर करीब ढाई किलोमीटर तक घसीटा है। वीडियो सामने आने के बाद आरोपित की पहचान गिरफ्तार कर लिया गया है।

बाइक पर रस्सी से बांधकर कुत्ते को लेकर व्यक्ति को लोगों ने रास्ते में पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। साथ ही लोगों ने कुत्ते को छुड़ाकर इलाज के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, व्यक्ति ने कुत्ते के सिर पर ईंट मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद व्यक्ति ने कुत्ते को रस्सी से बाइक में बांधकर घसीटा। एसीपी कोतवाली ने कहा कि 19 मार्च को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा एक कुत्ते को बाइक के पीछे बाँध कर घसीटते हुए ले जाया जा रहा है। व्यक्ति की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नोएडा में मिले मानव अंग मामले के दिल्ली से जुड़े तार

## सराय काले खां में रैपिड मेट्रो कंस्ट्रक्शन साइट के पास मिले शव के टुकड़े, पोस्टमार्टम के दौरान होगी वीडियोग्राफी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मानव अंग मिलने के मामले में ट्रांस जेंडर के एंगल से भी जांच प्रारंभ होने के बाद अब इसमें दिल्ली कनेक्शन भी जुड़ गया है। शनिवार को दिल्ली के सराय काले खां में रैपिड मेट्रो कंस्ट्रक्शन साइट के पास शव के टुकड़े मिले हैं।

स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक टीम इस बात की जानकारी कर रही है अंग महिला का है यहा पुरुष का। बीते दिनों नोएडा में मिले मानव अंग को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। बीते बृहस्पतिवार को फेज वन कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर आठ स्थित फर्नीचर फैक्ट्री के बाहर नाले में मानव अंग मिला था। स्थानीय लोगों के मुताबिक पालिथिन में मानव अंग में



दो पैर, एक हाथ के अलावा कुछ लोथड़े भी थे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में शनिवार को पालिथिन में महिला के शव टुकड़े मिलने की सूचना मिलते ही नोएडा से एक टीम घटनास्थल पहुंच गई। दोनों में घटनाक्रम काफी मिलता जुलता है। इस मामले को लेकर नोएडा पुलिस दिल्ली पुलिस के संपर्क में हैं। दोनों जगह के अधिकारी भी हर अपडेट एक दूसरे से साझा कर रहे हैं। इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि नोएडा में मानव अंग के जो टुकड़े मिले थे उसका कोई कनेक्शन दिल्ली में मिले मानव अंग से तो नहीं है।

नोएडा पुलिस इस बात की जानकारी कर रही है कि दिल्ली में मिले मानव अंग में शरीर के कौन-कौन से टुकड़े हैं। एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि दिल्ली में मानव अंग मिलने की सूचना मिलते ही नोएडा पुलिस की एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। इसके अलावा शनिवार को सेक्टर आठ स्थित नाले के पास एक किलोमीटर के अंदर लगे उन सात सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी खंगाला गया जो प्रारंभिक चरण में छूट गए थे। अभी तक कोई भी ठोस सबूत पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि मानव अंग के पोस्टमार्टम के बाद उसका डीएनए टेस्ट कराने की भी तैयारी चल रही है। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। डीएनए टेस्ट भविष्य में होगा, इसके लिए अंग का कुछ हिस्सा सुरक्षित रखा जाएगा। मामले को लेकर पुलिस की टीम हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है। नोएडा के हर कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों महिलाओं की कितनी गुमशुदगी दर्ज हुई, पुलिस ने यह जानकारी सभी कोतवाली प्रभारी से मांगी है। दर्ज हुई गुमशुदगी के मामले में शिकायतकर्ता से भी संपर्क किया जा रहा है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर भिड़ीं दो कारें

- दो बच्चों सहित आठ लोग हुए घायल


**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार की देर रात दो कारें टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में दो बच्चों सहित 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

पुलिस ने सड़क हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर रात ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर दो कारों की टक्कर हो गईए जिसमें दो बच्चों सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के कारणों का पता



लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। घायलों की पहचान ओम प्रकाश गोयल, उनकी पत्नी लता देवी गोयल, प्रशांत गोयल, पंकज गोयल, उनकी पत्नी शालू गोयल और मुकेश सैनी के रूप में हुई है, जिनमें दो बच्चे रौनक और रिद्धि के रूप में हुई है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा राजीव दीक्षित ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार दूसरे से टकरा गई, जिससे दोनों वाहन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जिसमें एक सड़क पर पलट गया। हादसे के कारण एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक जाम हो गया और पुलिस को क्रेन की मदद से दोनों कारों को हटवाया।

# एनएच-9 पर एक अप्रैल से प्रतिबंधित होंगे ई-रिक्शा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

एनएच-9 पर होने वाले सड़क हादसों के चलते अब एक अप्रैल से ई-रिक्शा को एक्सप्रेसवे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा।

यातायात पुलिस ने एनएच-9 पर ई-रिक्शा चढ़ने वाले 7 प्वाइंट चिह्नित कर लिए हैं। इन सभी प्वाइंट्स पर एक अप्रैल से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। एक्सप्रेस वे पर चढ़ने वाले ई.रिक्शा चालकों को पूरी तरह से रोका जाएगा। यदि इसके बाद भी एनएच-9 पर ई-रिक्शा चलते हुए पाए गए तो इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि एनएच-9 पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ये फैसला लिया गया है। यह कदम आम लोगों की सुरक्षा हेतु उठाया गया हैए ताकि हादसों पर रोक लगाई जा सके।

सुरक्षा और हादसों की रोकथाम हेतु मोटर यान नियमावली-1998 के अन्तर्गत ई-रिक्शा का संचालन एनएच-9 पर दिनांक एक अप्रैल से पूरी तरह से ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।

## फॉर्च्यूनर से चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने लग्जरी गाड़ियां चुराने वाला गैंग पकड़ा है। 4 लोगों का ये गैंग फॉर्च्यूनर में बैठकर लग्जरी गाड़ियां चोरी करने निकलता था, ताकि उन पर किसी को शक न हो। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं।
पकड़े गए आरोपियों के नाम वाहिद, राजेश शर्मा उर्फ पंडित, शौकीन और महावीर प्रसाद हैं।

निपुण अग्रवाल ने बताया पिछले दिनों विजय नगर थाना क्षेत्र में फॉर्च्यूनर चोरी का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने जब फुटेज देखे तो उसमें कुछ सुराग मिले।

# नोएडा मीडिया सेल की टीम को मिलेगा इनाम

- इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर आत्महत्या की कोशिश करने वाले को पुलिस ने बचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर आत्महत्या की सूचना देने वाले युवक की जान बचाने वाली दनकौर थाना पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि युवक की जान बचाने वाली पुलिस टीम को इनाम दिया जाएगा।

आपको बता दें कि शनिवार को दनकौर थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी और लिखा था कि आज वह खत्म हो जाएगा। जिस पर इंस्टाग्राम सोशल मीडिया नेटवर्क द्वारा एक अलर्ट डीजीपी मुख्यालय मीडिया सेल को भेजा गया, जहां से उपरोक्त जानकारी गौतमबुद्ध नगर पुलिस को साझा की गई। गौतमबुद्ध नगर मीडिया सेल ने इसकी जानकारी थाना दनकौर पुलिस को दी। जिसके बाद दनकौर पुलिस तुरंत ही युवक के घर पहुंची और युवक को समझा बुझाकर उसके कमरे से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने युवक की काउंसलिंग करके उसकी जान बचाई।

बाद में पता चला कि पत्नी से विवाद के कारण युवक आत्महत्या करना चाहता था। गौतमबुद्ध नगर मीडिया सेल और दनकौर पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने न केवल खुशी जाहिर की है, युवक की जान बचाने वाली टीम की सराहना भी की है। उन्होंने घोषणा की है कि युवक की जान बचाने वाली टीम को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**Public Notice**

To be known to all that I, Shri Naresh Singhal son of Shri. L. M Singhal resident of A-66,Vivek Vihar,Phase -1, Delhi- 110095 owner (Mutatee) of Commercial Plot no 8, situated at Shopping Centre no 1, Jhilmil Tahirpur Phase-1, Delhi-110092 has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application no LD27350CL/CON/02032023 dated 02.03.2023 in DDA. That the original documents i.e. Demand cum Allotment Letter, Posession Letter, Site possession Slip and Completion Certificate of the above property have been lost, A FIR dated 18.03.2023 bearing LR no 253458/2023 against this effect has been lodged at Crime Branch Delhi. Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/ phone No. 7838889766 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (CL), A-Block, 1st Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-23.

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट-IV-A

नियम 8( 6 ) के परन्तुक को देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ( ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक ) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या एवं ऋणी/ सह-ऋणी/ बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम | 13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं भौतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि | सम्पत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में) | ई-नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोलि और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान, निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या: (2121244634647791) मैसर्स शेर सिंह नवीन कुमार एण्ड कम्पनी जरिए प्रॉपराइटर श्री नवीन कुमार (ऋणी) श्री नवीन कुमार पुत्र श्री शेर सिंह सैनी (जमानतदार) श्रीमती कविता पत्नी श्री नवीन कुमार (जमानतदार/ बंधककर्ता) | 13(2) मांग सूचना दिनांक 9 जून, 2022 (ऋण खाता संख्या 2121244634647791) ₹ 1,23,81,953.25/- ( रू. एक करोड़ तेइस लाख इक्यासी हजार नो सौ तरेपन व पच्चीस पैसा मात्र ) दिनांक 04 जून 2022 तक **भौतिक कब्जा दिनांक 19 नवम्बर 2022 को किया गया।** (ऋण खाता संख्या 2121244634647791) ₹ 1,39,43,436/- ( रू. एक करोड उनचालीस लाख तैंयालीस हजार चार सौ छत्तीस मात्र ) दिनांक 14 मार्च 2023 तक भविष्य का ब्याज व खर्च अतिरिक्त | संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर बिना छत अधिकार के (कथित फ्लोर) निर्मित सम्पत्ति बियरिंग नं. ए-169, ब्लॉक ए, **क्षेत्रफल 180.00 वर्ग गज,** खसरा नं. 6/2 के बाहर स्थित बोहरा कॉलोनी का क्षेत्र अब मजलिस पार्ग के रूप में ज्ञात, दिल्ली 110033, ज ो कि **श्रीमती कविता पत्नी श्री नवीन कुमार** के स्वामित्व में है। पूर्व - सम्पत्ति नं. ए-168 पश्चिम - सम्पत्ति नं. ए-170 उत्तर - 25 फीट रोट दक्षिण - लेन 10 फीट **(कुल निर्मित ग्रउण्ड फ्लोर क्षेत्र 1620.00 वर्गफीट)** | आरक्षित मूल्य : रू. 95,00,000/- (रु. पिच्यानबे लाख मात्र) ईएमडी : रू. 9,50,000/- (रु. नों लाख पचास हजार मात्र) बिड इंक्रीमेंटल राशि : रू. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र) | 26 अप्रैल 2023 दोपहर 2:00 बजे से सायं 04:00 बजे (5 मिनट के असिमित विस्तार के साथ) बोलि प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि : 25 अप्रैल 2023 को सायं 6 बजे तक **एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड,** एयू बैंक शाखा कार्यालय : ए8, प्रतापगंज रोड, प्रियदर्शिनी विहार, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली, दिल्ली 110092 ई-मेल : rakesh.jain1@aubank.in निरीक्षण दिनांक : 19-20 अप्रैल 2023 |

सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि नियम एवं शर्तों की अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net व https://www.aubank.in/bank-auction पर जाएँ। ई-निलामी की बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए श्री राकेश जैन से सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है, मो. नं. 9116181827 व ई-मेल rakesh.jain1@aubank.in

यह सुरक्षा ब्याज ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के तहत एक वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस भी है।
ऋणी व बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस है।

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें -**
1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा'' जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और '' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसंपत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। 2. ऑनलाइन ई-नीलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कंपनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूसन, पते का प्रमाण पत्र ईएमडी के साथ, जो आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK Limited पांचवीं एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नंबर 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, IFSC कोड: AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी rakesh.jain1@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस / एनईएफटी की यूटीआर / रेफरेन्स नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों / बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री राकेश जैन से संपर्क करें : 9116181827 और ई-मेल rakesh.jain1@aubank.in

**स्थान: दिल्ली** **दिनांक: 18 मार्च 2023** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# साइकिल चलाकर स्वस्थ रहने का दिया संदेश

- नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने साइक्लोथान को दिखाई हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एचसीएल फाउंडेशन की ओर से रविवार सुबह पांच बजे साइक्लोथान का आयोजन किया गया। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगल और पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने साइक्लोथान को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

साइक्लोथान में भाग लेने वाले लोगों ने साइकिल चलाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। साइक्लोथान का आयोजन सेक्टर-18 मल्टीलेवल कार पार्किंग से शुरु होकर एलिवेटेड




रैली को हरी झंडी दिखाती नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

रोड होते हुए सेक्टर-60 होते हुए मल्टी लेवल कार पार्किंग पर समाप्त हुई। इसमें सैकड़ों की संख्या में साइकिलिस्ट ने भाग लिया। ट्रैफिक के मद्देनजर रविवार सुबह पांच बजे से दस बजे तक एलिवेटेड रोड पर डायवर्जन लागू रहा। वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी होने वाली रूट डायवर्जन का पालन कर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा। एलिवेटेड रोड पर चढ़ने वाले सभी लूप को बैरिकेड लगाकर पहले ही बंद किया गया था। यातायात सुरक्षा के मद्देनजर 150 से अधिक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। साइक्लोथान में प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# रोहिणी में निजी स्कूलों जैसी सुविधाओं वाला एसओएसई शुरू

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किया उद्घाटन, शहर में अब हुए 37 डॉ. आंबेडकर स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को रोहिणी सेक्टर 18 में एक और बी आर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का लोकार्पण किया। इसके साथ ही राजधानी में एक्सीलेंस स्कूलों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है।

इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रोहिणी का यह स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल देश के बेहतरीन स्कूलों में से एक है। इसमें उपलब्ध सुविधाएं आधारभूत संरचना नामी प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर है।


लोकापर्ण के दौरन सीएम केजरीवाल और शिक्षा मेंत्री आतिशी। फोटो: रंजन डिमरी

उन्होंने कहा कि एक ऐसा समय भी जब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे यह बताने में संकोच करते थे कि वे कहां पढ़ते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं है, अब वे गर्व के साथ कहते हैं कि हम सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह बहुत ही शानदार और आलीशान स्कूल बना है। यह स्कूल शायद पूरे देश में सबसे सर्वश्रेष्ठ स्कूल कहा जा सकता है, जिसमें सरकारी ही नहीं बल्कि प्राइवेट स्कूल भी शामिल हैं। केजरीवाल ने कहा कि स्कूल ऑफ स्पेशलाइज एक्सीलेंस (एसओएसई) एक नए किस्म का प्रयोग था जो बहुत ही सफल रहा। इन स्कूलों में बच्चों को स्पेशल सब्जेक्ट्स के अंदर 9वीं कक्षा से ही तैयार करना शुरू कर दिया जाता है। बच्चे साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग व मैथमेटिक्स (स्टेम) की पढ़ाई के साथ 21वीं सदी की स्किल्स की विशेषज्ञता हासिल करेंगे। अभी तक दिल्ली में ऐसे 37 स्पेशलाइज्ड स्कूल बनाए गए हैं। इस स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए लगभग 4400 सीटों पर प्रवेश पाने के लिए 92 हजार छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया हैं। विरोध करने वालों के बच्चों को भी पढ़ाएंगे

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल के बाहर कुछ लोग मुझे विरोध करते दिखे। मेरा उन लोगों से यही कहना है कि हम आपके बच्चों को भी यहीं इसी स्कूल में पढ़ाएंगे।

यह किसी पार्टी का स्कूल नहीं है। सीएम ने स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों से अपील की कि जब भी विरोध करने वाले लोग अपने बच्चों का दाखिला कराने स्कूल में आएं, तो उनका फूलों से स्वागत करें और उनके बच्चों का दाखिला जरूर लें। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी, डिप्टी स्पीकर राखी बिडलान समेत शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### हर बच्चे को अच्छी शिक्षा का सपना : आतिशी

**शिक्षा मंत्री आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के स्कूलों को शानदार बनाया जा रहा है। सीएम अरविंद केजरीवाल का एक ही सपना है कि जैसी शिक्षा उन्होंने अपने बच्चों को दिलाई, वैसे ही शिक्षा देश और दिल्ली के हर बच्चे को मिलनी चाहिए। हमे गर्व है कि पिछले 8 सालों में हमारी सरकार ने गंभीरता से बच्चों के बेहतरीन भविष्य के लिए काम किया है।**

### पूरी बिल्डिंग में 127 कमरें

रोहिणी सेक्टर-18 में बना स्कूल आंतरिक जल आपूर्ति, स्वच्छता प्रतिष्ठानों, आंतरिक विद्युत स्थापना, एसटीपी, फर्नीचर, आरडब्ल्यूएचएस आदि आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह स्कूल करीब 8631 वर्ग मीटर में फैला है और पूरी बिल्डिंग में 127 रूम हैं। जिसमे -50 क्लास रूम, 10 लैब्स, 2 लाइब्रेरी, एक मल्टी परपज हॉल, 15 अधिकारी और स्टाफ रूम, 30 शौचालय, 6 सीढ़ी, 1 लिफ्ट है।

### सौ में से सौ नंबर लेकर बाहर आएंगे सिसोदिया : केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भगवान राजा हरिश्चंद्र की तरह से मनीष सिसोदिया की भी परीक्षा ले रहे हैं। मुझे विश्वास है कि मनीष सिसोदिया 100 में से 100 नंबर लाकर पास होंगे। बहुत जल्द वापस आपके साथ काम करेंगे। सीएम ने बच्चों से मनीष अंकल के स्वास्थ्य और भले के लिए जरूर प्रार्थना करने की अपील की।

### बजट : स्वास्थ्य और शिक्षा में हो सकता है सबसे ज्यादा आवंटन

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल सरकार वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सबसे ज्यादा राशि आवंटित कर सकती है।

वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए सबसे ज्यादा 16,278 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, जो इससे पिछले साल के 16,377 करोड़ रुपए से कुछ कम थे। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र को 2022-23 में 9,769 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, जबकि पिछले साल 9,934 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे।

बजट में दिल्ली के सरकारी स्कूलों के सभी नियमित, आमंत्रित और अनुबंधित शिक्षकों, उप प्रधानाचार्यों और प्रधानाचार्यों को नए टैबलेट उपलब्ध कराए जा सकते हैं। दिल्ली सरकार का 2023-24 का बजट 80,000 करोड़ का हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष में बजट 75,800 करोड़ रुपए ही था।

# किसान महापंचायत : दो हजार सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात

- यातायात पुलिस ने आम लोगों के लिए जारी की एडवाइजरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस सोमवार को रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत के लिए करीब दो हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात करेगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विस्तृत सुरक्षा तैयारी की गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हम कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दो हजार से अधिक जवानों को तैनात करेंगे।

उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मी भीड़ प्रबंधन के लिए तैनात किए जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कोई अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो। दिल्ली यातायात पुलिस ने जारी प्राथमिकी में कहा कि करीब 15 से 20 हजार लोगों के महापंचायत में हिस्सा लेने की संभावना है। लोगों के रविवार रात से ही रामलीला मैदान पहुंचने की संभावना है।

### मांगों को लेकर आज दिल्ली में जुटेंगे किसान


प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते किसान नेता।

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने रविवार को कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में 20 मार्च को होने वाली किसान महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए पूरे देश से लाखों किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए कूच किया है। विभिन्न किसान संगठनों के संयुक्त मंच एसकेएम ने पिछले महीने बताया था कि किसान महापंचायत कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी को लेकर दबाव बनाने के लिए बुलाई गई है। देश भर के लाखों किसान 20 मार्च को दिल्ली में होने वाले किसान महापंचायत में हिस्सा लेने आ रहे हैं।

### व्यापारियों को जल्द राहत दे सकते हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जल्द लोकल शॉपिंग सेंटर में एमसीडी की तरफ से लगाए जाने वाले अवैध कन्वर्जन और पार्किंग शुल्क पर व्यापारियों को जल्द राहत दे सकते हैं। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री से व्यापारियों की मुलाकात में अवैध कन्वर्जन और पार्किंग शुल्क न देने पर सील पांच सौ दुकानों का मुद्दा उठाने के दावा किया जा रहा है।

केजरीवाल ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया है और कहा कि हम आपके साथ हैं, जल्द ही कोई रास्ता निकालेंगे। लोकल शापिंग सेंटर फेडरेशन के तत्वावधान में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिला था। यह फेडरेशन 106 मार्केट एसोशिएशन का प्रतिनिधित्व करता है।

# महिला को पीटने के आरोपी की कार तक पहुंची पुलिस

- मंगोलपुरी फ्लाईओवर के पास हुई घटना, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिख रही उस कार का पता लगा लिया है जिसमें एक व्यक्ति एक महिला को पीट रहा है और उसे कार में बैठने के लिए मजबूर कर रहा है। इस बीच, दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने वीडियो का संज्ञान लिया और दोनों व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात करीब पौने नौ बजे बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी फ्लाईओवर के पास हुई। घटना का वीडियो सोशल



मीडिया पर वायरल है। पुलिस ने बताया कि वीडियो में दिख रही कार हरियाणा में पंजीकृत है। कार गुड़गांव के रतन विहार इलाके की है, जहां घटना के संबंध में पुलिस की एक टीम भेजी गई थी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार और उसके चालक का पता लगा लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार को दो पुरुषों और एक महिला ने उबेर (कैब बुकिंग सर्विस देने वाली एप) के माध्यम से रोहिणी से विकासपुरी के लिए बुक किया था। जिसके बाद रास्ते में तीनों में विवाद हो गया। अधिकारी ने बताया, वीडियो में दिख रहा है कि लड़का, लड़की को जबरन कार के अंदर धकेल रहा है।

ऐसा तब हुआ जब लड़की झगड़े के बाद बाहर जाना चाहती थी। आगे की जांच जारी है।

# ओलावृष्टि के चलते लुढ़का पारा, आज भी होगी बारिश



- एक्यूआई रविवार में मध्यम श्रेणी (170) में दर्ज किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के कुछ हिस्सों में रविवार को ओलावृष्टि हुई, जिससे अधिकतम तापमान मौसम के औसत से तीन डिग्री कम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वहीं बारिश व ओलावृष्टि के बीच दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रविवार शाम छह बजे के करीब मध्यम श्रेणी (170) में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी ने बताया कि पालम, चिलपीघाट और आयानगर सहित राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में ओलावृष्टि की सूचना मिली है।

आईएमडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सापेक्ष आर्द्रता 96 प्रतिशत और 66 प्रतिशत के बीच रही। मौसम विभाग ने सोमवार को आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ आंधी, ओलावृष्टि और हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 26 और 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण क्षेत्र में बारिश और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि हो रही है। उन्होंने कहा कि एक और पश्चिमी विक्षोभ रविवार से क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू कर देगा। 21 मार्च तक उत्तर पश्चिम भारत में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी। श्रीवास्तव ने कहा, बारिश के 20 मार्च को चरम पर होने की भविष्यवाणी की गई है। बारिश पारे को नियंत्रण में रखेगी। सोमवार को दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की भविष्यवाणी की गई है। आईएमडी ने चेतावनी दी कि तेज हवाओं और ओलावृष्टि से वृक्षारोपण, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है।

# छात्रों की फीस लौटाने को डीयू से 17 करोड़ मिले

- यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, 13,611 छात्रों की फीस लौटाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से करीब 17 करोड़ रुपए सहित देशभर के विश्वविद्यालयों से लगभग 30 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं जिसका इस्तेमाल 2022-23 अकादमिक सत्र के दौरान दाखिला रद्द कराने या विश्वविद्यालय बदलने वाले छात्रों की फीस वापस करने के लिए किया जाएगा।

यूजीसी अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने एक साक्षात्कार में यह आंकड़ा साझा करते हुए बताया कि डीयू ने 13,611 छात्रों की फीस लौटाई है जो कि 16.95 करोड़ रुपए है। जबकि यूजीसी को



देशभर के विश्वविद्यालयों के 14,443 छात्रों के लिए 29.10 करोड़ रुपए मिले हैं।

कुमार ने कहा, बड़ी संख्या में छात्र आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्हें बेहतर विश्वविद्यालय में दाखिला लेने की आजादी होनी चाहिए लेकिन जब तक उन्हें पहले के विश्वविद्यालय से फीस वापस नहीं मिल जाती तब तक वह ऐसा नहीं कर पाते होंगे। उन्होंने कहा कि हमें छात्रों से बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं और उसके आधार पर हमने विश्वविद्यालयों से बात की तथा यह सुनिश्चित किया कि फीस वापस की जाए।

जाहिर तौर पर कई ऐसे विश्वविद्यालय हैं जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों के मुताबिक खुद ही फीस वापस कर देते हैं लेकिन कई विश्वविद्यालयों के मामले में हमें हस्तक्षेप करना पड़ता है और अत: 12.14 करोड़ रुपए 832 छात्रों को वापस किए गए जिन्होंने केंद्रीय, राज्य, निजी या डीम्ड विश्वविद्यालयों में दाखिले लिए थे। यूजीसी ने पहले कहा था कि 31 अक्टूबर 2022 तक दाखिला रद्द कराने या अन्य विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की पूरी फीस वापस की जाए। इस तिथि के बाद 31 दिसंबर 2022 तक संस्थानों से कहा गया कि वे फीस में से 1,000 रुपए से ज्यादा की राशि नहीं काट सकते।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश को लेकर नीदरलैंड से साइक्लोथॉन रैली

**नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश को लेकर साइक्लोथॉन रैली को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को चाणक्युपरी में नीदरलैंड दूतावास से जी-20 साइक्लिंग फॉर लाइफ (जीवन के लिए साइक्लिंग)साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपराज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेश देने को लेकर साइक्लोथॉन में विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। साइकिल चलाने से स्वस्थ भविष्य बनेगा। लोग साइकिल चलाना शुरू करते हैं, तो सुरक्षित सड़क सुनिश्चित करना और स्थान पर अधिकार का सम्मान करना सभी पर निर्भर हो जाता है।



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विभिन्न देशों के राजनयिकों के साथ दिखाई रैली को दिखाई हरी झंडी।

## संक्षिप्त समाचार


36वें स्थापना दिवस पर जलशक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल व अन्य।

### इंदिरा गांधी कला केंद्र स्थापना दिवस शुरू

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के 36वें स्थापना दिवस का शुभारंभ रविवार को जलशक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत महेंद्र चौधरी के फोटोग्राफ प्रदर्शनी चित्रांजलि से हुई। इसके बाद देश की पहली महिला बैंड जानकी रमण बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एक आईजीएनसीए द्वारा आयोजित कॉफी टेबल बुक और कैलेंडर का लोकार्पण भी राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। शाम को जेएन कल्चरल सेंटर, मॉस्को की पूर्व निदेशक उषा आर.के. द्वारा अभिकल्पित नृत्य प्रस्तुति दिव्य विवाह का मंचन हुआ।

### जलबोर्ड के दो पूर्व अफसरों को तीन साल की सजा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के दो पूर्व अधिकारियों को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश अश्विनी कुमार सर्पाल ने राज कुमार शर्मा और रमेश चंद चतुर्वेदी के खिलाफ मामले की सुनवाई की, जिन्हें दिसंबर 2012 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने डीजेबी से लगभग 47.76 लाख रुपए की हेराफेरी के लिए क्रमश: पांच साल और चार साल कैद की सजा सुनाई थी। दोनों के खिलाफ ईडी ने दिसंबर 2009 में मामला दर्ज किया था।

### खतरनाक कुत्तों से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज की सिंधी बस्ती में एक पशु अधिकार कार्यकर्ता ने आवारा कुत्तों और उनके व्यवहार को लेकर रविवार को एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें जानवरों के प्रति व्यवहार और हिंसक कुत्तों से बचाव के बारे में बताया गया। इसी इलाके में कथित रूप से कुत्तों के हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। नोएडा स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स (एचएसए) के संस्थापक संजय महापात्रा ने कहा कि दो घंटे के कार्यक्रम में करीब 100 लोगों ने हिस्सा लिया और उन्होंने आवारा कुत्तों को लेकर अपने डर के बारे में बात की।कार्यक्रम आयोजित करने वाले महापात्रा ने दावा किया कि इलाके में दो बच्चों की मौत के बाद से अन्य बच्चों के माता-पिता डरे हुए हैं और वे उन्हें अकेले घर से बाहर नहीं जाने दे रहे हैं।

### एम्स के आसपास वायु प्रदूषण की जांच करेगी समिति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में और इसके आसपास गंभीर वायु प्रदूषण के आरोपों को सत्यापित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। एनजीटी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें दावा किया गया है कि वायु प्रदूषण इनडोर के साथ-साथ बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) के मरीजों, चिकित्सकों और एम्स-दिल्ली के अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि वैधानिक और प्रशासनिक अधिकारी एम्स के आसपास वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में विफल रहे हैं।




# विश्व गौरैया दिवस : थोड़ी सी कोशिश से फिर चहकने लगेंगी चिड़िया

## संरक्षण प्रयासों से राजधानी में गौरैया की वापसी की उम्मीदें बढ़ीं, पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने घोषित किया था राज्य पक्षी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

घरों के आंगन में चहकने और फुदकने वाली नन्हीं सी चिड़िया गौरेया को थोड़ी सी कोशिश से एकबार फिर वापस लाया जा सकता है। पक्षी विशेषज्ञों ने संरक्षण प्रयासों के बाद उम्मीद जताई है कि काले, भूरे और सफेद पंखों वाली छोटी सी चिड़िया एवं अपनी खास चहचाहट के लिए पहचाने जानी वाली गौरैया फिर से अधिक संख्या में राष्ट्रीय राजधानी में नजर आने लगेंगी।

वर्ष 2012 के आसपास गौरैया दिल्ली के शहरी इलाकों से लुप्त होने लगी थी, जिसके चलते शहर की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने इसे राज्य चिड़िया घोषित किया और इनके संरक्षण के लिए कई प्रयासों की शुरुआत की गई। तब से 11 साल बाद, गौरैया एक बार फिर लोगों को दिखाई देने लगी हैं, जो पेड़ों के आसपास उड़ रही हैं, जहां-तहां बैठी हैं और एक खिड़की से दूसरी खिड़की पर फुदक रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी में इस चिड़िया की बढ़ती संख्या के बावजूद विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि शहर में गौरैया अधिक से अधिक संख्या में नजर आए, इसके लिए काफी प्रयास किए जाने की आवश्यकता है और इसमें कई अड़चने भी हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के सेवानिवृत्त प्राणी विज्ञानी सूर्य प्रकाश ने कहा कि वर्ष 2012 के बाद से गौरैया की संख्या में काफी सुधार हुआ है, जिसका मुख्य कारण लोगों की भागीदारी और जागरूकता है। हालांकि, आधुनिक जीवन शैली और बढ़ता बुनियादी ढांचा घरेलू गौरैया के अनुकूल नहीं हैं। इसलिए, गौरेया अधिकतर पुरानी दिल्ली, जेएनयू परिसर और वन क्षेत्रों में ही नजर आती हैं। उन्होंने कहा कि बिना बालकनी एवं खिड़कियों वाली इमारतें, गौरैया के लिए घोंसले बनाने के अनुकूल स्थान, कीड़ों को खत्म करने के लिए कीटनाशकों का उपयोग और पौधारोपण की कमी गौरैया के गायब होने



के कुछ प्रमुख कारण हैं। वर्ष 2010 में 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत करने वाले नेचर फॉरेस्ट सोसाइटी के मोहम्मद दिलावर ने कहा कि गौरैया के संरक्षण के लिए मानवीय प्रयास आवश्यक हैं।

दिलावर ने कहा कि गौरैया मनुष्य के बिना समृद्ध नहीं हो सकती। उनका घोंसला बनाना और भोजन मनुष्य और उनकी जीवन शैली पर निर्भर करता है। यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि सब कुछ कैसे एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। पौधों की कमी से कीड़ों की संख्या में कमी आई है, जिससे गौरैया के चूजों के लिए पहला भोजन विकल्प हट गया है।

### कीटनाशकों के प्रयोग से बचे

दिलावर ने कहा कि कीटनाशकों के अधिक प्रयोग से प्राकृतिक कीड़े समाप्त हो रहे हैं जो गौरेया का प्रथम आहार था। उन्होंने सभी कीटनाशकों के प्रयोग से बचने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनका संगठन गौरैया के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं और लोगों को पौधों की मूल प्रजातियों को लगाने, कीटनाशकों का उपयोग न करने और अपने घरों के बाहर घोंसले के लिए डिब्बे लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 20 मार्च, 2023



# पुलिस ने गायक एमडी के साथ चलाया साइबर अपराध जागरुकता अभियान

## गुरुग्राम पुलिस ने साइबर अपराध टीम के लिए किया नए विशेष सोशल मीडिया हैंडल का शुभारंभ

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



एंबियंस मॉल में लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक करते सिंगर एमडी।

**भारत** में साइबर अपराध और निजता का उल्लंघन तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर स्पेस से जुड़े जोखिमों, डेटा लीक होने और सोशल मीडिया या ईमेल के माध्यम से गोपनीयता के उल्लंघन को समझना महत्वपूर्ण हो जाता है। गुरुग्राम पुलिस ने इसके लिए एंबियंस मॉल में हरियाणवी गायक एमडी के साथ मिलकर जागरुकता अभियान चलाया। साथ ही साइबर अपराध टीम के लिए नए विशेष सोशल मीडिया हैंडल का शुभारंभ भी किया गया।

अभियान की शुरुआत एसीपी साइबर अपराध प्रियांशु दीवान ने हरियाणवी सिंगर एमडी और साइबर सुरक्षा अधिकारियों के साथ लोगों को जागरुक किया। यहां बताया गया कि इंटरनेट, साइबर कानूनों और जोखिमों के बारे में उपयोगकर्ता जागरूकता की कमी भारत में एक बड़ी चुनौती है। इसलिए साइबर अपराध को रोकने के उद्देश्य से जागरूकता बढ़ाने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने साइबर अपराध टीम के लिए भी अपने नए विशेष सोशल मीडिया हैंडल (ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब) लॉन्च किए हैं। इन हैंडल का उद्देश्य साइबर अपराधों के बारे में लोगों की बुनियादी जानकारी और साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को बढ़ाना है। इन प्लेटफार्म के माध्यम से गुरुग्राम साइबर अपराध पुलिस साइबर सुरक्षा युक्तियां, जागरूकता वीडियो, चित्र और क्रिएटिव साझा करेगी।

साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और साइबर सुरक्षा युक्तियों को साझा करने के लिए प्रसिद्ध हरियाणवी गायक एमडी देसी रॉकस्टार भी साइबर खतरों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और सुरक्षित रहने के सुझावों के लिए पुलिस के इस अभियान का हिस्सा बने। साइबर क्राइम ईस्ट टीम, अस्मिता थिएटर ग्रुप और सीएसओ ने लोगों को सावधानी बरतने और साइबर सुरक्षा के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया।

# पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया के गढ़ में पार्षद के लिए बाली पंडित की दावेदारी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम के चुनाव में वार्ड-19 गुड़गांव गांव से भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी करते हुए बाली पंडित ने हुंकार भर दी है। भाजपा रिटायर्ड प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वे भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विद्यानंद लांबा के मार्गदर्शन व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के साथ मिलकर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं।

वार्ड-19 गुड़गांव गांव पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया का गढ़ माना जाता है। वहां से दावेदारी ठोंककर बाली पंडित ने राजनीति गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। कम और तुला हुआ बोलने वाले बाली पंडित की इस दावेदारी से सुखबीर कटारिया गुट में भी इस बात की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है कि अगर वे चुनाव मैदान में उतरे तो फिर टक्कर कांटे की होगी। बाली पंडित कई वर्षों से बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के राजनीतिक दलों के लिए काम करते आ रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अमित शाह की मौजूदगी में बाली पंडित ने भाजपा ज्वाइन की थी। अमित शाह ने भी उनकी मेहनत के लिए गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में ही उनकी पीठ थपथपाई थी।



बाली पंडित।

# संक्षिप्त समाचार

## सवारी बनकर बैठे नौजवान ऑटो लेकर भागे

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर खड़े ऑटो को सवारी बनकर बैठे दो नौजवान लेकर भाग गए। ऑटो चालक मार्ग से सटे खेत में शौच करने के लिए गया था। भोंडसी थाना पुलिस ने चालक की शिकायत पर अज्ञात ऑटो लेकर भागने वाले दो नौजवानों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बिहार मूल के रोशन ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि वह हाल में शिवाजी नगर गुरुग्राम में रहता है। वह गुरुग्राम निवासी श्रीराम पाठक का ऑटो किराए पर दिन रात चलाता है। 16/17 की रात करीब दो बजे वह गुरुग्राम राजीव चौक पर सवारियां का इंतजार कर रहा था। तभी दो नौजवान युवक उसके पास आए और उन्होंने एलिवेटेड मार्ग पर बना टोल से कुछ आगे जाने के लिए कहा। उसने नौजवान युवकों से किराया तय करने के बाद लेकर चल दिया। टोल प्लाजा पार करने के बाद दोनों नौजवान युवक गांव धुनेला के पास ऑटो से उतर गए। वह ऑटो को सड़क पर खड़ा करके मार्ग के साथ लगते खेत में शौच करने के लिए चला गया। ऑटो के टोल बॉक्स में उसने अपना मोबाइल फोन और 1800 रुपये नकदी भी छोड़ दी थी। उसके खेत में जाने के बाद दोनों नौजवान वापस ऑटो के पास आए और उसके ऑटो को स्टॉर्ट करके ले गए। उस समय रात्रि के ढाई बज रहे थे। जब तक वह खेत में से मार्ग पर वापस आता। तब तक नौजवान उसके ऑटो को लेकर काफी दूर निकल चुके थे। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद ऑटो लेकर फरार हुए नौजवानों तलाश शुरू कर दी है।

## नाबालिग छात्रा से गैंगरेप का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** पुलिस ने 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा से गैंगरेप में संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी पुलिस नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद बाल सुधार गृह और जिला जेल भोंडसी में भेजने में सफल रही है। 18 दिसम्बर 2022 को फुटबाल खिलाड़ी 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप करने के मामले में संलिप्त को सदर थाना पुलिस ने महिला चौकी पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी हरीश सदर थाना के गांव खेड़ला निवासी है। इससे पहले इसी मामले में खेड़ला निवासी ही नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हरीश मामला दर्ज होने के बाद से अपने घर से फरार चल रहा था। पीड़िता छात्रा के पिता ने इसी माह की पांच तारीख को तीनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के तुरन्त बाद कार्रवाई करते हुए तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि नाबालिग छात्रा से गैंगरेप करने के साथ-साथ आरोपियों ने पीड़िता को किसी से शिकायत करने पर बनाई गई अश्लील वीडियो को सोशल मिडिया पर वायरल करने की धमकी दी थी। वीडियो वारयल होने के डर से छात्रा जुल्म को करीब साढे तीन माह तक अपने जहन में दबाए हुए थी। आखिर एक दिन गौरव नामक आरोपी ने वीडियो को पीडिता के मोबाइल पर भेज दी। जिससे पीडिता छात्रा के पिता ने पुलिस को शिकायत करके आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि तीन में से दो आरोपियों को जिला जेल भोंडसी तथा एक आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## निगम चुनावों में सही प्रत्याशी को मेयर चुनें : सुंदर लाल यादव



सेक्टर-79 स्थित मैपस्को माउंट विले आरडब्ल्यूए के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल।

**गुरुग्राम।** सरपंच सुंदर लाल यादव ने सेक्टर-79 स्थित मैपस्को माउंट विले आरडब्ल्यूए के नवनियुक्त अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष ईशवरन, महासचिव रघुनंदन तिवारी, ज्वायंट सेक्रेटरी देवेंद्र सिंगला, कोषाध्यक्ष विनोद को अपने साथियों मैपस्को कासा बेला के प्रधान धर्मबीर यादव, पंकज यादव रामपुरा के साथ शुभकामनाएं दीं और पूरी सोसायटी को साथ लेकर काम करने की अपील की। सरपंच सुंदर लाल यादव ने सोसायटी के सभी गणमान्य लोगों से अपील की कि जल्दी ही मानेसर नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं। सभी निवासी समय से अपने वोट बनवा लें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट होना ही नहीं, वोट डालना बहुत जरूरी है। चुनाव में सही प्रत्याशी को मेयर बनाकर अपने क्षेत्र के विकास का रास्ता तैयार करें। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने विकास के मामले में नंबर-वन पर पहुंचा दिया है। गुरुग्राम में चारों तरफ सड़कों, हाइवे का जाल बिछा दिया गया है। कुछ साल पहले तक यहां यातायात जाम की समस्या अब लगभग खत्म हो गई है। सभी सेक्टर में बड़ी, चौड़ी सड़कों का निर्माण कर दिया गया है। हर रोड की एक-दूसरे के साथ कनेक्टिविटी करके दूरियों को घटाने का काम किया है। विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा, सड़कों, बिजली, पानी समेत सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं जनता को उपलब्ध कराई हैं। गांव, शहर, जिला प्रदेश के विकास के लिए मजबूत छोटी-बड़ी सरकार का होना जरूरी है। निकट भविष्य में मानेसर व गुरुग्राम नगर निगम के चुनाव होने हैं। इन चुनावों में भी हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करके ऐसे प्रत्याशी को मेयर बनाना है, जो पहले भी हमारे सुख-दुख में शरीक रहता हो और आगे भी इस परम्परा को निभाए। इस बार पार्षद मेयर को नहीं चुनेंगे, बल्कि सीधे जनता के वोट से ही मेयर का चुनाव होगा। विधायक की तर्ज पर मेयर चुना जाएगा। यह जनता के सामने बेहतर अवसर होगा कि वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी पसंद के व्यक्ति का चुनाव करे।

# शहीदी दिवस पर आएंगे राज्यपाल, कवि कुमार विश्वास करेंगे कविता पाठ

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम होम डेवलपर्स एसोसिएशन की तरफ से 23 मार्च को शहीदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि होंगे। प्रख्यात कवि कुमार विश्वास कविता पाठ करेंगे। रविवार को यह जानकारी डेवलपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने पत्रकार वार्ता में दी। इस दौरान एसोसिएशन की कार्यकारी कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

डेवलपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि एसोसिएशन ने नई पहल की शुरुआत करते हुए शहर की आरडब्ल्यूए, सामाजिक संस्थाओं तथा गुरुग्राम के गणमान्य निवासियों के सहयोग से 23 मार्च 2023 को शहीदी दिवस के मौके पर सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में शाम पांच बजे से रात दस बजे तक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा। इस दौरान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शामिल होंगे। इसके अलावा बतौर विशिष्ट अतिथि स्वामी धर्मदेव महाराज, आरएसएस हरियाणा के प्रांत प्रचारक विजय भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात कवि कुमार विश्वास देशभक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत कविताओं की प्रस्तुति देंगे।



पत्रकार वार्ता में शहीदी दिवस समारोह की जानकारी देते गुरुग्राम होम डेवलपर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# युवक को चोरी की बाइक व अवैध हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पुलिस ने युवक को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ सोहना के शहर थाना में मामला दर्ज कराया है। रविवार की सुबह समय करीब तीन बजे अपराध शाखा सोहना पुलिस की टीम नाइट डोमिनेशन के दौरान तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड पर गश्त करते हुए पहुंची। पुलिस को देख बाइक सवार नौजवान वापस तावडू की तरफ मुंडने लगा। पुलिस टीम ने शक के आधार पर बाइक सवार युवक को दबोच लिया।

जिसके पास तलाशी के दौरान पेंट की जेब में एक अवैध हथियार बरामद हुआ। जिसकी जांच करने पर एक जिंदा कारतूस मिला। मामले की जांच कर रहे हवलदार सोनू ने बताया कि आरोपी पहचान युसूफ निवासी गांव सहसन थाना जुरेहड़ा जिला भरतपुर राजस्थान के रूप में हुई है।

# स्वीमिंग पूल में डूबने से दिल्ली के 18 वर्षीय छात्र की मौत, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम

## दिल्ली के कॉमर्स कॉलेज प्रीतमपुरा कॉलेज की बीकॉम प्रथम कक्षा में पढ़ता था मृतक छात्र

**भोंडसी** थाना क्षेत्र में जिला जेल के निकट बना फार्म हाउस के स्वीमिंग पूल में 18 वर्षीय छात्रा की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक छात्रा के पिता की शिकायत पर स्वीमिंग पुल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक छात्रा के शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

दिल्ली सैनी इंक्लेव निवासी अनिल अग्रवाल ने भोंडसी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी के पास गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से एक छात्र ने उसके बेटा ईशान अग्रवाल की मौत होने की सूचना फोन के माध्यम से दी। वह और उसकी पत्नी जब अस्पताल पहुंचे तो वहा पर उसके बेटा के साथ दिल्ली के कॉमर्स कॉलेज प्रीतमपुरा में पढ़ने वाले 30 से 40 छात्र पहले से मौजूद थे। छात्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को वे सभी भोंडसी में जिला जेल के निकट बना ग्रीन औरचिड फार्म हाउस के स्वीमिंग पुल में स्नान करने के लिए गए थे। स्नान करने दौरान ईशान अचानक से पुल में गायब हो गया। जिसको पुल में काफी देर तक तलाशकर बाहर बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। ईशान को स्वीमिंग पुल के किनारे होश में लाने के भारी प्रयास किए गए। होश न आने पर उसे तुरन्त गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने ईशान को मृत घोषित कर दिया।

> “ **पुलिस** ने स्वीमिंग पुल संचालक की पहचान रोहतक निवासी संदीप के रुप में कर ली है। जिसके द्वारा स्वीमिंग पुल में स्नान करने वालों के लिए सुरक्षा के उपकरण नहीं रखे हुए थे। संदीप द्वारा स्वीमिंग पुल का लाइसेंस लिया हुआ था या नहीं। यह सब की जाने वाली जांच के दौरान आरोपी संदीप की गिरफ्तारी होने पर पूछताछ की जाएगी। अभी पुलिस ने स्वीमिंग पुल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
>
> **अजय कुमार**
> **( प्रभारी थाना भोंडसी )**

# तीस लाख रुपये में दो माह बाद शुरू होगा विश्राम गृह

## अधिकारियों ने फर्नीचर, पार्क में घास और दो नये गेट लगाने की योजना तैयार की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के पलवल जाने वाले मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग का विश्राम गृह।

**शहर** के अंबेडकर बाईपास चौक पर स्थित सिंचाई विभाग ने विश्राम गृह साज सजावट पर करीब 30 लाख रुपये खर्च करेगा। जिसके लिए स्थानीय अधिकारियों ने फर्नीचर से लेकर खाली परिसर में पार्क व घास लगाने और दो नये सिरे से गेट लगाने की योजना तैयार कर ली है।

शहर के अंबेडकर चौक से पलवल जाने वाले मार्ग पर उपमंडलीय न्यायायिक के साथ लगता सिंचाई विभाग के विश्राम गृह को चालू करने में एक से दो माह का समय लगेगा। उक्त विश्राम गृह फर्नीचर से लेकर यहा के खाली परिसर में पार्क और उसके खाली मैदान में घास, फूलवाले पौधे व गमले लगाने की योजना तैयार की है। विश्राम गृह के आने व जाने के लिए दो अलग-अलग द्वार बनाएं जाएंगे। जिससे यहां आने वाले अतिथियों के वाहनों को आवागमन में परेशानी न हो।

**फर्नीचर का इस्टीमेट तैयार :** विश्राम गृह में बने सभी 8 कमरों के लिए फर्नीचर से लेकर अलमारियों व बेड आदि आवश्यकता के अनुसार वस्तुओं पर करीब 15 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसका इस्टीमेट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। ये मांग अप्रैल माह के मध्य तक पूरी होने की संभावना जताई जा रही है।

**खाली परिसर में बनेगा पार्क :** विश्राम गृह के करीब 400 वर्गगज क्षेत्र में पार्क निर्माण और परिसर को पूरे साल हरा भरा रखने के लिए घास लगाई जाएगी। पार्क के चारों तरफ खूशबू देने और अलग-अलग प्रकार के फूल देने वाले पौधे लगाएं जाएंगे। जिनके लिए 5 से 6 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

**द्वार पर होंगे 9 लाख रुपये खर्च :** वर्तमान समय में विश्राम गृह के आने व जाने के लिए एक मुख्य द्वार है। उपायुक्त के आदेश पर द्वार की संख्या दो कर दी गई है। दोनों ही द्वार शानदार और स्टील धातु से बनवाकर लगाएं जाएंगे। जिनके निर्माण पर 8 से 9 लाख रुपये खर्च होंगे। दोनों द्वार में से एक आने व दूसरा बाहर जाने का रास्ता तैयार किया जाएगा।

> “ **नये** वित्त वर्ष 2023-24 का बजट अप्रैल में पारित होने के बाद ही विश्राम गृह की कमियों को दूर किया जाएगा। जिसमें एक से दो माह का समय लगेगा। विश्राम गृह मई के आखिर या जून माह के पहले सप्ताह में चालू कर दिया जाएगा।
>
> **राजेश कुमार**
> **( एसडीओ सिंचाई विभाग )**

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के संयुक्त निदेशक की मौजूदगी में जांची गई सरसों की पैदावार

## कृषि विभाग ने सरसों के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का किया था मुफ्त वितरण

**गुरुग्राम।** सरसों हरियाणा में उगाई जाने वाली प्रमुख तिलहनी फसलों में से एक है। इसमें हमारी घरेलू खाद्य तेल की मांग को पूरा करने की अपार क्षमता है। स्थानीय स्तर पर उन्नत किस्मों के अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की जरूरतों को पूरा करने के लिये कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन ओएस एण्ड ओपी के अन्तर्गत सरसों पर विशेष कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को मुफ्त में सरसों मिनीकिट के वितरण के लिये अति सुक्ष्म स्तरीय योजना बनाई है।

कृषि विभाग गुरुग्राम के उपनिदेशक डॉ. अनिल तंवर के मुताबिक रबी सीजन 2022-23 के दौरान हरियाणा राज्य ने सरसों की तीन प्रमुख किस्में प्रदान की है, जिसमें पीडीजेडएम-31 (उच्च बाजार मूल्य के साथ पीली सरसों की आइएआरआई-पूसा किस्म), सीएस -60 और आरएच-725 ( एक जलवायु सहिष्णु) उच्च उपज क्षमता वाली सीसीएचएयू की किस्म शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा गुरुग्राम व नूंह में किसानों के लिये उपलब्ध करवाई गई सीएस-60 सरसों की किस्म की पैदावर जांचने के लिये फसल कटाई प्रयोग किए गए। फसल कटाई के यह प्रयोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (भारत सरकार) के संयुक्त निदेशक डॉ. विक्रांत सिंह की उपस्थिति में ग्राम ढोरका में सुरेन्द्र एवं ग्राम नरहेड़ा में ईश्वर के खेत पर किए गए। इस दौरान डॉ. विक्रांत सिंह ने किसानों के द्वारा बिजाई, सिंचाई, खाद की मात्रा, खरपतवार नाशक दवाई आदि की कृषि कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

# क्षतिग्रस्त इलेक्ट्रिक स्कूटी मामले में ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड दे रही ग्राहक को सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

## इलेक्ट्रिक स्कूटी के क्षतिग्रस्त हो जाने की घटना को ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड ने गंभीरता से लिया

**फ्यूल** एग्नॉस्टिक पॉवरट्रेन सॉल्यूशंस, ई-मोबिलिटी, आफ्टरमार्केट, रिटेल, इंजीनियरिंग सर्विसेज एवं फाईनेंस के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कंपनी ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड ने पिछले दिनों मेरठ में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी के क्षतिग्रस्त हो जाने की घटना को गंभीरता से लिया है। कंपनी ने इस घटना की जांच शुरू कराने के साथ पीड़ित ग्राहक को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया है।

गौरतलब है की न्यू किशनपुरा, टीपी नगर थाना क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र ने कुछ समय पहले ग्रीव्स कोटन कंपनी की एक इलेक्ट्रिक स्कूटी पीएल शर्मा रोड स्थित बंसल मोटर से खरीदी थी। धर्मेंद्र का आरोप है की सड़क पर जाते हुए उनकी इलेक्ट्रिक स्कूटी अचानक क्षतिग्रस्त होकर टूट गयी। धर्मेंद्र ने बंसल मोटर्स के मालिक अंकुर बंसल को इलेक्ट्रिक स्कूटी के क्षतिग्रस्त हो जाने की सूचना दी। मामले की जानकारी होते ही ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड स्कूटी के क्षतिग्रस्त होने के कारणों की जांच शुरू करा दी है। कंपनी की ओर से स्कूटी मालिक धर्मेन्द्र को क्षतिग्रस्त स्कूटी की चेसिस बदलवाने और कंपनी की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया है। इस प्रकरण में ग्रीव्स कॉटन के प्रवक्ता ने बताया की ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ग्राहक के साथ सहानुभूति रखता है और इस दुखद घटना की जांच करा रहा है। ग्राहक की सुरक्षा और संतुष्टि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम ग्राहक को पूरा सहयोग दे रहे हैं।

# बारिश और ओलावृष्टि से अनाज व सब्जी वाली फसलों को भारी नुकसान



शनिवार को हुई ओलावृष्टि से खेत में गिर पड़ी गेहूं की फसल।



ओलावृष्टि से बिजाई वाले खेत रविवार को भी पानी से दिखे लबालब।



सोहना के अग्रसेन चौक पर जमा बारिश का पानी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शनिवार** को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से गेहूं से लेकर सरसो व सब्जियों की फसलों का भारी नुकसान। रविवार को स्थानीय मंडी में सब्जी की आवक 50 फीसदी रही। जिसके कारण सब्जी की कीमतें में जल्द ही बढ़ने की संभावना है।

शनिवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने खेत में खड़ी फसल को पूरी तरफ से बर्बाद कर दिया है। गेहूं और सरसों की फसल खेतों में लेट गई। वहीं सब्जी की फसलों में पालक और चौलाई का तो नामोनिशान ही मिट गया। फूल गोभी, बैंगन, घीया, सीताफल और प्याज की फसलों को नुकसान हुआ है। गेहूं की बाल टूटकर खेतों में गिर गई। सरसों की फली से लथपथ टेहनियां टूट गई है। जबकि 20 से 25 फीसदी फली टेहनियों से टूटकर जमीन पर गिरने से फसल को भारी नुकसान हुआ है। सब्जी वाले खेतों में रविवार को भी पानी जमा रहा। जिससे देख किसान के माथे पर चिंता की लकीरें दिखीं।

**सब्जी की 50 फीसदी आवक:** रविवार को सब्जी मंडी में आवक सब्जियों की 50 फीसदी ही रही। जबकि मंडी में एक दिन में सब्जी की आवक 300 से 400 क्विंटल हो रही थी। रविवार को सब्जी की आवक 150 से 200 ही रही। जिससे मार्केट कमेटी को फीस की वसूली आधी रही।

**सब्जी कीमतों में उछाल :** रविवार के बाद सब्जी की आवक सोमवार व मंगलवार से और घट जाएगी। सब्जी की आवक कम होने से कीमतों में भारी उछाल आएगा। वैसे भी मार्च के बाद सब्जी की पैदावार अक्टूबर तक कम ही रहती है, लेकिन इस ओलावृष्टि से किसानों को सब्जी की फसलों में नुकसान हुआ है। नई पैदावार तैयार करने में 30 से 40 दिन लग जाएंगे।

> “ **शनिवार** को हुई ओलावृष्टि से सभी प्रकार की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार किसानों को हुआ भारी नुकसान के प्रति कार्य किए जाएंगे। इस ओलावृष्टि का असर सोहना ब्लॉक की सभी 35 पंचायत व शहरी क्षेत्र में हुआ है।
>
> **अरुण सोलंकी**
> **( एसडीओ कृषि विभाग )**

# शहर के आधा दर्जन स्थानों से नहीं हुई बरसाती पानी की निकासी

## बारिश का पानी जमा होने से बीमारियां फैलने के आसार हो रहे प्रबल

## जमा बरसाती पानी से गुस्साएं नागरिकों में सरकारी विभागों के खिलाफ रोष पनप रहा

**सोहना।** शनिवार को हुई बारिश का पानी शहर के अलग-अलग स्थानों पर 24 घंटा बाद भी जमा रहा। आम रास्ते व सड़क के चौक-चौराहों पर बरसाती पानी जमा होने से नागरिकों को पैदल निकलना भी मुश्किल रहा। जमा बरसाती पानी से गुस्साएं नागरिकों में सरकारी विभागों के खिलाफ रोष पनप रहा है।

शनिवार की शाम को तेज हवा के साथ आई बारिश ने शहर के मुख्य चौक-चौराहे पानी से लबालब हो गए। नागरिक अस्पताल मार्ग, सब्जी मंडी, महाराजा अग्रसैन चौक, अंबेडकर बाईपास चौक, सामान्य बस स्टैंड पररिसर आदि स्थानों पर जमा बरसाती पानी 12 घंटा बीत जाने के बाद भी जमा रहा। जिससे वाहन चालको से लेकर पैदल चलने वाले नागरिक और दुकानदारों को परेशानियां हुई। बाईपास चौक के तावडू जाने वाले मार्ग के मोड़ पर पिछले 5 दिन से गंदा पानी जमा था, लेकिन शनिवार को बारिश होने से यह अधिक जगह में फैल गया। इसके अलावा अग्रसैन चौक पर पार्क के एक तरफ पानी जमा होने से आम नागरिक इसमें से निकलने के लिए मजबूर हो रहते रहे। दुकानों के सामने बरासाती पानी जमा होने से उनका कारोबारा ठप रहा। इस जमा पानी का कही से भी निकासी की उम्मीद दुकानदारों को अभी तक नजर नहीं आई है। दुकानदार गौरव का कहना है कि रविवार को ग्राहक पानी होने के कारण दुकान पर ही नहीं आए। वे पूरा दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में सब्जी की फसलों वाले खेतों में जमा पानी रविवार को भी कम नहीं हुआ। किसान पवन का कहना है कि उसने 10 दिन पहले ही सब्जी की बिजाई की थी। अब बिजाई की गई फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई।

**बीमारी फैलने के आसार :** शहर में जगह-जगह बारिश का पानी जमा होने से मच्छरों का आतंक बढ़ने के आसार प्रबल हो गए है। वैसे मच्छर पिछले करीब 15 दिन से हो रहा है। लेकिन अब बारिश के इस जमा पानी मच्छर और अधिक पैदा होंगे और उनका आतंक इंसानों का जीना मुश्किल हो जाएगा।

# आज से शुरू हो रहा ओरल हेल्थ अवेयरनेस अभियान

**कविता।** फरीदाबाद

### डॉक्टर करेंगे मुंह और दांतों के रोगों के प्रति एक माह तक जागरुक





**हर** वर्ष 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ अवेयरनेस दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन को एक माह तक मनाए जाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत सिविल अस्पतालों सहित सभी सीएचसी और पीएचसी में स्वास्थ्य जागरूकता के तहत एक माह तक ओरल हेल्थ अवेयरनेस कैंपेन चलाया जाएगा।

इस जागरूकता अभियान के दौरान अस्पतालों में आने वाले मरीजों-तीमारदारों को मुंह और दांतों से संबंधित रोगों के प्रति सचेत किया जाएगा। यह जानकारी बीके सिविल अस्पताल की सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. वंदना अरोड़ा ने दी। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान की शुरूआत बीके सिविल अस्पताल में सोमवार को जागरूकता शिविर लगाकर की जाएगी। जिसमें बच्चों से लेकर किशोर, युवा, और बुजुर्गों को किस तरह से दांतों का बचाव करना चाहिए, इसकी जानकारी देने के लिए एक नुक्कड़ा नाटक भी किया जाएगा। ताकि लोग मुंह की साफ सफाई के प्रति जागरूक हो सके।

**क्या है ओरल कैंसर :** डॉ. वंदना अरोड़ा ने कहा कि आज के समय में ओरल कैंसर भारत में एक बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि 'जब शरीर के ओरल कैविटी के किसी भी भाग में कैंसर होता है तो इसे ओरल कैंसर कहा जाता है। ओरल कैविटी में होंठ, गाल, लार ग्रंथिया, कोमल व हार्ड तालू, मसूडों, टॉन्सिल, जीभ और जीभ के अंदर का हिस्सा आते हैं।

इस कैंसर के होने का कारण ओरल कैविटी के भागों में कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि होती है। ओरल कैंसर होने का जोखिम उम्र के साथ बढ़ता है।' ओरल कैंसर आज हमारे देश की एक प्रमुख समस्या के रूप में उभरी बीमारी है। सबसे ज्यादा पुरुषों में पाया जाता है। इसका मुख्य कारण पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी- सिगरेट का प्रयोग करना है। एल्कोहल भी इसका कारण है। ओरल कैंसर से पूरी तरह बचा जा सकता है।

**ओरल कैंसर के लक्षण:** डॉ. वंदना ने बताया कि ओरल कैंसर के दौरान बिना किसी कारण नियमित बुखार आता है। थकान अधिक होती है। ओरल कैंसर के कारण वजन कम होता रहता है। जबड़ों से रक्त आने लगता है या फिर सूजन हो जाती है। चबाने या निगलने में परेशानी होती है।

दांत या जबड़ों के आसपास तेज दर्द होना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि मुंह में किसी प्रकार की जलन या दर्द होने लगता है। ऐसा महसूस करना कि गले में कुछ फंसा हुआ है, तो यह सभी ओरल कैंसर के लक्षण है।

# एचउएन2 से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है,घबराने की नहीं

### स्वास्थ्य विभाग एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस के फैलाव व संक्रमण को रोकने लिए पूरी तरह अलर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल का फाइल फोटो।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जिला में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस के फैलाव व संक्रमण को रोकने लिए पूरी तरह अलर्ट है। वहीं उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे इस वायरस को लेकर घबराएं नहीं, इससे बचाव के लिए सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार इन दिनों खांसी, जुकाम और बुखार के लिए जिम्मेदार इंफ्लूएंजा एच3एन2 वायरस को मिनी कोविड कहा जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिस तरह कोरोना एक शख्स से दूसरे में फैलता है और सीधे फेफड़ों पर अटैक करता है। उसी तरह यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में भी तेजी से फैल रहा है। जब संक्रमित मरीज छींकता है या खांसता है, तो इसके ड्रॉपलेट्स एक घन मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं। जहां आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरस युक्त ड्रॉपलेट्स किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं। जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में दूसरा व्यक्ति भी एच3एन2 से संक्रमित हो जाता है। वहीं हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार कोरोना वायरस की तरह ही इन्फ्लूएंजा ए-एच3एन2 वायरस भी मरीज के शरीर में लंबे समय तक बना रहता है। यह लंग्स के टिश्यूज या ब्रोंकाइल लाइनिंग को खराब कर देता है। ब्रोंकाइल के आगे मौजूद पतले एयर सेल्स में इंफ्लेमेशन पैदा कर देता है, जिसे ब्रोंकोलाइटिस कहा जाता है। इस कंडीशन में मरीज को सांस लेने में काफी दिक्कत होती है।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के मुताबिक कमजोर इम्यूनिटी वाले मरीज, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इसके अलावा टीबी, अस्थमा या लंग्स इंफेक्शन, किडनी, कार्डियक डिजीज से पीड़ित मरीजों के लिए यह वायरस अधिक खतरनाक हो सकता है।

**संक्रमण के प्रमुख लक्षण:** इस वायरस से संक्रमित होने पर रोगी में तेज बुखार होना, 5-8 दिन में बुखार सही होने के बाद सूखी खांसी तथा 3 सप्ताह से भी ज्यादा समय तक लगातार बने रहना, खासकर रात को सोने के समय ज्यादा खांसी होना जैसे प्रमुख लक्षण दिखते हैं। वहीं खांसी की वजह से अनिद्रा, गले में दर्द, खराश और कफ होना, नाक बहना, सांस लेने में दिक्कत होना, सीने में दर्द होना, घबराहट महसूस होना, बार-बार उल्टी आना, डिहाइड्रेशन के कारण फेफड़ों तकलीफ होना, कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन जैसे लक्षण भी दिख सकते हैं। संक्रमण से

**बचाव के तरीके:** सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि आईसीएमआर ने एच3एन2 संक्रमण से बचाव के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इस पर सख्ती से अमल करके संक्रमण से बचा जा सकता है।

# बिल्डर से परेशान लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन



बिल्डर की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन करते सेक्टरवासी।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित सेक्टर-80 में बिल्डर की मनमानी से परेशान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सेक्टर-80 में अंसल क्राउन हाइट नाम से प्रोजेक्ट में घर लेना अब सपना बनकर रह गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर वे आमरण अनशन भी करेंगे। समाजसेवी एवं पूर्व सैनिक सतिंद्र दुग्गल ने आगे की रणनीति में उनका सहयोग करने का वायदा किया।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे राकेश मल्होत्रा ने बताया कि पैसे खर्च करने के बाद भी बिल्डर ने उन्हें फ्लेटस उपलब्ध नहीं कराए हैं। करीब 15 साल पहले बिल्डर ने फ्लेटस बेचने शुरू किए थे और यह फ्लैट बनते हुए दिखाकर लगभग 90 से 95 प्रतिशत पैसे ले लिए। पहले तो कई साल तक झूठ बोलते रहे कि उन्हें फ्लैट दे दिए जाएंगे, लेकिन बाद में बिल्कुल मना कर दिया गया। लोगों ने बताया कि जीवन भर की जमा पूंजी को एक व्यक्ति घर का सपना देखने के लिए एकत्र करता है और वह पैसा एक झटके में डूब जाए तो उसके परिवार और उस पर क्या बीतेगी।

जगमोहन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में लगभग 550 खरीदारों का पैसा लगा हुआ है। अधिकतर फ्लैट मालिकों ने बैंक से लोन लिया हुआ है। वे बैंक की किस्त और घरों के किराए देने में भी असमर्थ हैं। सभी ओर से हार कर एसोसिएशन ने कोर्ट में केस किया। एनसीडीआरसी से खरीदारों के पक्ष में फैसला आने के बाद भी बिल्डर उस फैसले को मानने के लिए तैयार नहीं और प्रशासन की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिला। बिल्डर के विरूद्ध थाना सेंट्रल में भी एफआईआर दर्ज कराई है। हरेरा में भी एसोसिएशन ने केस भेजा, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# मंझावली पुल तैयार : शहर से कनेक्टिविटी को हो रहा काम



**फरीदाबाद।** ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए यमुना नदी के ऊपर बन रहा मंझावली पुल तैयार है। जिसे देखते हुए शहर से इसकी कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। पुल से फरीदाबाद शहर तक आने वाली जिस रोड को चौड़ा किया जाना है, उसके साथ ड्रेन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही बिजली के खंभों को शिफ्ट करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। पेड़ों की कटाई होने के बाद सड़क बनाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक जिले को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने के लिए मंझावली में यमुना नदी पर 600 मीटर लंबा पुल बनाया गया है। पुल का निर्माण पूरा किया जा चुका है और अब उसकी अप्रोच रोड बनाने का काम किया जा रहा है। इस बारे में पीडब्ल्यूडी के ईएक्सईएन प्रदीप सिंधु ने बताया कि रोड के साथ कुछ जगहों पर ड्रेन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिन जगहों पर जमीन क्लीयर है, वहां पर सड़क निर्माण का काम भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। पुल से फरीदाबाद शहर की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए जसाना रोड को चौड़ा कर 10 मीटर का किया जाना है। रोड को चौड़ा करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि रोड के दोनों तरफ लगी बिजली की लाइनों को शिफ्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही रोड के दोनों तरफ सीमेंटेड ड्रेन बनाने का काम भी शुरू किया जा चुका है। रोड पर बारिश का पानी जमा न हो और रोड के साथ बसे गांवों के पानी की सही निकासी हो सके, इसलिए इसके दोनों तरफ ड्रेन बनाई जा रही है। गांव नचौली में इस ड्रेन को बनाने की शुरुआत कर दी गई है। इसके साथ ही रोड को पार करने के लिए भी जगह-जगह ड्रेन बनाने का काम किया जा रहा है।

# ओवरफ्लो नालियों के कारण घर से निकलना हुआ मुश्किल

### विधायिका, नगर निगम और सीएम विंडो को शिकायत दी, लेकिन नहीं हुई सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**स्मार्ट** सिटी फरीदाबाद केवल नाम भर का रह गया है, यहां बुनियादी सुविधा जैसे सीवर, नाली के पानी से लोग आज भी जूझ रहे हैं। जो सीधा उनकी सेहत एवं काम को बाधित कर रहा है। ऐसा ही हाल गांधी कॉलोनी स्थित मोती सुनार गली में गली में देखने को मिला। जहां नाली का पानी अब लोगो के घरो में घुस रहा है।

जहां एक तरफ जिले में कई तरह की बीमारियां फेल रही हैं। वहीं नए वायरस के लिए सरकार व स्वास्थ्य विभाग लगातार साफ सफाई बरतने की सलाह दे रहा है। वहीं गांधी कालोनी की एक गली भयंकर बीमारियों का जड़ बनने के कगार पर है। वहां के निवासियों ने बताया कि गलियों में बनी नालियां ओवर फ्लो हो गई है। यह समस्या पिछले एक महीने से लोगों को झेलनी पड़ रही है जिसकी लिखित शिकायत यहां रहने वाले सभी प्रार्थियों ने पहले विधायक सीमा त्रिखा को 20 फरवरी को की जिसपे कारवाई करते हुए कुछ नगर निगम के कर्मचारी आए और केवल खानापूर्ति करके लौट गए, क्योंकि उन्होंने मौके पर पहुंचकर नाली में जमा गाद को थोड़ा-थोड़ा करके निकाल दिया और चले गए। जबकि अगले ही दिन नाली के पानी का स्तर जब भी बढ़ा तो फिर सभी गली वासियों ने विधायक सीमा त्रिखा के पास फिर से हालातों के बारे में बताया, सीमा त्रिखा ने कारवाई करते हुए सीवेज सक्शन ट्रक लगातार 2 दिन तक भेजा उससे 1-2 दिन तक नाली का स्तर कम रहा परन्तु फिर स्तर बढ गया। अब फिलहाल एक बार फिर से बुला हो गया है।

गली वासियों ने यह देखते हुए नगर निगम का रुख किया और वहां एक लिखित शिकायत 28 फरवरी 2023 को डायरी करवाई। जहां उन्हें शिकायत नंबर 2194 मिला। परन्तु उस लिखित शिकायत पर अभी तक कुछ करवाई नहीं हुई है। जिससे गली वासियों में निगम के इस ढीले रवैये को देख कर रोष है। जब कुछ करवाई न होती दिख रही थी तब गली वासियों ने सीएम विंडो का रुख 13 मार्च 2023 को किया एवं वह एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

# सेक्टर दो की मार्केट की हालत सुधरेगी

**फरीदाबाद।** सेक्टर दो मार्केट की हालत को सुधारने का काम करेगा। मार्केट स्पेस की स्पेशल रिपेयरिंग पर लगभग 46 लाख रुपये खर्च होंगे। अधिकारी जल्द ही काम शुरू करने का दावा कर रहे हैं। इस काम को तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। सेक्टर दो की आबादी बढ़ने पर मार्केट भी काफी विकसित हो रही है, लेकिन मार्केट स्पेस की हालत फिलहाल ठीक नहीं है। इस मार्केट तीन पॉकेट बने हैं। फिलहाल इनमें बने पार्किंग की हालत खस्ता है।

पार्किंग का सड़क के साथ जुड़ाव भी ठीक नहीं है। फुटपाथ की हालत खस्ता है और सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त नहीं है। इससे मार्केट में आने वाले लोगों को परेशानी होती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए एचएसवीपी ने सेक्टर दो के मार्केट स्पेस की स्पेशल रिपेयरिंग कराने की योजना बनाई है। यहां पर पार्किंग स्पेस को दुरुस्त करने के साथ ही फुटपाथ को बनाया जाएगा। इसके साथ ही ग्रील आदि लगाने व सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। इस काम पर लगभग 46 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए एचएसवीपी ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# जनता सुरक्षा बीमा योजनाओं का उठाएं लाभ : उपायुक्त विक्रम सिंह

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


उपायुक्त विक्रम सिंह।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आम जनता केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आम जनता नाममात्र राशि में अपना जीवन बीमा करवा सकते हैं। इनमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है। डीसी ने आगे बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं।

सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाती है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। इस योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है।

उन्होंने आगे बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें।

# वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तालिम, यासिर तथा तालीम का नाम शामिल है। आरोपी तालिम पुत्र कोले मेवात के गोकुलपुर का रहने वाला है वहीं आरोपी यासिर तथा तालीम पुत्र साहुन राजस्थान के भरतपुर एरिया के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूरजकुंड ट्रैक्टर चोरी के मामले में सबसे पहले आरोपी तालिम को गिरफ्तार किया था जिसने उसने अपने गांव के रहने वाले अज्जरूद्दीन के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी जिसे पकड़ने के दौरान क्राइम ब्रांच पर आरोपी अज्जरूद्दीन तथा उसके साथियों ने हमला कर दिया था।

# हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष में निकाली भगवा यात्रा



**फरीदाबाद।** प्रखर हिंदूवादी युवा नेता कपिल मिश्रा ने हिंदू युवाओं का आह्वान किया कि वे लव जेहाद और धर्मांतरण के खिलाफ संगठित होकर काम करें। यह बात वह हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा आयोजित भगवा यात्रा के शुभारंभ पर बोल रहे थे। यह बाइक व कार रैली ओल्ड प्रेस कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई और पंचकुइयां रोड, एनएच-दो नंबर मेन मार्केट से होते हुए एक-दो के चौक, एक नंबर मार्केट, सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर से बीके चौक, पांच नंबर मार्केट, चार व पांच के चौक, सीजीओ आफिस कॉम्प्लेक्स, पटेल चौक, बड़खल चौक होते हुए सेक्टर 48 के हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर विहिप के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख कालीदास गर्ग और विहिप के फरीदाबाद विभाग के अध्यक्ष प्रेम चंद गोयल, विहिप के केंद्र मंत्री रास बिहारी, विभाग मंत्री ओमप्रकाश यादव, प्रांत संयोजिका दुर्गा वाहिनी सीमा शर्मा, फरीदाबाद बजरंग दल के संयोजक जीत वशिष्ठ, विहिप पश्चिम जिले के मंत्री राजकुमार मदान, जिला संपर्क प्रमुख विपिन गोयल, फरीदाबाद पूर्वी जिले के सह मंत्री अधिवक्ता गोपाल कृष्ण गुप्ता, हिंदू जागरण मंच के राकेश शर्मा आदि ने कपिल शर्मा का मंच पर स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बरसात के कारण शहर की आबोहवा में आया सुधार



**फरीदाबाद।** बरसात के कारण शहर में प्रदूषण का स्तर कम हो गया है। लंबे समय के बाद एयर क्वालिटी इंडेक्स सही जगह पहुंचा है। रविवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 86 दर्ज किया गया, जो सामान्य स्तर से केवल 36 अंक अधिक है। इससे पहले करीब छह महीने पूर्व जिलेवासियों को सांस लेने के लिए इससे साफ हवा मिली थी। इस बार भी सर्दियों में एक्यूआई सामान्य से सात से आठ गुणा अधिक तक पहुंचा था। बरसात ने ही प्रदूषण से राहत दिलाने का काम किया है। शनिवार को हुई बरसात से वातावरण में मौजूद प्रदूषित कण जमीन पर आ गए हैं। इससे प्रदूषण का स्तर कम हो गया है। लंबे समय से फरीदाबाद के लोगों को सांस लेने के लिए इतनी साफ हवा नहीं मिली थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी एयर बुलेटिन के अनुसार रविवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 86 दर्ज किया गया। शनिवार की तुलना में यह 96 अंक कम है। अलग - अलग क्षेत्रों की बात करें रविवार को सेक्टर 11 क्षेत्र में 113, एनआईटी क्षेत्र में 60 व बल्लभगढ़ क्षेत्र में 63 एक्यूआई दर्ज किया गया। आने वाले कुछ दिनों तक फरीदाबाद में मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावनाएं हैं और हल्की बारिश भी हो सकती है। ऐसे में शहर के लोगों को प्रदूषण से राहत मिली रहने का अनुमान है।

### बायोगैस प्लांट लगाने पर मिल रहा अनुदान : एडीसी



**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के जरिये बायो एनर्जी प्रोग्राम के तहत जिला में वर्ष 2022-23 में सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति के लिए बायोगैस प्लांट पर अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक किसान को बायों गैस प्लांट लगवाने के लिए www.biogas.mnre.gov.in पर आनलाईन आवेदन करें। वहीं इस अनुदान योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। एडीसी ने बताया कि बायोगैस के उचित निष्पादन के लिए बड़े प्लांट भी लगाए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ घरेलू उपयोग के लिए छोटे बायोगैस प्लांट भी लगाए जाएंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत एक घन मीटर क्षमता वाले बायो प्लांट लगाने पर अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को 17000 रुपये व सामान्य वर्ग को 9500 रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। वहीं दो से चार घन मीटर क्षमता वाले प्लांट लगाने पर अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को 22000 रुपये व सामान्य वर्ग को 14350 रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। छह घन मीटर क्षमता वाले प्लांट लगाने पर अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को 29250 रुपये और सामान्य वर्ग को 22750 रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक अथवा सहायक कृषि अभियन्ता फरीदाबाद के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### प्रतिमा को खंडित करने के विरोध में पंचायत



**फरीदाबाद।** सेहतपुर अगवानपुर रोड स्थित सूर्य नगर में बाबा साहब डॉक्टर बीआर अंबेडकर समुदायिक भवन में डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर दलित समाज ने अपना गहरा रोष व्यक्त किया। जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्दी से जल्दी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही 24 घंटे के अंदर बाबा साहब की नई प्रतिमा लगाई जाए। बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर सामुदायिक भवन के प्रांगण में दलित समाज की बड़ी पंचायत आयोजित की गई। इस पंचायत में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और राजनेतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। सभी ने सर्वसम्मति से रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब दलितों के ही नहीं सभी के महापुरुष हैं। उनके बनाए हुए संविधान के अनुसार देश, शासन और प्रशासन चल रहा है। ऐसे में असामाजिक तत्वों के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा को खंडित किया गया है। जिससे समाज में समरसता भाईचारा के खिलाफ गलत संदेश जाता है। समाज के लोगों ने एकजुट होकर पल्ला के एसीपी देवेंद्र को एक ज्ञापन देकर मांग की है कि दोषियों के खिलाफ जल्दी से जल्दी गिरफ्तारी करके कार्रवाई की जाए। बाबा साहब की नई प्रतिमा लगाई जाए। अगर सरकार और प्रशासन ऐसा नहीं करती तो दलित समाज फिर एकजुट होकर आगामी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा। इस अवसर पर रामचंद्र नंबरदार, धर्मपाल सिंह सरपंच, शंकरलाल नंबरदार, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, सुंदर सिंह नेताजी, भाई अनिल कुमार नेताजी, फतेह सिंह डांगी, भीम सिंह, गजराज, जय सिंह, वीर सिंह, अजय कुमार, भीम प्रकाश, विनोद चौधरी, उमेश, मुकेश लाखन, ताराचंद गौतम, जेपी चौधरी, डेल चंद, धर्म प्रकाश, विशन कुमार, चरण सिंह, पवन कुमार, मनोज पहलवान, कुक्की पहलवान, चिरंजीलाल, विक्रम सिंह, विकास, डॉ अशोक, प्रदीप कंबोज, विराट कंबोज, विजय गौतम, कमल तथा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने पंचायत में भाग लिया।

### दस किलोग्राम गांजे सहित फरार आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने 3 वर्ष पहले के नशा तस्करी के मुकदमे में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी मोस्ट वांटेड आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा इस मामले में इससे पहले 7 आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम नदीम है, जो हापुड़ का रहने वाला है। मार्च 2021 में पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में सेक्टर 58 एरिया से एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनके कब्जे से 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने नशा तस्करी में शामिल उनके दो अन्य साथी आरोपी राणा तथा चौड़ा के बारे में पुलिस को जानकारी दी जिसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी राणा तथा चौड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात इस मामले में सद्दाम, सलमान तथा मुबीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी नदीम की धरपकड़ का लगातार प्रयास कर रही थी। आरोपी की धरपकड़ के लिए नदीम पर 5 हजार रुपए का नगद इनाम घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी नदीम को रेनॉल्ट गाड़ी में तस्करी कर ले जा रहे 10.350 किलोग्राम गांजे सहित काबू कर लिया। उस वक्त आरोपी नदीम के साथ उसका एक और साथी शाहरुख भी शामिल था। आरोपियों से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब नहीं दे सके। आरोपी नदीम ने बताया कि वह ड्राइवरी का काम करता है और यह गांजा वह राजस्थान व उड़ीसा से सस्ते दामों पर मंगवाते थे और दिल्ली एनसीआर में इसे महंगे दामों पर बेच देते थे।

# संक्रमणों का खतरा
## सरकारें तैयार

**हालांकि,** केन्द्र व राज्य सरकारें नए संक्रमणों के खतरे से निपटने के लिए तैयार हो रही हैं, लेकिन इनसे घबराने की जरूरत नहीं है। केन्द्र सरकार ने बिल्कुल उचित समय पर तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात व महाराष्ट्र को कोविड-19, एच1एन1 व एच3एन2 के संभावित प्रसार के संबंध में निर्देश दिए हैं। कहा जाता है कि सावधानी ही सर्वोत्तम सुरक्षा है। सरकार ने 6 राज्यों से टेस्टिंग, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के कोविड-19 नमूनों की जीन सीक्वेंसिंग तथा कोविड-उपयुक्त व्यवहार अपनाने को कहा है। सौभाग्य से इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि स्थितियां काबू से बाहर हो रही हैं। हालांकि, महाराष्ट्र से दो मौतों तथा एच3एन2 वायरस से दो संदिग्ध मौतों की खबर है। एक एमबीबीएस छात्र एच1एन1 व एच3एन2, दोनों से संक्रमित था और नागपुर के एक 74 वर्षीय वृद्ध को एच3एन2 से संक्रमित पाया गया। द पायनियर ने खबर दी थी, 8-14 मार्च के बीच कोविड मामलों के विश्लेषण से पता चला था कि देश के नौ जिलों में कोविड-पाजिटिविटी दर 10 प्रतिशत या इससे अधिक पाई गई थी। ये जिले पूरे देश में फैले हैं और इनमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व गुजरात भी शामिल हैं। अच्छी बात है कि आवश्यकता पड़ने पर राज्य भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हो रहे हैं। दिल्ली सरकार ने आइसोलेशन वार्ड बनाए हैं तथा पुडुचेरी ने 26 मार्च तक स्कूलों को बंद कर दिया है। यह फ्लू के दृष्टिकोण से बहुत खराब मौसम है और कहा जाता है कि एच3एन2 इसके लिए जिम्मेदार है। इससे लंबी व गंभीर बीमारी हो सकती है जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है। इससे लोगों की मौतों की खबरें भी आई हैं।




हालांकि, केन्द्र और राज्य सरकारें सतर्कता बरत रही हैं, पर उनको यह भी अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि सावधानी वाले कदमों से कोई घबराहट न फैले तथा किसी स्तर पर इसके कारण त्वरित प्रतिक्रिया जैसी स्थितियां न पैदा हों। जनता तथा अर्थव्यवस्था को अतीत में भय, लाकडाउन व उसके कारण पैदा बाधायें काफी मात्रा में झेलनी पड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि तीन साल पहले वाली स्थिति के उलट किसी चिकित्सा विशेषज्ञ ने इस बार संभावित वैश्विक महामारी या महामारी का खतरा नहीं बताया है। निश्चित रूप से हमें सबसे बुरी स्थितियों के लिए अवश्य तैयार रहना चाहिए, पर इससे कोई घबराहट नहीं फैलनी चाहिए। अर्थव्यवस्था को पूर्व-कोविड स्तर तक पहुंचने में लंबा समय लगा है और आज भी हमारी प्रगति पूरी तेजी नहीं पकड़ सकी है। भले ही भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने अर्थव्यवस्था की वर्तमान सुस्ती को अतिरंजित तरीके से पेश किया हो, पर वर्तमान समय में हमारी वृद्धि दर समुचित स्तर से काफी कम है। इस पृष्ठभूमि में किसी महत्वपूर्ण सरकारी अधिकारी द्वारा लापरवाही से की गई कोई टिप्पणी या चिकित्सा आपातकाल का संकेत देने वाली कोई घोषणा अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खराब होगी। इसके साथ ही नियंत्रणों, आवागमन में असुविधा तथा मानसिक आघात का एक और दौर झेलना लोगों के लिए बहुत कठिन होगा। कोविड वैश्विक महामारी ने सभी लोगों के धैर्य व दृढ़ता की कठिन परीक्षा ली है और कोई भी ऐसी त्रासदी से दोबारा गुजरना नहीं चाहता है। टेस्ट्र, ट्रैक, ट्रीट व वैक्सीनेट, यानी परीक्षण, संक्रमितों का पता लगाना, उनका इलाज करना तथा व्यापक स्तर पर टीकाकरण करने की चार आयामी रणनीति का पहले से ही पालन किया जा रहा है। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# जीएसटी में लाएं पेट्रोलियम उत्पाद

वित्त मंत्री को सक्रिय रूप से राज्यों से विचार-विमर्श कर पेट्रोलियम उत्पादों पर जीएसटी के अंतर्गत टैक्स लगाने की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों का आह्वान किया है कि वे पेट्रोलियम उत्पादों की टैक्स दरें वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी के अंतर्गत तय करने पर अपनी सहमति दें तथा जीएसटी परिषद इस पर अपनी मुहर लगाए। इनमें कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एनजी, पेट्रोल, डीजल व एवियेशन फ्यूल-एटीएफ शामिल हैं। जीएसटी एक राष्ट्रव्यापी टैक्स व्यवस्था है जिसमें निवेशों पर टैक्स की व्यवस्था है। इसने पूर्व-जीएसटी युग के एक दर्जन से अधिक टैक्सों को अपने भीतर समाहित किया है, जिनमें सेंट्रल एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी, सेवा कर तथा बिक्री कर व मूल्यवर्धित टैक्स-वैट शामिल हैं। इसके साथ ही अनेक प्रकार के स्थानीय करों, जैसे, चुंगी, खरीद कर, टर्नओवर टैक्स, आदि की उपस्थिति बनी हुई है।

जीएसटी के लिए लाए गए 2016 के संविधान संशोधन कानून में पेट्रोलियम उत्पादों को उसके दायरे में लाया गया है, पर उसे 'शून्य दर' में रखा गया है। इस कारण इन वस्तुओं पर सीईडी व राज्यस्तरीय वैट लगता है। पूर्व-जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत राज्यों में टैक्सों की व्यापक विविधता व बहुलता थी। इसके कारण वस्तुओं व सेवाओं के आदान-प्रदान, विकृत विकास, क्षेत्रीय असमानताओं, आदि को जन्म दिया था। इसके कारण 'टैक्स पर टैक्स' का 'बढ़ोत्तरी' वाला प्रभाव पड़ता था। इसके कारण बिजनेसों के बीच लेनदेन का खर्च बहुत अधिक था क्योंकि उनको अनेक प्रकार के टैक्सों के प्रशासन के लिए अनेक अधिकारियों से व्यवहार करना पड़ता था। कुल मिला कर इस व्यवस्था में बड़े पैमाने पर करापवंचन की संभावनायें बनती थीं। जीएसटी लागू करने के पीछे इरादा इन सारी कमियों को दूर करना था।

ऊर्जा का प्रमुख स्रोत होने के कारण पेट्रोलियम पदार्थों का प्रयोग अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में होता है। इस तथ्य के साथ ही यह तथ्य भी है कि जीएसटी में मूल्यवृद्धि पर लगाम लगा कर उद्योग को ज्यादा प्रतियोगी बनाने की अभूतपूर्व संभावनायें हैं। अतः इस व्यवस्था के अंतर्गत कराधान अत्यधिक आवश्यक हो गया है। इसके बावजूद पेट्रोलियम पदार्थ आज भी पूर्व-जीएसटी युग में बने हुए हैं। 2016 के संविधान संशोधन कानून के अनुसार जीएसटी परिषद को जीएसटी के अंतर्गत दरें तय करने का अधिकार है। लेकिन वह अपने पैर पीछे खींच रही है। जहां उसने एनजी व एटीएफ की दरें तय करने का काम अपने एजेंडे पर लिया, पर अनेक बार इस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया। जहां तक अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का सवाल है, इन पर विचार करना भी उचित नहीं समझा गया। केन्द्रीय वित्त मंत्री इस परिषद की अध्यक्ष होते हैं और इसमें सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं तथा इसके निर्णय आमतौर से सर्व-सम्मति से लिए जाते हैं। केन्द्र तथा राज्यों के लिए टैक्सों से प्राप्त राजस्व तथा खासकर गैसोलीन व डीजल से प्राप्त टैक्स 'दुधारू गाय' की तरह हैं। 2020-21 में केन्द्र ने इन पर टैक्स लगा कर 335,000 करोड़ तथा राज्यों ने 203,000 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे। इन उत्पादों को जीएसटी के अंतर्गत लाने से कर संग्रह में काफी कमी आएगी। इसे समझने के लिए हमें कुछ आंकड़ों पर गौर करना होगा। दिल्ली में पंपों पर पेट्रोल का मूल्य 4 फरवरी, 2023 को 97 रुपये प्रति लीटर था जो 22 मई, 2022 के बाद से बदला नहीं है। इसमें एक्स-रिफाइनरी मूल्य तथा भाड़े के 47 रुपये, 10 रुपये अतिरिक्त तथाकथित 'भावी मुद्रास्फीति आयामों, आदि' के लिए, 4 रुपये डीलर कमीशन, 20 रुपये सीईडी व 19.4 प्रतिशत की दर से 16 रुपये वैट शामिल है। इस प्रकार पंप मूल्य में प्रति लीटर 36 रुपये या कुल मूल्य का 37 प्रतिशत टैक्स हैं। डीजल के मामले में यह 32 प्रतिशत है। इससे तेल मार्केटिंग वाले सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू जैसे भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन-बीपीसीएल, इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल को कुछ मुनाफा कमाने का अवसर मिलता है।

इसका प्रयोग इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ने पर किया जाता है क्योंकि मोटेतौर से चुनावों के कारण पेट्रोल पंप मूल्य बढ़ाया नहीं जा सकता है। इसे अलग करने तथा पंप मूल्य 87 रुपये प्रति लीटर रखने पर टैक्स 41 प्रतिशत होंगे। 20 रुपये प्रति लीटर की सीईडी में 8 रुपये सड़क एवं ढांचागत सेस के कारण है जिसे पूरी तरह केन्द्र सरकार अपने पास रखती है। बाकी 12 रुपये में यह 59 प्रतिशत या 7 रुपये अपने पास रखती है तथा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार 41 प्रतिशत या 5 रुपये राज्यों को देती है। इस प्रकार केन्द्र को 15 रुपये तथा राज्यों को इससे काफी अधिक 21 रुपये मिलते हैं। ईआरपी या पेट्रोल पंप को भेजे जाने वाले 47 रुपये के मुल्य में टैक्स का हिस्सा 77 प्रतिशत है जिसमें से 32 प्रतिशत केन्द्र को तथा 45 प्रतिशत राज्यों को मिलता है।

यदि पेट्रोल व डीजल पर जीएसटी के अंतर्गत टैक्स लगाया जाए तथा इसे 28 प्रतिशत की सबसे अधिक दर में रखा जाए तो केन्द्र सरकार व राज्यों को इस पर केवल 14-14 प्रतिशत टैक्स लगाना होगा। पिछले साल नीति आयोग ने अर्थशास्त्रियों व उद्योग विशेषज्ञों के साथ 'ऊर्जा उत्पादों का जीएसटी में हस्तांतरण' पर एक चर्चा में इसका सुझाव दिया था। वित्त मंत्रालय के वितरण फार्मूले के अंतर्गत इस संग्रह में से केन्द्र केवल 59 प्रतिशत अपने पास रख सकेगा। इसका अर्थ है कि उसे 8.26 प्रतिशत से संतोष करना पड़ेगा, जबकि राज्यों को 19.74 प्रतिशत मिलेगा।

इस प्रकार जीएसटी में परिवर्तन से केन्द्र का टैक्स संग्रह 32 प्रतिशत से घट कर 8.26 प्रतिशत पहुंच जाएगा, जबकि राज्यों का संग्रह 45 प्रतिशत से घट कर 19.74 प्रतिशत हो जाएगा। राजस्व में कमी के इसी भय के कारण राज्यों और केन्द्र ने परिषद को इस विषय पर विचार ही नहीं करने दिया। लेकिन इस मुद्दे को अनंत काल तक टालने से इन उत्पादों को जीएसटी में शामिल करने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। यदि इरादा 'हमेशा के लिए' शून्य-रेटेड बनाए रखना था तो विभिन्न हितग्राहकों को काल्पनिक दुनिया में क्यों रखा गया? इसे केवल राज्यों पर छोड़ने के बजाय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण को सक्रिय रूप से उनसे विचार-विमर्श कर पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए। राजस्व नुकसान की मुख्य बाधा दूर करने में सहायता के लिए नीति आयोग ने सुझाव दिया है कि राज्यों को इस परिवर्तन से होने वाले राजस्व के नुकसान की 'आंशिक' भरपाई की जा सकती है। इसके साथ ही उसने इस पर 50 प्रतिशत सेस लगाने का भी सुझाव दिया है। लेकिन यह सुझाव कारगर नहीं है क्योंकि नई व्यवस्था के कारण राज्यों को होने वाले राजस्व के नुकसान के मुआवजे को जीएसटी कंपेनसेशन एक्ट, 2017 में लाना होगा जो केवल पांच साल के लिए, यानी 1 जुलाई, 2017 से 30 जून, 2022 तक प्रभावी था।

जहां तक सेस का सवाल है, इसे अलाभकर वस्तुओं, जैसे आटोमोबाइल, तंबाकू, पेय पदार्थों, आदि पर लागू किया जाता है जिससे प्राप्ति का प्रयोग राज्यों को मुआवजा देने में किया जाता है। यह प्राविधान जीएसटी कंपेनसेशन एक्ट, 2018 में संशोधन के अंतर्गत उपलब्ध नहीं है जिसे केवल पांच साल के लिए एकत्र किया जा सकता था। 30 जून, 2022 के बाद इस लेवी संग्रह का विस्तार केवल सीमित उद्देश्य के लिए है। यह 'केन्द्र द्वारा इन पांच वर्षों में आवश्यक मुआवजा देने में सेस की कमी के कारण लिए कर्ज की भरपाई के लिए है।' इसके साथ ही नीति आयोग के सुझाव में यह कमी भी है कि यह राज्यों को केवल 'आंशिक' मुआवजे की बात करता है। इसके साथ ही यह केन्द्र को होने वाले नुकसान के मुद्दे पर मौन है। केन्द्र व राज्यों को अपना दृष्टिकोण व्यापक बनाना होगा। इन उत्पादों को जीएसटी में लाने के दीर्घकालीन लाभों को देखते हुए उनको अल्पकालीन रूप से राजस्व नुकसान के बारे में साहसी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। तत्कालीन स्थितियों को देखें तो 2022-23 में जीएसटी संग्रह का औसत मासिक संग्रह 150,000 करोड़ से अधिक है। इससे उनमें आत्मविश्वास पैदा होना चाहिए। इसके साथ ही कर चोरी के अनेक रास्ते बंद करने से भी कर संग्रह बढ़ सकता है।

# लिंग आधारित हिंसा से निबटने के तरीके

“महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने में सहायक प्रणालियों को अधिक उत्तरदायी और सुलभ बनाना प्रभावी हो सकता है।”



**प्राची शुक्ला**
(लेखिका सार्वजनिक स्वास्थ विशेषज्ञ हैं)

लिंग आधारित हिंसा (जीबीवी) विश्व स्तर पर व्यापक रूप से व्यापक रूप से अदृश्य मानव अधिकारों का उल्लंघन है। इसमें समाज में लिंग आधारित शक्ति असंतुलन के कारण किसी व्यक्ति को होने वाली शारीरिक, यौन, मानसिक या आर्थिक क्षति शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, प्रत्येक तीन महिलाओं में लगभग एक, या लगभग 736 मिलियन महिलाएं, अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार अंतरंग साथी हिंसा, गैर-साथी यौन हिंसा, या दोनों का शिकार हुई हैं। महिलाओं के कब्जे वाले सभी स्थानों पर हिंसा प्रचलित है, जिसमें डिजिटल स्पेस भी शामिल है।

महामारी के दौरान, कई रिपोर्टों ने संकेत दिया, घरेलू हिंसा के मामलों में आय में कमी और सेवाओं तक पहुंच में कमी, सामाजिक और सुरक्षात्मक नेटवर्क में व्यवधान, घरेलू कार्यभार में वृद्धि, कड़ी मेहनत आदि के कारण उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महत्वपूर्ण साक्ष्य और अंतर्दृष्टि, जो भारत हैं- विशिष्ट, महामारी के दौरान विभिन्न अध्ययनों और सामुदायिक हस्तक्षेपों से भी उत्पन्न हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य भागीदार , लिंग आधारित हिंसा को संबोधित करने पर केंद्रित अपने व्यापक हस्तक्षेप के माध्यम से, जून 2021-दिसंबर 2022 से दिल्ली, गुजरात और झारखंड राज्यों में काम करेंगे। परियोजना ने जीबीवी मुद्दों वाले व्यक्तियों का समर्थन किया परामर्श और रेफरल के माध्यम से, और सरकारी सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षा योजनाओं के साथ जुड़ाव को सुगम बनाया। करीब 40,000 लोगों की जांच की गई और 2,500 से अधिक जीबीवी से प्रभावित पाए गए। दिलचस्प बात यह है कि शारीरिक हिंसा हमेशा ज़बरदस्ती का प्रमुख रूप नहीं होता है। हिंसा की प्रकृति के संदर्भ में, डब्लूएचपी डेटा ने दिखाया कि 72 प्रतिशत जीबीवी से बचे लोगों ने भावनात्मक हिंसा का सामना किया जैसे कि अपमान, अपमानजनक भाषा और परिवार से अलगाव; 15 प्रतिशत ने आर्थिक हिंसा का सामना किया क्योंकि उन्हें मोबाइल फोन या दैनिक खर्च के लिए पैसे जैसे आर्थिक संसाधनों तक पहुंच नहीं दी गई, 11 प्रतिशत ने शारीरिक हिंसा का सामना किया। लिंग आधारित हिंसा के छोटे और दीर्घकालिक परिणाम होते हैं, जो कभी-कभी काफी विनाशकारी होते हैं। चोटें, अनपेक्षित गर्भधारण, यौन संचारित संक्रमण, साथ ही साथ चिंता, अवसाद, अभिघातज के बाद का तनाव विकार, और यहां तक कि खुद को नुकसान पहुंचाना और आत्महत्या, हिंसा के कुछ ऐसे प्रभाव हैं जिनका उत्तरजीवियों को सामना करना पड़ सकता है।

डब्ल्यूएचपी के निष्कर्षों ने मानसिक स्वास्थ्य और लिंग आधारित हिंसा के बीच मजबूत संबंध प्रस्तुत किए, एक ऐसा क्षेत्र जिसे काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया गया है। परियोजना हस्तक्षेप क्षेत्रों में 75 प्रतिशत से अधिक महिलाएं, जिन्होंने जीबीवी का सामना किया था, उनमें कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं, 62 प्रतिशत हल्के थे, 27 प्रतिशत मध्यम थे, और 11 प्रतिशत में गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं। नवीनतम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में गृहिणियों के बीच आत्महत्या, पिछले तीन वर्षों में धीरे-धीरे बढ़ी है, 2019 में 21,359 से 2020 में 22,374 से 2021 में 23,179 हो गई है। साथ ही, महिला में गृहिणियों की हिस्सेदारी 2021 में आत्महत्याएं बढ़कर 51.5 प्रतिशत (23,179) हो गईं, जो पिछले वर्ष 50.3 प्रतिशत (22,374) थीं।

यह पाया गया है कि वित्तीय संसाधनों और घर से दूरी की कमी के साथ-साथ कानूनी प्रकोष्ठों, पुलिस और अस्पतालों जैसी सहायक सेवाओं की प्रतिक्रिया की कमी, पीड़ित महिलाओं के लिए समय पर कार्रवाई करने में प्रमुख बाधा साबित हुई है। तत्काल और उचित राहत प्रदान की। समय पर, उत्तरदायी, साक्ष्य-आधारित और अक्सर कम लागत वाले हस्तक्षेप, जब एकीकृत तरीके से सक्रिय किए जाते हैं, तो जीवन बचाने में मदद मिल सकती है। डब्ल्यूएचपी के हस्तक्षेप से पता चलता है कि सामान्य टेली-परामर्श सेवाओं तक पहुंच से भी बहुत फर्क पड़ सकता है, क्योंकि जीबीवी के उत्तरजीवी अपने सामने आने वाली हिंसा को दूर करने के लिए समर्थित महसूस करते हैं। इसके अलावा, वन स्टॉप सेंटर जिसे सखी केंद्र भी कहा जाता है, जैसे ग्रहणशील, सहयोगी और सुलभ रेफरल मार्ग सुनिश्चित करना, लिंग आधारित हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने और इसे बनने से रोकने के लिए एक प्रमुख आवश्यकता है।

विभिन्न सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में बड़े पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता पैदा करना समय की मांग है। वर्तमान में, भारत सरकार की मिशन शक्ति और इसकी दो उप-योजनाएं, संबल% और सामर्थ्य मिशन मोड में महिलाओं की सुरक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हस्तक्षेप को मजबूत करने के उद्देश्य से हैं। हालांकि, इसकी सफलता काफी हद तक निर्भर करेगी। अंतर-विभागीय समन्वय और सहयोग की लंबी चुनौती पर काबू पाने पर। उदाहरण के लिए, महिला हेल्पलाइन (181, और ओएससी को एकीकृत तरीके से संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, हालाँकि, ऐसा कोई एकीकरण कभी नहीं किया गया है। कई राज्यों ने 104 जैसी अपनी स्वयं की संकट हेल्पलाइन सेवाएं चला रहे हैं, लेकिन इन्हें भी जीबीवी के साथ एकीकृत नहीं किया गया है। इसी तरह, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2000, और यौन से बच्चों की सुरक्षा जैसे विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बीच आवश्यक संबंध अपराध अधिनियम, 2012 पर अभी काम किया जाना बाकी है। इसके कारण कानूनों का कमजोर प्रवर्तन हुआ और इसके परिणामस्वरूप पीड़ितों की उदासीनता, अविश्वास और व्यवस्था से बचाव हुआ।

जीबीवी को संबोधित करने के लिए सुरक्षा, गोपनीयता, गैर-भेदभाव और आत्म-पहचान के अधिकार के आधार पर एक व्यापक, उत्तरजीवी-केंद्रित प्रतिक्रिया प्रणाली की आवश्यकता होती है।

## आप की बात

### संसद में गतिरोध

**देश** की जनता इन दिनों हैरान है कि पक्ष-विपक्ष की खींचातानी से संसद लगभग पंगु हो गई है। गौतम अडानी प्रकरण और राहुल गांधी के विदेश में दिए भाषण के कारण गतिरोध लगातार जारी है। संसद के पटल पर अभी 35 बिल लंबित पड़े हैं जिन पर चर्चा होनी है लेकिन सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सांसदों के हंगामे एवं अपनी अपनी जिद के कारण स्थिति और हंगामेदार होने की संभावना है। इससे जनता के पैसे की भारी बरबादी हो रही है क्योंकि सदन चलाने में 1 दिन का खर्चा ही 10 करोड़ आता है। देश की अर्थव्यवस्था पर भी सांसदों को विचार करना चाहिए क्योंकि संसद की कार्यवाही के दौरान सांसदों के वेतन, सत्र के दौरान सांसदों को मिलने वाली सुविधाएं, भत्ते सचिवालय के कर्मचारियों की सैलरी संसद सचिवालय, आदि पर भारी खर्च होता है। दुनिया के सबसे बड़े व सबसे पुराने लोकतंत्र भारत के लिए यह स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं कही जा सकती है। विडंबना है कि संसद की कार्रवाई बाधित करने वाले पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपने निर्वाचकों व आम जनता में स्वीकार्यता भी अर्जित कर लेते हैं। इसलिए संसद का कामकाज ठप होना आम जनता की चिन्ता का भी विषय होना चाहिए और ऐसे सांसदों को सबक सिखाना चाहिए।

**सतीश उपाध्याय,** मनेंद्रगढ़

### गौरैया संरक्षण

**प्रतिवर्ष** 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस बार 13 वां विश्व गौरैया दिवस है। एक समय घर-घर, आंगन-आंगन में गौरैया दिखती थीं, लेकिन समय के साथ पक्के मकानों और लगातार कम होते जंगलों के कारण गौरैया के कुनबे भी कम हो गए हैं। इसका व्यापक असर हमारे पर्यावरण व धरती की पारिस्थितिकी पर भी पड़ रहा है। गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसे बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हम इस दिवस को मनाते हैं। नेचर फारएवर सोसायटी केअध्यक्ष मोहम्मद दिलावर के प्रयासों से पहली बार 2010 में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया था। आज उद्यान शाकनाशियों और कीटनाशकों ने कीड़ों की आबादी को कम कर दिया है जिससे गौरैया को जीविका से वंचित होना पड़ा है। बड़े शहरों के शहरी क्षेत्रों में गौरैया के पारंपरिक प्रजनन स्थलों में गिरावट, प्रजनन के मौसम में बदलाव, उपयुक्त घोंसले के स्थानों के अभाव व उपयुक्त भोजन की कमी आदि के कारण इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है। भारत में इनकी संख्या में साठ प्रतिशत कमी आई है। गौरैया संरक्षण प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का अभिन्न अंग है।

**सुनील कुमार महला,** पटियाला

### महाराष्ट्र प्रकरण

**महाराष्ट्र** में सत्ता परिवर्तन में राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। मगर ऐसा वाकया कोई पहली बार नहीं हुआ है। राज्यपालों की भूमिका पर बहुत लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। हालांकि, वर्तमान समय में सिर्फ वहीं से राज्यपाल के खिलाफ आपत्ति आ रही है जहां गैर-भाजपा सरकारें हैं। जाहिर है यह राजनीतिक रस्साकशी का भी मामला है। सत्ता से दूर होने वाली पार्टियां वास्तविक स्थिति को नहीं पचा पाने के कारण सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाती है, जबकि संविधान में पहले से ही बहुमत परीक्षण के स्पष्ट प्राविधान हैं। याचिका पर विचार करने वाली पीठ के एक न्यायाधीश ने यह भी कहा है कि यदि वंशवाद के कारण किसी राजनीतिक पार्टी के विधायक असंतुष्ट होकर विद्रोह करते हैं तो राज्यपाल को बहुमत परीक्षण के लिए कहना ही होगा। राजनीतिक दलों को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए कि उनमें कितना आंतरिक लोकतंत्र है और कहीं वे किसी वंश या नेता के गुलाम तो नहीं बनते जा रहे हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**हमें** संसद में गतिरोध को समाप्त करने के लिए बीच का रास्ता नहीं दिखता क्योंकि अडानी मुद्दे की जेपीसी जांच की विपक्ष की मांग पर समझौता नहीं होगा।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। क्योंकि कुछ जगहों पर भारत और चीन दोनों की सेनाएं तैनात हैं।

– **एस जयशंकर**
विदेश मंत्री



**बाजरा** खाद्य सुरक्षा के साथ खाद्य आदतों की चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिकों से खाद्य टोकरी में पोषक अनाज की हिस्सेदारी बढ़ाने को कहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# निर्यातकों, उद्यमियों व कारीगरों के लिए वरदान साबित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो: नन्दी

● सितंबर में आयोजित होगा पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023, 2000 से अधिक मैन्युफैक्चर्स व एक्सपोर्टर्स होंगे शामिल

संवाददाता। लखनऊ/ग्रेटर नोएडा



**औद्योगिक विकास** मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी व प्रदेश के एमएसएमई एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज इंडिया एक्सपो सेन्टर ग्रेटर नोएडा में सितम्बर 2023 में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो.2023 के कर्टन रेजर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो.2023 का लोगो जारी किया गयाए जो उत्तर प्रदेश राज्य से ट्रेड व बिजनेस को बढ़ावा देने में काफी मददगार साबित होगा। ताकि उपभोक्ताओंए उद्यमियोंए निर्यातकों व अन्य स्टेकहोल्डर्स को जागरूक किया जा सके। मंत्री नन्दी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो.2023 सम्पूर्ण उत्पाद रेंज के साथ बॉयर्स के लिए एक वन स्टॉप सोर्सिंग डेस्टीनेशन एवं निर्यातकोंए उद्यमियों और कारीगरों के लिए वरदान साबित होगा।

मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेशए देश का नया ग्रोथ इंजन है तथा देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य हैए जो लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन ने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए एक समग्र इको सिस्टम निर्माण किया है। फरवरी 2023 में सम्पन्न ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में प्राप्त हुए 33ण्50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। इन प्रयासों के साथ प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवसाा का निर्माण करने के अपने लक्ष्य की ओर निरन्तर अग्रसर है। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रदेश के उत्पादों को इंटरनेशनल मार्केट में पहुंच को बढ़ाए जाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से मिल कर प्रदेश में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश राज्य से ट्रेड व बिजनेस को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि प्रदेश के उत्पादों व सेवाओं से सम्बंधित विभिन्न सेक्टर्स को एक छत के नीचे लाते हुए देश तथा विदेश के बी2बी व बी2सी उपभोक्ताओं के समक्ष शोकेस किया जाना है। यह शो प्रदेश के सम्पूर्ण उत्पाद रेंज के लिए बायर्स हेतु एक वन स्टॉप सोर्सिंग डेस्टीनेशन का कार्य करेगाए जो प्रत्येक वर्ष आयोजित होगा। वर्ष 2023 में 21 से 25 सितम्बर 2023 को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड में आयोजन किया जाएगा।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन उत्तर प्रदेश के उत्पादों को प्रमोट किए जाने के लिए किया जा रहा हैए जिसकी ट्रेड कम्युनिटी में एक अलग पहचान होगी। यह उप्र का पहला हाईब्रिड बी टू बी तथा बी टू सी एक्सपो हैए जहां राष्ट्रीय तथाा अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ताओं के समक्ष प्रदेश के एमएसएमई, वृहद इण्डस्ट्रीज, आईटी आईटीएस, टूरिज्म व हॉस्पिटेलिटी, एजुकेशन एवं फाइनेंशियल सर्विसेस, हेल्थ, टेक्सटाइल्स, एग्रो व फूड प्रोसेसिंग, स्टार्टअपए जीआई टैग, टॉय एसोसिएशन्स व क्लस्टर्स, ट्रासंफार्मिंग इंडिया, रिन्यूवेबल एनर्जी, इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स, डिजीटल इंडिया मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, एमएसई, साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडियाए ओडीओपी जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर्स की शोकेसिंग एक छत के नीचे की जाएगी। शो का आयोजन इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट के 50,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने 15 एक्जिबिशन हॉल में किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाने वाला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश के निर्यातकोंए उद्यमियोंए हस्तशिल्पियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। एक्सपो में प्रमुख उत्पाद क्षेत्रों के 2000 से अधिक मैन्युफैक्चर्स व एक्सपोर्टर्स द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों जैसे बनारस की गुलाबी मीनाकारी व सिल्क, बांदा सजर स्टोन, कन्नौज इत्र, लखनऊ चिकनकारीए मुरादाबाद का ब्रासवेयरए आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी आदि विशेष रूप से प्रदर्शन के लिए रखे जाएंगें। विजिटर्स के लिए कन्नौज का इत्रए मुरादाबाद ब्रासवेयर आदि के उत्पादों का लाइव डेमो भी कियाा जाएगा। एक्जीबिशन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमए लाइव शोज जैसे यूपी फैशन शोए यूपी कल्चरल परफार्मेंसए शहनाई नाइटए यूपी बैण्ड परफार्मेंस आदि का आयोजन भी किया जाएगा।

मंत्री नन्दी ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था की मजबूती में निर्यात की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है। प्रदेश में उद्योगों के लिए पर्याप्त मात्रा में रॉ मैटेरियलए मानव संसाधनए खपत के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश भारत का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य है। प्रधानमंत्री जी के जी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट 77.27 प्रतिशत बढ़ कर 88 हजार करोड़ रूपए से एक लाख 56 हजार करोड़ हो गया है। निर्यात में यह वृद्धि अभूतपूर्व है, जिसे हमारी सरकार ने अगले तीन वर्षों में तीन लाख करोड़ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रदेश के एमएसएमई तथा निर्यात इकाईयों को हैंड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में ओवरसीज ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना का कार्य चल रहा है। छोटे उद्यमियों को उनके उत्पादों की पहुंच ग्लोबल मार्केट तक कराए जाने के उद्देश्य से ई.कॉमर्स प्लेटफार्म जैसे वॉलमॉर्टए अमेजन आदि के साथ एमओयू करते हुए उनको ऑनबोर्ड कराए जाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश के निर्यातकोंए उद्यमियों और कारीगरों के लिए वरदान साबित होगा। प्रदेश के उत्पादों को ग्लोबल मार्केट में पहुंचाने में यह ट्रेड शो मील का पत्थर साबित होगा। इस शो का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। यह प्रदेश के इकोनॉमी इको सिस्टम को बढ़ाने के साथ आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के सिद्धान्त पर चलते हुए ननए भारत का नया उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास की नई ऊंचाईयां को छू रहा है। इस अवसर पर माननीय एमएसएमई एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री श्री राकेश सचान जीए अपर मुख्य सचिव श्री अमित मोहन प्रसाद जीए सचिव श्री प्रांजल यादव जीए इण्डिया एक्सपो मार्ट के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार जीए ज्वाइंट कमिश्नर श्री पवन अग्रवाल जी के साथ ही निर्यात क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न स्टेक होल्डर्सए देश विदेश से आए बायर्स एवं मैन्युफैक्चरर उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में भगवान रामलला का दर्शन व पूजन किया

# रामराज्य की संकल्पना साकार हो रही: भूपेन्द्र चौधरी

● मुंगेरीलाल के सपन हैं सपा गठबंधन जीत के दावे: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार में राष्ट्रवाद से रामराज्य की संकल्पना साकार हो रही है। आमजन मानस का विश्वास नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर बढ़ा है। लेकिन कुछ मौका परस्त और स्वार्थी दल भाजपा को हराने के सपने देख रहे है। ये वही लोग है जिन्होंने स्वार्थ और सत्ता के लिए चुनावी गठबंधन किए और चुनाव में असफल होने पर अपनी राहें अलग कर ली। इन दलों का भ्रम जनता ने कई बार तोड़ा है। 2017 और फिर 2019 में जनता ने इनके स्वार्थी गठबंधन को नकार कर नए भारत के निर्माण के लिए भाजपा को अपना मत और समर्थन देकर अभूतपूर्व सफलता दिलाई। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यूपी में अपनी जमीन खो दी है वो अब दूसरे राज्यों में भाजपा को हराने के लिए अन्य दलों की बैसाखी का सहारा तलाशकर जनता को बरगलाने की असफल कोशिशें कर रहे हैं। कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश की जनता ऐसे लोगों का असली रूप देख चुकी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाया कि सपा एक बार फिर से जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति के सहारे अपनी जीत के लिए नित नई योजनाएं बना रही है। सपा जनभावनाओं की अनदेखी करने की प्रवृति से उबर नही पा रही है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में सपा गठबंधन की जीत के दावों को मुंगेरीलाल के सपने बताते हुए कहा कि सपा भ्रम का शिकार है। इसीलिए वह इस सच को स्वीकार नहीं कर पा रही कि देश में माननीय नरेन्द्र मोदी जी का कोई विकल्प नहीं है। सपा सहित समूचा विपक्ष मोदी सरकार में हो रहे गरीब कल्याण के काम और सबका साथ . सबका विकास.सबका विश्वास और सबके प्रयास से समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए चल रही योजनाओं का काम रोकने के लिए स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा सपा सरकार में देश में उत्तर प्रदेश की पहचान भ्रष्टाचार और अपराध की राजधानी के रूप में बन गई थी। गुंडों माफियाओं का आतंक था। सपा संरक्षित अपराधिक गिरोहों के आतंक से जनता कराह रही थी। सपा सरकार में आतंकियों की रिहाई के लिए पैरवी की जाती थीए दंगो के आरोपियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। जनता आज भी सपा के कुशासन को भूली नहीं है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी की लगातार यही कोशिश रहती है कि येन.केन प्रकारेंण चुनाव में भ्रम व झूठ के सहारे कैसे जीत हासिल कर सके। लेकिन जनता सपा की नीति और नीयत दोनों को अच्छे से समझ चुकी है। सपा का जनसरोकार से कोई लेना देना नही हैए सिर्फ सत्ता प्राप्त करना ही उसका एकमात्र लक्ष्य है। इसलिए 2014, 2017, 2019, 2022 में सपा को हराकर जनता ने भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी जनता माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों पर अपनी मुहर लगाकर अपना मत व समर्थन देकर भाजपा को फिर से अभूतपूर्व सफलता दिलाएगी।

# जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की भेंट



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से रविवार को उनके लखनऊ स्थित आवास पर सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भेंट की। मुलाकात के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की आरडब्लू, समितियों ने क्षेत्र में हो रहे विकास और उनकी मांग पर क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण व ओवरब्रिज निर्माण कराए जाने से जाम मुक्ति मिलने पर रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान महानगर अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सिख समाज दल ने भेंट के दौरान सदर गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी, सतबीर सिंह आनंद दिल मीत सेठी और डॉक्टर अमरजीत सिंह ने गुरुद्वारे के समीप के पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग की जिसको उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। भेंट के दौरान व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक अंशु खरे के साथ विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों ने भी भेंट की।

लखनऊ चिकनकारी एसो. से अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, शालू टंडन, जितेंद्र रस्तोगी, सुरेश छबलानी, विमर्श रस्तोगी, अमीनाबाद व्यापार मंडल से अनिल बजाज और गणेशगंज व्यापार मंडल से अशोक मोतियानी, लखनऊ वेलफेयर एसोसिएशन से प्रोफेसर विश्वनाथ विश्वकर्मा प्रोफेसर एके त्रिपाठी प्रोफेसर अजीत पांडे प्रोफेसर अनीता वाजपेई व प्रोफेसर पुनीत कुमार ने भेंट की। विधि प्रकोष्ठ संयोजक एडवोकेट केके मिश्रा व एडवोकेट रोहित सिंह के साथ अधिवक्ताओं ने, सी, एसोसिएशन पदाधिकारियों, गोरखा समुदाय, लखनऊ में रह रहे केरल के निवासियों ने भी भेंट की।

# पर्यटन विकास के लिए 304 लाख की परियोजना स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर शासन ने बलिया जनपद में पर्यटन विकास से जुड़ी 304 लाख रुपए की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दे दी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि तीनों परियोजनाओं में विकास खंड बांसडीह में वीर कुंवर सिंह के नाम पर शहीद स्मारक का निर्माण व पराशर मुनि आश्रम तथा बैरिया के मिल्कीपुर स्थित महाराज बाबा के स्थान के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण की स्वीकृति मिली है। तीनों कार्यों के लिए शासन ने प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति देने के साथ ही उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लिण् को कार्यदायी संस्था के तौर पर नामित भी कर दिया है।

दयाशंकर सिंह ने बताया कि जल्द ही तीनों परियोजनाओं पर कार्यवाही भी शुरू होगी। उन्होंने बताया कि तीनों कार्यों में वीरवर कुंवर सिंह के बनने वाले शहीद स्मारक के लिए कुल 86ण्57 लाख रुपये का प्रावधान किया गया हैए जिसमें से 40 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा पराशर मुनि आश्रम के सौंदर्यीकरण व पर्यटन विकास के लिए 117.57 लाख का बजट हैए जिसमें 50 लाख रुपया जारी कर दिया गया है। इसी तरह महाराज बाबा के स्थान के विकास के लिए 99.57 लाख रुपये का बजट हैए जिसमें 50 लाख रुपये अवमुक्त हो चुका है। सिंह ने बताया कि तीनों परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास के अंतर्गत प्रावधानित धनराशि में वित्तीय प्रावधान किया गया है । उन्होंने कहा कि विकास कार्य का हर एक वादा करेंगे पूरा किया जाएगा। शासन ने तीनों कार्यों को मंजूरी देकर जनपद में विकास को बढ़ावा देने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। महान सेनानी वीर कुंवर सिंह का भव्य स्मारक बनाना मेरी प्राथमिकता में था। पराशर मुनि का आश्रम व महाराज बाबा के स्थान के कायाकल्प से पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

# प्रवर्तन कार्रवाई से खनन माफिया के हौसले पस्त

● 150 से अधिक मुकदमा 93 की हुई गिरफ्तारी

**लखनऊ।** खनन निदेशक डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि खनन माफिओं के खिलाफ जबरदस्त तरीके से कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में अभी तक 150 से अधिक अएफआईआर दर्ज करने के साथ ही 93 लोगो ं को अवैध खनन मामले में गिरफ्तार किया गया। खनन निदेशालय द्वारा अवैध खनन व परिवहन अभियान के चतले प्रभावी नियंत्रण लगाये जाने हेतु बृहद प्रवर्तन कार्य किया जा रहा है। बुंदेलखण्ड एवं वन सुरक्षित क्षेत्र के लिये निदेशालय द्वारा इस महीने विशेष अभियान चलाया गया।

आगरा एवं इटावा में चंबल नदी पर स्थित सुरक्षित वन क्षेत्र नेशनल चम्बल सेंचुरी के विशेष क्षेत्र में निदेशालय की टीमों ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही की। एडीएम की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा को गई कार्यवाही में क्षेत्र में अवैध खनन नहीं पाया गयाए किंतु सीमावर्ती राज्यों से बालू का अवैध परिवहन पाया गया। गत 13 मार्च को आगरा में की गई कार्यवाही में टीम ने बड़ी संख्या में अवैध परिवहन में प्रयुक्त हो रहे वाहनों को सीज किया एवं वहां चालकों तथा मालिको पर एफआईआर दर्ज की। इटावा में विशेष टीमों का गठन कर लगातार कार्यवाही की जा रही हैए जिसमे खनिज के अवैध परिवहन के 8 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई हैं। वर्तमान समय में जनपद आगरा एवं इटावा के सीमावर्ती राज्यों मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से आवागमन वाले 22 स्थानों पर बैरियर, चेक पोस्ट बनाकर चेकिंग के साथ पेट्रोलिंग कराई जा रही है। खनन निदेशालय एवं जिला प्रशासन द्वारा सीमावर्ती संवेदनशील स्थानों सैयां, सरौंध एवं उदी इटावा में मानवरहित चेकगेट भी स्थापित किए गए हैं। क्षेत्र मे पुलिस पेट्रोलिंग, पिकेट के साथ.साथ संचालित यूपी 112 पीआरवी को भी प्रमुख मार्गो पर चेकिंग एवं निगरानी हेतु लगाया गया है। खनन निदेशक डा रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री की स्वच्छ एवं पारदर्शी प्रशासन देने की मंशा एवं निर्देशों के क्रम में निदेशालय द्वारा ऐसी कार्यवाही सतत रूप से की जाती रहेंगी।

### बुंदेलखंड में कार्यवाही से मची खलबली, लगेगा करोड़ों का जुर्माना

दूसरी ओर बुंदेलखंड के हमीरपुर एवं जालौन में निदेशालय द्वारा गुप्त रूप से ड्रोन सर्वे कराया गया। प्रारंभिक रूप से ड्रोन सर्वे द्वारा अवैध खनन के प्रमाण मिलने पर अपर निदेशक खनन विपिन जैन के नेतृत्व में निदेशालय से 04 टीमों का गठन किया गया। गठित जॉच दल द्वारा हमीरपुर के समस्त 22 खनन पट्टा क्षेत्रों में हो रहे खनन की जॉच की गयी। जॉच के दौरान हमीरपुर की सीमा से लगे जनपद जालौन के 02 खनन क्षेत्रों की भी जॉच करायी गयी। जॉच के दौरान 24 खनन पट्टा क्षेत्रों में से 13 खनन पट्टा क्षेत्रों में पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर उपखनिज बालूध्मोरम का अवैध खनन, परिवहन होना पाया गया।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों की ली जाय राय: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में रविवार को कानपुर मण्डलायुक्त कैम्प कार्यालय के सभागार में ग्राम्य विकास की विभागीय योजनाओं की कानपुर मण्डल के समस्त मुख्य विकास अधिकारीए ब्लाक प्रमुखए खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुईए डिप्टी सीएम ने ब्लाक प्रमुखो से किया संवाद, दिये सुझाव। उपमुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में ब्लॉक प्रमुखों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं व समस्याओं के समाधान हेतु उपलब्ध कराए गए सुझावों को सुना गया और निर्देश दिए कि समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित शासनादेशो की बुकलेट तैयार कराकर ब्लॉक प्रमुखों को उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक जनपद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में माह में एक बार बैठक का आयोजन किया जाएए उसमें सभी ब्लॉक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित हो, जिससे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जा सके। ब्लॉक स्तर पर भी माह में एक बार संवाद व संगोष्ठी का आयोजन ब्लॉक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में कराया जाएए जिसमें ब्लॉक के समस्त ग्राम प्रधान व बीडीसी को बुलाया जाए उनको योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाए तथा उनके क्षेत्र में आ रही समस्याओं का समाधान कराया जाये।

विकास सम्बन्धी योजना यदि सभी ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों के लिए है तो ग्राम पंचायत स्तर पर उसका क्रियान्वयन कराया जाएए लेकिन यदि कोई योजना ऐसी हैए जिसमें सीमित ग्राम पंचायतों का चयन किया जाना है तो उन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक प्रमुख से भी विचार.विमर्श कर परामर्श लिया जाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम चौपाल के आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाया जाएए ब्लॉकवार ग्राम चौपाल का माहवार रोस्टर बनाकर ब्लाक प्रमुख व जनपद के अन्य मा0 जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाएए जिससे जन चौपाल में मा0 जनप्रतिनिधि भी उपस्थित होकर जन समस्याओं के समाधान में अपना योगदान दे सकें और अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करा सकें।

# लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित करें: आनंदीबेन पटेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में तिलक स्कूल आफ जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन में नवनिर्मित स्टूडियो इन्क्यूबेशन सेन्टर एवं योग विज्ञान विभाग में स्थापित आनन्दम.चैतन्यम योग केन्द्र के लोकार्पण तथा ललित कला विभाग में छात्रों द्वारा लगायी गयी कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि तिलक स्कूल आफ जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन मे नवनिर्मित स्टूडियो के माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल विकास करने के साथ-साथ उन्हें व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित कर उद्यमशीलता के लिए तैयार किया जा सकेगा। इसके साथ ही शिक्षकों को ई.कंटेंट बनाने व हर प्रकार के विद्यार्थी को समावेशी शिक्षा प्रदान करने की सुविधा मिलेगी।




राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र छात्रों, शिक्षकों व सभी प्रतिभागियों का मानसिक तनाव दूर करने में सहायक होगा और उनमें नवीन ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सौ दिनों का योग उत्सव मनाया जाता है। इस योग उत्सव को उत्साह के साथ मनायें और लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। राज्यपाल ने ललित कला विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी के अवलोकनोपरांत कहा कि भारत के विद्यार्थियों में लोक कलाओं के प्रति अत्यधिक रूचि व प्रतिभा है। इस प्रकार की प्रदर्शनियों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित किया जाना चाहिएए जिससे ये कलाएं विश्व में सम्मानित स्थान प्राप्त करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो संगीता शुक्ला सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अवसर मिलने पर नारीशक्ति ने देश का नाम रौशन किया

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा हुनर से रोजगार एवं महिला सशक्तीकरण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नारी शक्ति के इस सशक्तीकरण के सफर को तेज गति से आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है। जब भी नारी शक्ति को अवसर मिला है, देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिशा में काफी महिलाओं ने श्री अन्न से बने उत्पाद को बनाने, खिलाने और बेचने का काम भी प्रारम्भ कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य शुरू होने से श्री अन्न अनाज को एक नई दिशा मिलेगी और हम मोटे अनाज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकते है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 4 पुस्तकों सीतोषण फल डा अरविन्द राणा, मोटे अनाज डा केके सिंह, कलेण्डर.कृषि विज्ञान केन्द्र शाहजहॉपुर एवं मोटे अनाज उत्पादन तकनीक.डा आरके नरेश की पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में 32 स्टाल लगाये गये थे, जिसमें महिलाओं ने अपने लघु उद्योग के द्वारा उत्पादित उत्पाद प्रदर्शित किया। प्रदेश की राज्यपाल ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। कृषि विश्वविद्यालय में जैव नियंत्रण प्रयोगशाला का लोकार्पण राज्यपाल ने किया। यह प्रयोगशाला लगभग 4 करोड से बनकर तैयार हुई। इसमें 10 प्रयोगशालाएं 4 क्लासरूम 1 कॉन्फ्रेन्स रूम, 1 ट्रेनिंग हॉल का निर्माण किया गया है। कृषि विश्वविद्यालय में आज पहली बार किसानों को उपलब्ध कराये गये 3 ड्रोन का उद्घाटन राज्यपाल ने किया। कुलपति, डा केके सिंह सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे देश में महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान व सशक्तिकरण के लिए सतत् चेतना फैलाने की आवश्यकता है।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष पेश किया जाएगा अथर्व भारत फाउंडेशन का मॉडल

संवाददाता। सीतापुर




**गैर सरकारी संगठन** अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति ने सीतापुर सांसद राजेश वर्मा को क्षेत्र में चल रहे संस्था के कार्यों के विषय में अवगत कराया। सांसद श्री वर्मा ने डेनमार्क की एचपी एवं एचपी शिक्षा मॉडल से प्रेरित नयी शिक्षा नीति के अनुरूप अथर्व भारत फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की एवं यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वशन भी दिया। सांसद श्री वर्मा ने स्वास्थ्य और शिक्षा के मॉडल के इस मॉडल को सीतापुर के सुदूर क्षेत्र जैसे सकरन, रेउसा आदि मे स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। सांसद ने संस्था की आईआईटी और ऐम्स के एक्स स्टूडेंट्स द्वारा तैयार की गयी किट को भली भाँति समझा और उसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं को ध्यान में रखकर सलाह भी दी। सांसद राजेश वर्मा के समक्ष पायलट प्रोजेक्ट के पूर्ण होने पर एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा, जिसके मूल्यांकन के पश्चात उपयुक्त क्षेत्रों में अन्य विद्यालयों में भी संस्था को कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। सांसद ने संस्था के इस मॉडल के संदर्भ में भारत के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को एक प्रस्तुति करने का सुझाव दिया। अथर्व भारत फाउंडेशन ने उपर्युक्त सुझावों को ध्यान में रखकर कार्य प्रारंभ कर दिए हैं।

# शहर के मशहूर जिम संचालक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शहर** के मशहूर जिम संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह दिल्ली से अपने घर लखीमपुर लौट रहे थे।रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनकी कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

बताते चलें शहर के पंजाबी कॉलोनी निवासी सरदार दलजीत सिंह शहर की मेन रोड पर अपना जिम सेंटर चलाते थे। शहर में दलजीत ने एक अपनी अलग पहचान बना ली थी। बीते दिनों किसी काम से दिल्ली गए थे। जहां से वापस लखीमपुर आ रहे थे। इसी दौरान करीब सुबह 5 बजे उनकी कार में अमीन नगर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दीए जिससे उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में आई चोटों के चलते उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इस हादसे में दलजीत सिंह की गाड़ी भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई।जैसे ही उनकी मौत की सूचना परिजनों को मिली तो पूरे घर में कोहराम मच गया। शहर के व्यवसायियों में भी उनकी मौत की खबर से सन्नाटा पसर गया। उधरए पुलिस का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। आरोपी वाहन चालकए गाड़ी को लेकर फरार है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 20 मार्च से ब्लॉक स्तर पर शुरू होगी सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का रोस्टर जारी

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी की खीरी एवं धौराहरा संसदीय क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा, 20 मार्च से 27 मार्च तक आयोजन होंगा। 20 को ब्लॉक ईसानगर के ईसानगर स्टेडियम, 21 को धौरहरा में कस्तूरबा गांधी धौरहरा, कुंभी गोला में राजेन्द्र गिरि स्टेडियम व लालपुर स्टेडियम, 22 को ब्लॉक फूलबेहड़ के जंगल नंबर 11, मितौली के नवीन तहसील परिसर, मितौली व पसगवा के खखरा। 23 को ब्लॉक बेहजम की स्टील फैक्ट्री व बांकेगंज के मेला मैदान, 24 को ब्लॉक रमियाबेहड़ के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमृत स्टेडियम रामनगर बगहा, 25 को ब्लॉक बिजुआ के शारदा पब्लिक स्कूल, छिटहा, बिजुआ, 26 को ब्लॉक निघासन के स्वतंत्रता संग्राम सैनानी अवध बिहारी लाल वर्मा अमृत स्टेडियम मोतीपुर व ब्लॉक पलिया में बल्देव वैदिक इण्टर कालेज पलिया एवं 27 को ब्लॉक नकहा के केवलपुरवा विद्यालय आयोजन होगा।

## क्विक न्यूज

### रंजीत सिंह को अध्यक्ष और वशी खां उपाध्यक्ष निर्विरोध

**तिकुनियां खीरी।** जसनगर साधन सहकारी समिति में संचालक पद का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से शनिवार को संपन्न हो गया था। रंजीत सिंह को अध्यक्ष और वशी खां को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया है। चुनाव अधिकारी विनीत मिश्रा ने बताया कि रविवार को अध्यक्ष पद के लिए रंजीत सिंह और उपाध्यक्ष पद के लिए वशी खां ने पर्चा दाखिल किया निर्धारित समय तक अन्य किसी संचालक ने इस पद के लिए नामांकन नहीं किया जिससे उक्त दोनों निर्विरोध चुने गए है। कल 6 सीटों पर संचालक पद के हुए चुनाव में तिकुनिया से हरि भगवान शर्मा, सहेजखेड़ा से वशी खां, खैरटिया से रंजीत सिंह और स्वर्ण सिंह बरसोला और सूरतनगर से अंजू देवी और निर्मल सिंह ने चुनाव जीता था। तीन संचालक द्वारिका दर्शन सिंह और अहमदी निर्विरोध चुने गए थे।

### आबकारी विभाग की अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध छापेमारी

**मोहम्मदी खीरी।** तहसील मोहम्मदी आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्रा क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की बिक्री के खिलाफअभियान चलाकर छापेमारी कर रहे है। अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्रा के नेतृत्व में आबकारी विभाग मुड़ा गालिब जंगल व इमिलिया घाट क्षेत्र में छापेमारी की। तलाशी के दौरान दो भट्ठी और दो हजार किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट की गयी।मौके से 175 लीटर अवैध शराब को बरामद कर जब्त किया गया। अभियान में आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्रा सहित प्रधान आबकारी कांस्टेबल मनोज शर्मा मौजूद रहे।

### सीएचसी निघासन का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार की दोपहर सीएमओ डॉ० संतोष गुप्ता ने सीएचसी निघासन का औचक निरीक्षण किया। दवाओं के स्टाक देखा, विशेष टीकाकरण अभियान पखवाड़े को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधीक्षक डॉ० प्रीति रावत को निर्देशित किया कि वह विशेष टीकाकरण अभियान पखवाड़े सहित आयुष्मान गोल्डन कार्ड में छूटे हुए लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड को अविलंब बनवाना सुनिश्चित करवाएं। जिससे लाभार्थी उसका लाभ उठा सकें। इसके बाद उन्होंने निघासन में बने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया।

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक की मौत

**बरेली।** दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव लुकतेहैया निवासी 65 वर्षीय पूरन लाल कि बीती रात बरेली के जिला अस्पताल में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि पूरनलाल कल दिन में मोटरसाइकिल से पोखरपुर स्थित अपनी ससुराल गया था उसके साथ गांव का ही रहने वाला एक युवक भी गया था, शाम को घर वापस लौटते समय गांव के पास ही पीछे से आ रही एक दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत जमीन पर गिर पड़ा और उसके साथ बाइक पर पीछे बैठे गांव के ही रहने वाले युवक को मामूली चोट है दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गए सूचना मिलते ही घर के लोग मौके पर पहुंचे और पूरनलाल को इलाज के लिए पीलीभीत के जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हालत नाजुक देख कर रात में उसे इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाए जहां कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया।

### मायके गई महिला पर किया चाकू से हमला

**बरेली।** मां की बरसी के अवसर पति के साथ मायके गई एक महिला पर पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने मामूली विवाद के बाद चाकू से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिंधौली थाने के गांव बाकर नगर निवासी छोटू ने बीती रात पत्नी नाजिस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने बताया कि उसकी ससुराल फरीदपुर के गांव में मझआवा में है और कल दिन में उसकी सास की बरसी थी जहां वह अपनी पत्नी नाजिस के साथ फातिहा में शामिल होने गया था वा छोटू ने बताया कि उसके ससुरालियों का पड़ोस में रहने वाले रफीक, राजू और कल्लू से जमीन विवाद चल रहा है कुछ दिन पहले जांच करने के लिए कोई अधिकारी आया था जिसके चलते रफीक और उसके घर वाले उसके ससुरालियों से रंजिश मानते हैं जब वह फातिहा में शामिल होने के लिए वहां गया तो पड़ोसियों ने गाली देना शुरू कर दी विरोध करने पर नाजिस पर चाकू से हमला कर दिया वह घायल हो गई।

### फरार हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली ।** गांव के ही युवक की हत्या करने के बाद फरार हुए ग्रामीण को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा आदि भी बरामद कर लिया। सिरौली थाने के गांव धनोरा गौरी निवासी सौरभ पुरी पुत्र ओमकार पुरी की हत्या के आरोप में पुलिस ने गांव के ही रहने वाले तेज पुरी पुत्र पन्नू पुरी को आज बिशन पुरी चौराहा से सुबह तड़के गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने गिरफ्तार तेज पुरी की निशानदेही पर सौरव पुरी का मोबाइल फोन हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल फावड़ा, लाठी, टॉर्च, मफलर,हत्या के समय पहना गया लोवर भी बरामद कर लिया गिरफ्तार किए गए अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि सौरव पुरी उसकी बेटी पर बुरी नजर रखता था उसने सौरभ को कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना जिसके चलते होली के दिन भर सौरभ को खेत पर ले गया और साथ में लेकर गया और वहीं पर धूम्रपान करने के बाद सौरभ को शराब भी पिलाई जब सौरभ में हो गया तो उसके साथ गाली गलौज करने लगा तब उसने गुस्से में आकर ट्यूबवेल के अंदर ही उसका गला दबा दिया और उसके बाद लाश को उठाकर अरविंद पांडे के खेत में डालकर उसकी फावड़े से गर्दन काट दी और सिर पर भी फावड़ा मारा और सिरकटी लाश को खेत में खेत में डाल दिया और फरार हो गया इधर सौरभ जब घर नहीं पहुंचा तो घर के लोग उसे तलाशने में जुट गए और अगले ही दिन थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी 13 मार्च को सौरभ का शव खेत में सिर कटी अवस्था में मिला मिला उसका सेल पास के खेत में पड़ा हुआ था पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारों की को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी है और आज तेजपुरी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

### दबंगों ने की पिटाई से युवक की मौत

**बरेली।** दुकान के गले से रुपए चोरी करने का आरोप लगाते हुए एक दुकानदार ने अपने दोस्तों की मदद से गांव के एक युवक की जमकर पिटाई कर दी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कला निवासी 35 वर्षीय प्रमोद पुत्र ननकू कि रविवार दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक की पत्नी पुष्पा ने बताया कि गुरुवार को उसका पति प्रमोद गांव के बाहर अशोक यादव की दुकान के पास बैठकर किसी के आने का इंतजार कर रहा था इसी दौरान अशोक यादव ने उस पर अपनी दुकान के गल्ले से 300 रुपए चोरी करने का आरोप लगाया और गाली गलौज की सो सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और प्रमोद की तलाशी ली गई लेकिन प्रमोद की जेब से मात्र 200 निकले जो उसके ही थे इसके बावजूद अशोक यादव ने अपने दो साथियों की मदद से उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की इधर इलाज के दौरान आज दोपहर प्रमोद की घर में ही हालत बिगड़ गई तब घर के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक 7 बच्चों का पिता था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# संसदीय कार्यमंत्री ने विपक्षियों पर शायराना अंदाज में निशाना साधा



**शाहजहांपुर।** युवा वर्ग के कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री शामिल हुए। कार्यक्रम युवा कार्यकर्ताओं को संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें विदेशों में गई। वहां से भी रोजगार मिला है।वहीं विपक्षियों पर शायराना अंदाज में निशाना साधा। कहा कि नाच न आवे आंगन टेड़ा। उन्होंने कहा कि अपना जनाधार बढ़ाते के लिए मेहनत कर रहे हैं। इसमें कुछ गलत नहीं है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सीएम योगी ने कितने लोगों को विदेशों में भेजा। हमारी आठ टीमें 17 देशों में गईं। सबसे बड़ा रोजगार वही देगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने पक्ष में माहौल बनाने में असफल हो गई है। इसलिए इस तरह के स्लोगन और कसीदे पढें जा रहे हैं। अगर हम ज्यादा मेहनत करके अपना जनाधार बढ़ाते हैं। तो इसमें गलत क्या है। मैं समझता हूं सभी को ऐसा करना चाहिए। हर पॉलिटिकल पार्टी को ऐसा करना चाहिए।वित्त मंत्री ने इससे पहले उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खिरनीबाग रामलीला मैदान में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। जहां उन्होंने तमाम प्रकार के स्टालों का निरीक्षण कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## उपकेन्द्रों पर पूर्व की भांति कार्य पर लौटे विधुत अधिकारी

**शाहजहाँपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल के सम्बन्ध में इस जनपद के (33/11 केवी) कुल 43 उप केन्द्रों पर विद्युतकर्मी तथा संविदा कर्मियों द्वारा सुचारू रूप से कार्य सम्पादित किया गया। हड़ताल के दौरान कार्य कर रहे कर्मचारियों/संविदा कर्मियों की सुरक्षा हेतु जनपद के 43 उप केंद्रों पर पुलिस व मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगायी गयी थी तथा नगर मजिस्ट्रेट व सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर विद्युत सम्बन्धी समस्याओं पर सतर्क दृष्टि रखते हुये समस्या का समाधान कराया गया। इस जनपद में विद्युत हड़ताल का कोई विशेष प्रभाव नहीं रहा। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शाहजहांपुर को निर्देशित किया कि सांकेतिक हड़ताल समाप्त होने के दृष्टिगत जनपद के सभी विद्युत कर्मियों को निर्देशित करें कि वह अपने-अपने तैनाती विद्युत उपकेन्द्रों पर पूर्व की भांति सुचारू रूप से कार्य करना सुनिश्चित करें।

# खीरी का मिर्जापुर प्राइमरी स्कूल दूसरों के लिए प्रेरणा

**● मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के खिताब**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**कर्म भूमि** पर फूल के लिए श्रम सबको करना पड़ता हैंए रब सिर्फ़ लकीरें देता हैं रंग हमको भरना पड़ता हैं3यह कहावत ब्लॉक बेहजम के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर के प्रधानाध्यापक पर सार्थक साबित हो रही है। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा ने अपने अभिनव प्रयास व स्टाफ के सहयोग से विद्यालय की सूरत बदलने के साथ शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ा दी। विद्यालय में अबतक करीब 263 छात्र.छात्राओं का पंजीकरण हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया।

बेहजम ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर कायाकल्प के बाद नजीर बन गया। रंगरोगन के साथ मूलभूत सुविधाओं से लैस यह विद्यालय अब नई चमक बिखेर रहा है। कांवेंट स्कूल की तर्ज पर साज.सज्जायुक्त यह विद्यालय सोशल मीडिया पर भी चर्चित है। स्कूल की दीवारों पर बनी सुंदर पेंटिंग के साथ कक्षाओं का डेकोरेशन, गार्डेन व शौचालय की साफसफाई इसे खास बनाए हुए हैं। विद्यालय का नजारा इतना खूबसूरत है कि बच्चे यहां पढ़ने को प्रेरित हो रहे हैं। गांव वाले स्वयं इस विद्यालय की खूबसूरती व शिक्षा के परिवेश को दूसरे स्कूलों से खास मानते हैं। इनका कहना है कि यह सरकारी स्कूल है मगर किसी कॉन्वेंट स्कूल से कम नहीं है।

प्रधानाध्यापक विनोद ने कार्यभार ग्रहण ही विद्यालय को आकर्षक बनाने का संकल्प किया। स्वयं के प्रयासो, स्थानीय संसाधनों के बल पर विद्यालय को भौतिक रूप से बेहद आकर्षक बनाया। विद्यालय की चाहरदीवारी को ठीक कराकर गेट लगवाया। कक्षा कक्ष में विद्युत वायरिंग, इनवर्टर की व्यवस्था कराई। बच्चों के फर्श पर बैठने को लेकर चिंतित प्रधानाध्यापक ने विधायक सौरभ सिंह सोनू को प्रेरित कर फर्नीचर की व्यवस्था कराई। विद्यालय में शिक्षाए संस्कार से जुड़े मार्मिक चित्रण भी उकेरे गए। कक्षाओ की दीवारों पर शरीर के अंगों के नाम, दिनों के नाम, हिंदी व अंग्रेजी के शब्द मालाओं का वर्णन हैं।

बच्चों के सीखने के लिए अल्फाबेट के पैटर्न पर चित्रण भी है। छात्र उपस्थिति पर फोकस कर निपुण विद्यालय बनाने पर बल दिया। अध्यापन अवधि समाप्ति के बाद अध्यापक विद्यालय में रुककर अभिलेखीय कार्य पूरा करते है। ऑनलाइन गतिविधियों के के लिए विद्यालय में डिश टीवी की व्यवस्था है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण से आज भी योगए पीटीए प्राणायामए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन की निरंतरता कायम है।

## ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**सीतापुर।** सिधौली के ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल मे रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे हाइकोर्ट के न्यायधीश मनीष कुमार धर्मपत्नी भावना के साथ शामिल रहे। समारोह में साइनो स्योर नामक पत्रिका का विमोचन न्यायाधीश के द्वारा किया गया, इस पत्रिका का उद्देश्य विद्यालय की गतिविधियों को अभिभावकों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम मे एडिशनल एसपी दक्षिणी एनपी सिंह, एसडीएम राखी वर्मा, नायब तहसीलदार सुरभि गौतम, सीओ सिधौली यादुवेंद्र, सीओ महोली अमन सिंह, कोतवाली प्रभारी आर के सिंह, एसओ अटरिया रामप्रकाश, एसओ राजकरन सिंह, एसओ संदना ओपी तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को बेहतर बनाने मे विद्यालय प्रबंधिका डा रितुजैन, मैनेजर डा मनीष जैन, प्रधान अध्यापिका डा नीरु टडंन, प्रभात श्रीवास्तव, भाष्कर त्रिपाठी, शची शर्मा, डीबीएस भदौरिया, विनय श्रीवास्तव, सबा खान का विशेष योगदान रहा।

# सीतापुर में खुलेगा अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर, बिना टेस्ट दिए ही बन जाएगा लाइसेंस

**सीतापुर।** परिवहन विभाग द्वारा सीतापुर में डीटीसी (ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर) खोलने की योजना तैयार की गयी है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सीतापुर में एक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर खोला जाना है जिसके बाद ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर में ट्रेनिंग करने वाले आवेदको को एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में टेस्ट नही देना होगा। ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर से प्राप्त प्रमाण पत्र के आधार पर ही परिवहन विभाग स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी करेगा। एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर खोलने की प्रक्रिया प्रारम्भ है ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के लिये निश्चित मानको को पूरा करना अनिवार्य होगा। कोई भी विधिक संस्थान ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर खोल सकेगा।

ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर का लाइसेंस परिवहन आयुक्त महोदय द्वारा मानको की जॉच कर जारी किया जायेगा। ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के लिये मुख्यालय से दस किलो मीटर की परिधि में दो एकड़ भूमि के अतिरिक्त अन्य अर्हताओं को शामिल किया गया है। ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के लिये एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) कम्पनी आदि आवेदन कर सकते है। एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि एनजीओ का वित्तीय टर्नओवर दो करोड़ रूपये व बैलेंससीट पचास लाख रूपये होना जरूरी होगा।

ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये आवेदको को निश्चित धनराशि का भुगतान ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर के संचालक को करना होगा। चार पहिया वाहन की ट्रेनिंग के लिये छः हजार रूपये व भारी वाहन की ट्रेनिंग के लिये दस हजार रूपये का भुगतान देय होगा। इसी तरह सभी राजकीय/उपक्रम के चालको को पॉच वर्ष में एक बार रिफ्रेशर कोर्स करना अनिवार्य होगा जिसके लिये एक हजार रूपये का भुगतान सेन्टर संचालक को करना होगा। ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर संचालक द्वारा चार पहिया वाहन के लिये चार सप्ताह, भारी वाहन के लिये छः सप्ताह व रिफ्रेशर कोर्स के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा। एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि डीटीसी सेन्टर खुल जाने के बाद एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिये टेस्ट नही देना होगा।

# आठ समितियों के अध्यक्ष/सभापति निर्विरोध निर्वाचित

**बेहजम खीरी।** बेहजम क्षेत्र में शांति पूर्वक आठ समितियों के अध्यक्ष/सभापति एवं उप सभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए निर्वाचन अधिकारी ने सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई दी।अछनिया किसान सेवा सहकारी समिति में संजय दीक्षित सभापति और उषा देवी उप सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए दिलीप गुप्ता चुनाव अधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके अच्छे कार्यकाल की बधाई दी। मुगलीपुर समिति में रविन्द्र तिवारी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। वहीं पैला साधन सहकारी समिति में रमेश प्रसाद वर्मा सभापति और राजेश कुमार पाण्डेय उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित होने पर चुनाव अधिकारी हरीश कुमार ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर समिति के सचिव जगदीश प्रसाद शुक्ल सहित गांव के शंकर स्वरुप त्रिवेदी ब्रजकिशोर त्रिवेदी अखिलेश कुमार सुशील कुमार देवेन्द्र कुमार श्यामवती, अरुण कुमार सिंह, शरीफ खां नदीम खां प्रधान सहित कई लोग मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी बेहजम राम पारस प्रजापति ने बताया कि बेहजम क्षेत्र की आठ समिति नीमगांव, अंछनिया, गौरिया, पैला, भदूरी गोपालपुर, भूलनपुर, मुगलीपुर, शंकरपुर समितियों में निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं वहीं सांवलसिंह पुरवा समिति का चुनाव प्रशासन के आदेशानुसार निरस्त कर दिया गया है।

## राकेश जायसवाल निर्विरोध अध्यक्ष घोषित

**सिंगाही.खीरी।** खैरीगढ़ साधन सहकारी समितियों पर अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। साधन सहकारी समिति पर 9 सदस्यों के बीच अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र सिंह पंकज सिंह मुन्नी त्रिवेदी ने नामंकन दाखिल किया। जिसमें गलत अनुमोदक व प्रस्तावक होने के कारण मुन्नी त्रिवेदी का पर्चा अवैध कर दिया। उपाध्यक्ष के लिए केवल राकेश जायसवाल ने पर्चा दाखिल किया। राकेश जायसवाल निर्विरोध घोषित हुए। अध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र सिंह व पंकज सिंह को एक मत मुन्नी त्रिवेदी का न पड़ने के कारण चार चार वोट मिले निर्वाचन अधिकारी वीरपाल सिंह ने दोनों उम्मीदवारों को बीच पर्ची डालने का प्रस्ताव रखा। दोनों उम्मीदवारों ने प्रस्ताव को पास किया जिसमें पंकज सिंह विजई रहे। निर्वाचन अधिकारी वीरपाल ने पंकज सिंह को प्रमाण पत्र दिया। जीत होने के बाद संजय तिवारी, परमजीत सिंह पम्मी, परुषोत्तम सोनी, संजीव कुमार ने श्रीराम सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# सीबीओ को मिलेगी युवा संवाद की जिम्मेदारी

**लखीमपुर खीरी।** जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र श्रीमती रोशनी पटवा ने बताया कि मा. प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन में, भारत आजादी का अमृत महोत्सव आजादी के 75वें वर्ष और अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों का गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहा है। पीएम ने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में पंच प्राण के एक दृष्टि भारत 2047 अमृत काल के युग में मंत्र की भी घोषणा की थी। युवा मामले और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), युवा संवाद, भारत 2047 का आयोजन कर रहा है। इसके लिए देश भर के सभी जिलों में समुदाय आधारित संगठनों (सीबीओ) के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन 01 मई से 30 जून, 2023 के मध्य किया जायेगा।

बताते चलें कि जिला स्तर पर विभिन्न सीबीओ (समुदाय आधारित संगठन) के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। जिला नेहरू युवा केंद्र देश के भविष्य पर एक सकारात्मक संवाद उत्पन्न करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा कल्पना के रूप में पंच प्राण कार्यक्रम टाउन हॉल प्रारूप में जानकार विशेषज्ञों व्यक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा। पंच प्राण पर परिचर्चा का नेतृत्व करते हुए प्रश्नोत्तर आदि की भागीदारी के साथ न्यूनतम 500 युवा प्रतिभागी भाग लेगें। इस कार्यक्रम के आयोजन करने वाले सीबीओ को रू. 20 हजार तक की प्रतिपूर्ति की जाएगी। जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने बताया कि युवा संवाद कार्यक्रम के संचालन के लिए पर्याप्त संगठनात्मक शक्ति वाले जो समुदाय आधारित संगठन सीबीओ आवेदन करना चाहते हैं। वे गैर राजनीतिक, गैर पक्षपातपूर्ण इतिहास वाले होंगे और संगठनों के खिलाफकोई आपराधिक मामला लंबित नहीं होना चाहिये ।प्रति जिले से 03 कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सीबीओ का चयन किया जाएगा। इच्छुक सीबीओ कार्यालय जिला युवा अधिकारी त्रिपाठी कॉलोनी, गोला रोड, लखीमपुरखीरी, पिनकोड 262701 से प्राप्त निर्धारित आवेदन प्रपत्र में अपने आवेदन 29 मार्च तक जमा कर सकते हैं।

## कांग्रेसियों ने गांव गांव घूम कर जनता से साथ आने की बात कही

**शाहजहांपुर।** अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान आप की कांग्रेस आपके गांव के दूसरे चरण में प्रदेश अध्यक्ष शहनावाज आलम साहब व प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस साहब व प्रदेश सचिव अदीब अहमद के आदेश अनुसार अल्पसंख्यक समाज को जागरूक करने का काम किया व अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस से जुड़ने की अपील की व काजीपुर सिर्मरिया कटिया शहवाजनगर घुस्गवा दौलतपुर गांव मे जा कर सक्रिय सदस्य बनाये श्रीमती प्रियंका गांधी के संदेश को अल्पसंख्यक समुदाय तक पहुंचाया। जिला अध्यक्ष सईद अन्सारी सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए देश में बरोजगारी व महगाई में इजाफा करने वाली पार्टी बताया इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं में आगामी लोकसभा चुनाव में जनता का कांग्रेस में विश्वास कायम होने की बात कही।

# सुषमा स्वराज अवार्ड से नगर की महिलाओं को सम्मानित किया गया

**शाहजहांपुर।** भाजपा जिला कार्यालय रेती रोड स्थिति सुषमा स्वराज अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नगर की महिलाओं को उनके भिन्न भिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि अपर्णा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रेश गुप्ता क्षेत्रीय महामंत्री ब्रज क्षेत्र ने सर्व प्रथम कार्यालय मे भारत माता, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित किये एवं पुष्प अर्पित कर सुषमा स्वराज अवार्ड के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मुख्य अतिथि का फूलमाला पहनाकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत सम्मान किया गया।

यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष वर्षा अवस्थी व जिलाध्यक्ष शिल्पी गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर शाहजहांपुर में प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर्णा के द्वारा भिन्न भिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्यों बाली

डा. नमिता सिहं, डा.पूजा पाण्डे त्रिपाठी, डा.दीपा दीक्षित, पत्रकार शिशान्त शुक्ला, अंजू राजरानी, रसोई किंग नीरा गुप्ता, अर्चना कटियार, निखर परवीन, देवेंद्र कौर गुप्ता विनीता, सुमित शुक्ला, काजल यादव, श्रुति गुप्ता, दीपमाला रस्तोगी योग्यता मिश्रा, मधु अग्रवाल, अंजू अग्निहोत्री को फूलमाला पगड़ी प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर तथा पटका पहनाकर उनको सम्मानित किया। महानगर महिला मोर्चा व जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महामंत्री नीलम गुप्ता उपाध्यक्ष, माधुरी सक्सेना, महानगर सोशल मीडिया प्रभारी सरोज गुप्ता ,कल्पना श्रीवास्तव, मंजुला बाथम, रजनी भानू सिहं, लता तिवारी, मीनाक्षी अग्निवेश, ज्योति गुप्ता, मीना सक्सेना, पिंकी रस्तोगी, क्षमा वर्मा, अरुण गुप्ता, महेंद्र वर्मा का सहयोग रहा।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाज में बड़ा परिवर्तन हुआः पदम



**शाहजहांपुर।** विकासखंड ददरौल के धन्योरा के सहकारी समिति के सभापति पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला संयोजक सुमित सिंह भदौरिया का महासभा कार्यालय पर क्षत्रियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस मौके पर उन्हें लड्डू खिलाकर उपस्थित सभी क्षत्रियों का मुंह मीठा कराया गया क्षत्रियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष पदम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र का सम्मान करते हुए क्षत्रिय समाज को चुनावी प्रतिद्वंदिता को व्यक्तिगत विरोध के रूप में न लेकर व्यक्तिगत विरोध ही उनके पतन का कारण रहा है ग्राम पंचायत के चुनाव में प्रधानी चुनाव की प्रतिद्वन्दता के कारण क्षत्रिय समाज में सर्वाधिक हत्याएं हुई हैं और समाज के बीच में बड़ी दीवारें बनी है जिससे समाज अभी तक उभर नहीं पाया है समाज के साथ शिक्षा और सत्ता परिवर्तन लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाज में बड़ा परिवर्तन हुआ है जिसकी समाज में अब स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। जिला प्रभारी पवन कुमार सिंह ने कहा कि देश में बदलते हुए परिवेश के साथ अब इस ऊर्जा वान कौम को भी अब अपने आप को पूर्णता बदलने की आवश्यकता है सामाजिक सद्भाव से ही उन्हें यश और वैभव मिलेगा और अपनी पुरानी धरोहर एब विरासत को बचा पाएंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर ओंकार सिंह (सिधौली) ने कहा कि बरेली में आयोजित क्षत्रिय होली मिलन सम्मेलन में शाहजहांपुर क्षत्रिय महासभा की भारी भागीदारी की राष्ट्रीय नेतृत्व से सराहना की सम्मेलन में महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू, राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह भदौरिया, प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर भुवनेश्वर सिंह एवं मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह आदि उपस्थित रहे एवं उन्होंने जनपद के क्षत्रिय महा द्वारा किया जा रहा है संगठनात्मक कार्यों की सराहना की बैठक का संचालन जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एड.) ने किया एवं प्रमुख रूप से महा नगर अध्यक्ष वीरांगना ममता सिंह चौहान रविंद्र पाल सिंह, मंगल सिंह, महिपाल सिंह चौहान आदि ने संबोधित किया इस मौके पर प्रमुख रूप से गिरंद सिंह, अमित प्रताप सिंह, अवधेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास से ही विश्व गुरु बनेगा भारत : प्रो. प्रशांत

## शक्ति डिग्री कालेज शाखाहारी घाटमपुर में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास विषय पर सेमिनार का आयोजन

**संवाददाता।** घाटमपुर




**शक्ति** डिग्री कालेज शाखाहारी घाटमपुर कानपुर में विज्ञान शिक्षा से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में पधारे आई आई एम नागपुर के वरिष्ठ प्रो. एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. प्रशान्त गुप्ता, कार्यक्रम के अध्यक्ष वारिष्ठ समाज सेवक एंव पत्रकार बृजेन्द्र प्रताप सिंह, आई आई टी कानपुर के वरिष्ठ बैज्ञानिक प्रो. समीर खांडेकर तथा मास्को के ऐरोनॉटिकल वैज्ञानिक भैभव बरुण व कालेज प्रबंन्ध तंत्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सेमिनर को संवोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. प्रशान्त गुप्ता ने कहा कि गांव के बिकास से ही भारत विश्व गुरु बन सकेगा इस लिये ग्रामीण क्षेत्र के बिकास के लिये युवाओं को तकनीकी एंव शरीरिक तथा आर्थिक रुप से मजबूत करना होगा उन्होने स्थानीय स्तर पर कृषि एंव पशु पालन डेयरी आदि लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कहते हुए विज्ञान शिक्षा के प्रति लोगों में ब्याप्त डर दूर करने तथा उसे रोचक और आसान तरीकों की खोज पर बल दिया।

आईआईटी कानपुर के वारिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. समीर खांडेकर ने भी अपने संवोधन में ग्रीमा क्षेत्र के बिकास के लिये स्थानीय लोगों को आगे आने की बात कही जिसके पीछे उनका तर्क था ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को वो लोग ही अच्छे तरीके से समझते है, प्रो. खांडेकर ने विज्ञान शिक्षा को रोचक बनाने का सुझाव देते हुए विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को इनोवेटिव विचारों के लिये माहौल देने व क्षेत्र में बनने वाले गुड़ के बायप्रोइक्ट खोई अथवा खसखस एंव रस के कचरे से बनने वाली वस्तुओं के कारखाने लगाने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बृजेन्द्र प्रताप ने वर्षा के जल संचयन को ग्रामीण विकास से जोड़ते हुए छात्र-छात्राओं से अपील की वो सरकार की ग्रामीण बिकास से संवंन्धित योजाओं को ग्रामीणों तक पंहुचाए, जबकि वैभव वरुण ने ड्रोन की मदद से ग्रामीण क्षेत्र में कृषि को बेहतर बनाने की बात कही। डॉ संदीप द्विवेदी, प्रार्चाय डॉ प्रभाकांत मिश्रा ने भी विचार रखे। आगनतुकों का स्वागत लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी और धन्यवाद महाविद्यालय के प्रबंन्धक विनय त्रिवेदी ने कियां, कार्यक्रम का संचालन गीतेन्द्र शरण लाल एंव श्रीमती रंजना सिंह ने संयुक्त रुप से किया, कार्यक्रम में डॉ मृदुलेश सिंह कटियार, डॉ पारिजात सिंन्हा, निरंजन स्वरुप, अमित बाजपेयी, नवीन बर्मा, गोपाल कृष्ण, शिव शरण, श्या मजी शुक्ला, डॉ देवेश द्विवेदी, जय किशोर बर्मा, सुभाष सिंह, डॉ संन्धा सचान, पुनीत द्विवेदी और सत्येंन्द्र कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

# पुलिस ने तस्करी की 22 पेटी शराब पकड़ी

**चित्रकूट।** मध्य प्रे श से तस्करी कर लाई जा रही 22 पेटी शराब भरतकूप थाना पुलिस द्वारा बरामद की गई है। पुलिस को चकमा देकर बुलेरो चालक घटनास्थल से फरार हो गया। रविवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदारबिन्द की टीम व पीआरवी टीम 2047 ने बुलेरो में भरकर ले जाई जा रही 22 पेटी शराब बरामद की। गाड़ी चालक मौके से फ़रार हो गया। पुलिस टीम ने थोथी नाला के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहे थे। बुलेरो को रोकने का इशारा किया तो चालक तेज गति से गाड़ी भगाकर सरस्वती भरत मन्दिर इंटर कालेज की ओर ले गया। पुलिस टीम ने गाडी का पीछा किया तो चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी में 22 पेटी मप्र की देशी शराब बरामद की। प्रत्येक पेटी में 45 क्वार्टर देशी शराब थी। पुलिस ने गाड़ी के अन्दर से कैलाश कुमार पुत्र माता प्रसाद निवासी चित्रकूट का ड्राइविंग लाइसेंस व गाडी के कागज बरामद किये हैं। वाहन स्वामी के नाम पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

# खनन से नदी में हुए गड्ढे में डूबे बालक की मौत, एफआईआर दर्ज

- गुस्साये लोगों ने पोकलैण्ड मशीन में लगाई आग
- घाट संचालक समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**संवाददाता।** पहाड़ी, चित्रकूट



मृत बालक के परिजनों को सांत्वना देते विधायक अनिल प्रधान

**पहाड़ी** थाना क्षेत्र के गडौली गांव में नदी नहाने गए छात्र की बागै नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। परिजनों ने बालू पट्टेधारक पर नदी की बीच जलधारा से पोकलैंड से बालू निकालने का आरोप लगाया है। अवैध खनन से नदी में हुए गहरे गड्ढों में युवक के फंसने से मौत से अक्रोशित ग्रामीणों ने नदी किनारे शव रखकर न्याय की गुहार लगाई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन जांच में जुटा है। विधायक अनिल प्रधान के पहुंचने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया।

ये हादसा रविवार को सुबह आठ बजे पहाड़ी थाना क्षेत्र के गडौली घाट में हुआ। बताया गया कि महेश पुत्र बिंदा, विवेक पुत्र सुमेर, सुभाष पुत्र छेदीलाल, सचिन पुत्र कुबेर बागे नदी मे नहाने गए थे। अचानक सचिन (17) पुत्र कुबेर वर्मा गहरे पानी में डूबने लगा। बाकी साथियों ने आसपास खड़े लोगों को आवाज लगाई, लेकिन बचाने को कोई नही पहुंचा। बालू ठेकेदारों और उसके गुर्गों ने देखा कि कोई पानी में डूब रहा है। आनन-फानन में सारे ट्रक-ट्रैक्टर, पोकलैण्ड मशीन लेकर घाट से भाग गए। पास में नदी किनारे बारी लगाए बडकू एवं हरिशचंद निषाद ने पानी में कूदकर सचिन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी में डूबने से सचिन की मौत हो चुकी थी।

गडौली गांव के हजारों लोग घाट पर एकत्र होकर पोकलैण्ड मशीन में आग लगा दी। प्रशासनिक अमला के पहुंचने पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, तहसीलदार संजय अग्रहरि व सरधुवा पुलिस ने लोगों को समझाने के प्रयास किये। बालू माफिया बांदा जिले में खुदाई की जगह जिले की सीमा में अवैध खनन कर रहे हैं। इससे नदी की जलधारा मे गहरे गड्ढे हो गए हैं। एक हफ्ते पहले गांव के ही पुरुषोत्तम पांडेय एवं कृष्ण चंद्र तिवारी के दो बच्चे भी इसी स्थान पर डूब रहे थे। नहाने गए लोगों की सक्रियता से उन्हें बचा लिया गया था। एसडीएम प्रमोद झा ने कहा कि युवक सचिन वर्मा की डूबने से मौत हो गयी है। शासन से मिलने वाली सांत्वना राशि जल्द दिलाई जायेगी।

# तीन चुनावों के बाद भी प्रधान के विरोध में नहीं ली ग्राम पंचायत सदस्यों ने शपथ

- चुनाव आयोग के लिये चुनौती बने भौली गांव के दस ग्राम पंचायत सदस्य

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के कुरारा ब्लाक के भौली गांव के ग्राम पंचायत सदस्य चुनाव आयोग के लिये चुनौती बने हुये है। गांव में चुनाव आयोग दस पंचायत सदस्यों का तीन मर्तवा चुनाव करा चुका है मगर ग्राम प्रधान के विरोध में तीनों मर्तवा सदस्यों ने शपथ नही ली, जिससे ग्राम प्रधान दो साल से कोई काम नही कर पा रहा है। इस मामले को झांसी व चित्रकूट मंडल के उपनिदेशक ने गंभीरता से लिया है। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने आज बताया कि गांव में ग्राम प्रधान के पद पर अनुज यादव का चयन किया गया था चयन के बाद ही गांव के पंद्रह ग्राम पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान का विरोध करना शुरु कर दिया था, पहली मर्तवा किसी प्रकार पांच सदस्यों ने शपथ ले ली थी दस ने शपथ नहीं ली थी तब से चुनाव आयोग को गांव के सदस्यों के रिक्त पदों की रिपोर्ट की जाती रही है। चुनाव आयोग तीन बार पंचायत सदस्यों का चुनाव करा चुका है। तीनों मर्तवा दस सदस्यों ने सदस्य पद की शपथ नहीं ली है। इधर ग्राम प्रधान ने हाईकोर्ट से छह माह के लिये वित्तीय अधिकार के लिये आदेश करा लिये थे छह माह व्यतीत हो जाने के बाद गांव में फ़िर से समस्त काम काज ठप हो गया है। पंचायत सदस्य शिवपाल, महेश्वरीदीन, स्वयंबर सिंह, राजेंद्र सिंह, हरीदास, चूरामणि, बजरंग सिंह, हरीशंकर, शीला, ममता, नीतेश सिंह ने पंचायत सदस्यों के चुनाव के बाद शपथ लेने से इंकार कर दिया है।

# भूमाफिया ने शिकायतकर्ता से की अभद्रता, दी धमकी

**मौदहा,** हमीरपुर। कस्वा में भूमाफिया अवैध कब्जा करते जा रहे है, अवैध निर्माण को लेकर युवक ने एसडीएम से शिकायत की है। जमील अहमद ने एसडीएम व ईओ तथा क्षेत्राधिकारी को बताया कि उपरौस में कब्रिस्तान की भूमि कांशीराम कालोनी के पास आवंटित है जहां पर अरशद मुकीम नाम का युवक अवैध निर्माण कर रहा है जिससे बगल में स्थित तालाब के भीटों का अस्तित्व भी खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है। जिसकी सूचना उसने अधिशाषी अधिकारी सहित परगना अधिकारी को दी थी जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर जांच करने पहुंची राजस्व टीम व कानून गो के कहने पर शिकायत कर्ता मौके पर पहुंचा जहां पर आरोपी युवक के द्वारा उससे अभद्रता की गई वहीं पीड़ित ने इस प्रकरण पर हुए जान से मारने की धमकी मिलने की बात कही है।

# मंदाकिनी के रामघाट तट पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट स्थित मंदाकिनी के पावन तट रामघाट में श्री रामसेवा मिशन के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार रमेश अवस्थी द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह का शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल द्वारा कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज एवं भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज की मौजूदगी में किया गया।इस मौके पर ब्रज की फूलों की होली देखने को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बांदा -चित्रकूट के सांसद आर के सिंह पटेल ने श्रीराम सेवा मिशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूंट में ब्रज की होली का आंनद मिला। सभी ने हर्षोल्लाष के साथ होली खेल एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर रहे है। आज मोदी सरकार ने जन्मभूमि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण करा ऐतिहासिक कार्य करने के साथ-साथ पूरे विश्व में सनातन धर्म की पताका लहराने का काम किया है। उन्होने कहा कि भारत जल्द ही हिन्दू राष्ट्र के रूप में प्रतिस्थापित होगा। वहीं कार्यक्रम संयोजक श्रीराम सेवा मिशन के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार रमेश अवस्थी ने कहा कि होली का पर्व पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रीराम सेवा मिशन देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में ब्रज की होली का आयोजन कर समाज को जोडने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोग आपसी मतभेद भुलाकर सदभाव का वातावरण सृजित करते है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,प ूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ,वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम पांडेय, आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ हुए भारत माता की जय के उद्घोष

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ फतेहपुर नगर इकाई द्वारा विस्तारित ढंग से पथ संचलन किया गया जिसमें नगर की 22 शाखाओं के लगभग पांच हजार स्वयंसेवकों ने सहभाग किया। सभी स्वयंसेवकों की छप्पन वाहिनियां बनायी गयी। प्रत्येक वाहिनी में 66 स्वयंसेवक अपनी वाहिनी के साथ पथसंचलन पर निकले, जिसमें घोष मिलिट्री वाद्य की धुन पर सभी स्वयंसेवक पैर से पैर मिलाकर सैनिकों की भांति आगे बढ़ते रहे। बीच रास्तें में हो रही अत्याधिक वर्षा के बाद भी स्वयंसेवको के कदम नहीं रूके। निडर देशभक्त स्वयंसेवकों की आंखो से यह झलक रहा था कि किसी भी व्यवधान के बावजूद राष्ट्र सेवा रूकने वाली नहीं है। स्थान स्थान पर विभिन्न समाज के लोगों द्वारा स्वागत द्वार भी बनाया गया। सभी द्वारों पर मातृ शक्तियों एवं पुरुषों द्वारा भारत माता के जयकारों के साथ शंखनाद एवं पुष्पवर्षा की गयी। इसके पूर्व की विभिन्न शाखाओं से एकत्रित होकर अपने शाखा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पूर्ण गणवेश दण्ड लेकर वाहन पर ओम का पताका लगाकर आईटीआई मैदान पहुंचे।

### सेल्फ स्ट्रीम बॉडी कान्फिडेंस का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**चित्रकूट।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से मिले निर्देशों के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में जीवन कौशल विकास के तहत सेल्फस्ट्रीम एवं बाड़ी कॉन्फिडेंस पर आधारित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण बीआरसी रामनगर में 17 मार्च से शुरु हुए कार्यक्रम का आज समापन हुआ। रविवार को समापन में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में भविष्य में जीवन कौशल एवं आत्मविश्वास विकास को लेकर शिक्षकों ने अभिभावकों व जनसामान्य के बीच किस तरह कार्य करना है। छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने के साथ आत्मनिर्भरता, भविष्य में बेहतर नागरिक बनने, बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देने, लैंगिक समानता आदि की बाबत कैसे उन्हें तैयार करना है। इस विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का पहला चक्र अक्टूबर-नवंबर में संपन्न हुआ था।

### लाभार्थियों को वितरित की गई ट्राई साइकिल, ऋण आदि

**कानपुर देहात।** कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता एवं एमएलसी व विधायक की विशेष उपस्थिति में शासन के निर्देशों के क्रम में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच संवाद में जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद के सुधार हेतु अपने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए एवं विशेष पहल करते हुए सख्ती से कार्यों को कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व शासन की प्राथमिकताओं के आधार पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, कृषि यंत्र उपयोगिता अनुसार टूल किट वितरण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण वितरण, बीसी सखियों को साड़ी वितरण, कृषि विभाग द्वारा बीज किट आदि का वितरण कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया गया।

### सदर विधायक ने स्वर्णकार धर्मशाला का किया भूमि पूजन

**कोंच,** जालौन। शहर के नया पाठकपुरा में क्षत्रिय स्वर्णकार समिति की मांग पर विधायक निधि से बनने वाली धर्मशाला का सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि किसी भी समाज की धर्मशाला निर्माण होने से उसका लाभ अकेले उसी समाज के लोगों को नहीं बल्कि जरूरतमंद समाज के लोगों को भी उसका लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि मोदी, योगी ने देश व प्रदेश से माफ़ियाओं को खत्म करने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने इस देश के सोने को गिरवी रखा था। मोदी जी उससे दस गुना सोना लेकर आए है। देश में चारों तरफविकास हो रहा। अब घर बैठे ऑनलाइन सभी काम हो रहे है।

# पुरखों की शोभा यात्रा के साथ हुआ मित्र महोत्सव का आगाज़

**संवाददाता।** जालौन (उरई)



**बुंदेली** लोक कलाओं का समर्पित मित्र महोत्सव की शुरूआत पुरखों की शोभायात्रा के साथ शुरू हुई। इस दौरान बुंदेली संस्कृति व लोक कलाओं का भी प्रदर्शन किया गया। जिनका मौजूद लोगों ने जमकर आनंद लिया।

सांस्कृतिक धरोहर प्रचार प्रसार समिति के तत्वावधान में रविवार को 16वें मित्र महोत्सव की शुरूआत हुई। इस दौरान 75 से 105 वर्ष की आयु के पुरखा छत्रसाल इंटर कॉलेज परिसर में एकत्रित हुए। दोपहर 3 बजे से सभी पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता, गुलाब सिंह जाटव, सोमिल याज्ञिक, नरसिंह यादव व मास्टर सुशील कुशवाहा ने सभी 108 पुरखों को माला पहनाकर व उनका भोग लगाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा तकिया मैदान पर पहुंची जहां पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदुम्न दीक्षित इटहिया ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा झंडा चौराहे पर पहुंची जहां समाजसेवी दीपक मित्तल, नितिन मित्तल, लक्ष्मीकांत शाक्य, अनिल यादव, वाचस्पति मिश्रा आदित्यभूषण द्विवेदी आदि ने पुष्पवर्षा पर शाभायात्रा का स्वागत किया। सब्जी मंडी व मनोहर लाल अस्पताल पर रामनरेश तिवारी, उदयभान वर्मा, प्रदीप, रज्जन पुरवार, सामीर अली, योगेंद्र राठौर, परवेज, नईम आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान झंडा चौराहे व अन्य स्थलों पर बुंदेली लोक कलाओं का प्रदर्शन कर एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई।

# साधन सहकारी समितियों का चुनाव सम्पन्न हुआ

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट

**निर्वाचन** आयोग के निर्देशानुसार साधन सहकारी समितियों का चुनाव गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ। कहीं कहीं चुनाव व कहीं निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। निर्वाचित अध्यक्षों के द्वारा साधन सहकारी समितियों के विकास के लिए संकल्प लिया। राजापुर क्षेत्र के 8 साधन सहकारी समितियों में सर्वसम्मत से निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए तथा साधन सहकारी समिति नांदिन कुर्मियान में चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष निर्वाचित हुआ। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार रविवार को राजापुर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों का चुनाव हुआ जिसमें राजापुर तिजारती साधन सहकारी समिति में 9 संचालकों के द्वारा राहुल शिवहरे को सर्वसम्मत से अध्यक्ष चुना गया।

# लोधी महासभा ने वीरांगना अवंतीवाई का 165 वां बलिदान दिवस मनाया

**फर्रुखाबाद।** आज अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के तत्वावधान में वीरांगना अवंतीबाई लोधी का 165 वां बलिदान दिवस ठंडी सड़क स्थित के एम होटल में आयकर एक्स अधिकारी जवाहरलाल राजपूत की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा के सफ्ल संचालन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चंद राकेश लोधी ने कहा कि हमें एक चीज हमेशा कचोटती है कि हम लोग यहां सांसद तो बना लेते हैं लेकिन विधायक क्यों नहीं बना पाते हैं और उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी का आज हम लोग 165 वां बलिदान दिवस मना रहे हैं। महारानी की प्रेरणा से हम लोग सोए हुए समाज को जगाने का काम करें। उन्होंने आज महेशचंद्र राजपूत को महासभा का नया जिलाध्यक्ष घोषित किया। प्रदेश प्रभारी हरपाल सिंह लोधी ने कहा कि हमारी महासभा इस समय 13 राज्यों में कार्य कर रही है। हम लोग शिक्षा के क्षेत्र में लोगों में जागृति हेतु बहुत बड़ा कार्यक्रम कर रहे हैं । गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग सेंटर तथा उनको आगे बढ़ाने में हरसंभव मदद के लिए संकल्पित हैं। पूर्व सांसद प्रो रामबक्स सिंह वर्मा ने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी ने देश की आजादी के लिए अपने को बलिदान कर दिया था।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली पुलिस...

है। पुलिस के अनुसार, यात्रा दिल्ली से भी गुजरी थी और वे पता लगाना चाहते हैं कि क्या किसी पीड़ित ने यहां कांग्रेस नेता से संपर्क किया था, ताकि वे मामले की जांच शुरू कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने कांग्रेस नेता से इन पीड़ितों का विवरण देने को कहा था, ताकि उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। विशेष पुलिस आयुक्त हुड्डा ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद, उन्होंने विवरण प्राप्त करने के लिए स्थानीय स्तर पर जांच की कि यात्रा के दिल्ली चरण के दौरान क्या किसी महिला ने राहुल गांधी से संपर्क किया था या नहीं। उन्होंने कहा कि लेकिन हमारे अधिकारियों के संज्ञान में ऐसी कोई घटना नहीं आई और न ही हमें कोई पीड़िता मिली।' हुड्डा ने कहा कि जब उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने खुद ही कांग्रेस नेता से संपर्क करने का फैसला किया और उसके बाद एक प्रश्नावली के साथ एक नोटिस उन्हें भेजा गया। नोटिस में उन पीड़ितों का विवरण मांगा गया था, जिन्होंने यौन उत्पीड़न को लेकर उनसे संपर्क किया था। हुड्डा ने कहा कि हमने उनसे (राहुल गांधी से) संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन वह उस समय विदेश में थे। इसलिए, आज मैं अपनी टीम के साथ उनके आवास पर गया और उनके स्टाफ को इस बारे में बताया।' उन्होंने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी से मुलाकात की और उनसे विवरण देने का आग्रह किया।

## दिल्ली पुलिस...

गांधी नहीं बता रहे हैं। यदि यह मान लिया जाए कि उन्होंने (राहुल गांधी ने) तब झूठ नहीं बोला था, तो अब इससे (अभी की आनाकानी से) इंसाफ सुनिश्चित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की कमजोरी झलकती है।

## विपक्षी दलों...

वाली विपक्षी दलों की बैठक से तृणमूल कांग्रेस कन्नी काटती रही है। इन्हीं बिंदुओं पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश से जब पूछा गया कि जेपीसी की मांग पर विपक्ष में मतभेद क्यों हैं, खासकर तृणमूल कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का रुख कांग्रेस से अलग नजर आता है, ऐसे में एकजुटता कैसे होगी, तो रमेश ने कहा कि हम उस बारे में कुछ नहीं कहेंगे। राकांपा ने ईडी को भेजे गए पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया था। उन्होंने इस बारे में पहले ही बता दिया था कि वे इसके समर्थन में हैं, लेकिन वे पत्र पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। संसद में 16 पार्टियां एकजुट होकर जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) की मांग कर रही हैं। जहां तक तीसरे मोर्चे का सवाल है तो विभिन्न दलों के लोग मिलते रहेंगे, थर्ड फ्रंट (तीसरा मोर्चा), फोर्थ फ्रंट (चौथा मोर्चा) बनाने पर चर्चा करते रहेंगे, लेकिन यह साफ कर दूं कि विपक्ष में कांग्रेस का होना जरूरी है। यदि विपक्ष का कोई गठबंधन बनता है, तो उसमें कांग्रेस की मुख्य भूमिका होगी। कांग्रेस के बिना कोई भी मोर्चा असंभव है।

## लोकतंत्र में...

हमारे देश में हस्तक्षेप करने के लिए भी आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लोकतांत्रिक तरीके से बोरिया बिस्तर समेटने के लिए कहना चाहिए। बहरहाल, कांग्रेस ने भाजपा के आरोप को खारिज किया है। राहुल ने ब्रिटेन में अपनी टिप्पणियों पर सत्तारूढ़ दल के सदस्यों की आलोचना का जवाब देने के लिए संसद में बोलने की अनुमति मांगी है। कांग्रेस ने दावा किया है कि भाजपा अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी की टिप्पणियों की गलत व्याख्या कर रही है। नड्डा ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा देश में युवाओं के लिए लाए गए सकारात्मक बदलावों पर भी बात की। उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मेडिकल कॉलेजों के अलावा विश्वविद्यालय जैसे पेशेवर शैक्षणिक संस्थानों की बढ़ती संख्या का हवाला देते हुए कहा, मोदी जी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह बदल गया है। यह युवाओं के लिए सही वक्त है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि 2014 से पहले लोग भारत को सबसे भ्रष्ट देशों में से एक देखते थे। वह नीतिगत पंगुता से प्रभावित था।

## बिजली कर्मचारियों...

एक दिन पहले ही सांकेतिक हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। दुबे ने पत्रकारों से कहा, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और ऊर्जा मंत्री के बीच लगातार वार्ता हो रही है। तीन दिसंबर के समझौते, अन्य मांगों और बिजली कर्मियों की समस्याओं के संदर्भ में ऊर्जा मंत्री ने बहुत ही सकारात्मक ढंग से उन सभी समस्याओं का समाधान करने को कहा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की अपील की सम्मान और स्वागत करते हुए, ऊर्जा मंत्री के साथ सकारात्मक वार्ता का सम्मान करते हुए और माननीय उच्च न्यायालय का सम्मान करते हुए 72 घंटे की जो सांकेतिक हड़ताल चल रही है, उसको (निर्धारित अवधि से पहले) व्यापक जनहित में आज वापस लेने की घोषणा करता हूं। वहीं ऊर्जा मंत्री शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश की जनता, मुख्यमंत्री और अपनी ओर से समिति के नेताओं को हड़ताल समाप्त करने के लिए धन्यवाद दिया। शर्मा ने कहा, मैं एक बार फिर विद्युत कर्मचारियों के संगठनों, संघर्ष समिति को आंदोलन खत्म करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

## अमृतपाल अब...

दौरे पर आए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि उनका राज्य जेल में आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराएगा। उन्होंने कहा, कई बार किसी एक राज्य में गिरफ्तार व्यक्ति को दूसरे राज्य की जेल में भेजा जाता है। मेरी सूचना के अनुसार चार लोगों को पंजाब पुलिस ने भेजा है। हम सभी आवश्यक सुरक्षा जेल में मुहैया कराएंगे। पंजाब में हाई अलर्ट है और सुरक्षा बलों ने फिरोजपुर, बठिंडा, रूपनगर, फरीदकोट, बटाला, फाजिल्का, होशियारपुर, गुरदासपुर, मोगा और जालंधर सहित कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। पड़ोसी हरियाणा ने भी पंजाब सीमा पर वाहनों की जांच तेज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शंभू बॉर्डर पर अतिरिक्त जांच चौकी बनाई गई है और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र, कैथल और सिरसा सहित पंजाब की सीमा से लगते अन्य जिलों में भी कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। इस बीच, अमृतपाल के पिता ने आशंका जताई है कि उनके बेटे को पहले ही पुलिस हिरासत में ले चुकी है। उन्होंने कहा, (उसके बारे में) कल से ही कोई सूचना नहीं है, लेकिन आशंका है कि उसे हिरासत में ले लिया गया है। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि अमृतपाल अब भी फरार है। उन्होंने बताया, पंजाब पुलिस कानून के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने मेहतपुर में नाका लगाया है जहां से अमृतपाल फरार हुआ था।

## भारत में...

उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,58,703 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है। वेबसाइट के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं।

## केंद्रीय एजेंसियों...

के दाम हों या पेट्रोल के या गैस के, या महंगाई हो, भाजपा ने कई झूठ बोले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा बड़े औद्योगिक घरानों के लिए काम कर रही है। शनिवार को वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा था कि उनकी पार्टी ने 2024 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट में से कम से कम 50 सीट जीतने का लक्ष्य तय किया है। जब अखिलेश यादव से पूछा गया कि आम चुनाव से पहले प्रस्तावित विपक्षी मोर्चा की क्या योजना होगी, तब उन्होंने कहा कि इसका खुलासा नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, लक्ष्य भाजपा को हराना है। फिलहाल एक विपक्षी मोर्चा बनाने की कोशिश चल रही है।

## सरकार ने...

पहले कब्जेदार को संपत्ति खरीदने की पेशकश करेगा और यदि वे इसे अस्वीकार कर देते हैं, तो शत्रु संपत्ति को दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार निपटाया जाएगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी सार्वजनिक उद्यम के ई-नीलामी मंच मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जरिए की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकार को शत्रु संपत्तियों की बिक्री से 3,400 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है, जिनमें ज्यादातर चल संपत्ति जैसे शेयर और सोने की बिक्री शामिल है। सरकार द्वारा अब तक 12,611 अचल शत्रु संपत्ति में से किसी की भी बिक्री नहीं की गई है। गृह मंत्रालय ने पहले ही 20 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में फैली शत्रु संपत्तियों का राष्ट्रीय सर्वेक्षण शुरू कर चुकी है, जिसका उद्देश्य ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान करना और बाद में उनकी बिक्री करना है। सीईपीआई के पास मौजूद 12,611 संपत्तियों में से कुल 12,485 पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित हैं जबकि 126 चीनी नागरिकों से संबंधित हैं।

## बुर्ज खलीफा...

लिए नई एवं असीमित संभावनाओं का उदय है। एमार समूह के सीईओ अमित जैन, बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय और अभिनेत्री नीतू चंद्रा भी शिलान्यास समारोह में उपस्थित थे। सिन्हा ने एमार समूह से परियोजना को तीन साल की समयसीमा से पहले पूरा करने का आग्रह किया। सिन्हा ने कहा कि यदि संसद परिसर का काम 1.5 साल के भीतर पूरा किया जा सकता है, तो हम निश्चित रूप से इसके तय समय से पहले पूरा होने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य से आधारभूत ढांचे में सुधार के साथ खासी तरक्की की है। इसलिए वह निवेश के लिए प्रमुख आकर्षण बन गया है। उन्होंने यूएई के उद्यमियों से और अधिक निवेश का अनुरोध करते हुए कहा कि वे निवेशकों को यहां किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने देंगे और हर प्रकार की सहूलियत एवं सहायता देंगे।

## चीनी नेटिजन...

की थी। इससे पहले पाकिस्तानी नेताओं एवं नागरिकों के पीएम मोदी की तारीफ करने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। ज्ञात हो कि पीएम मोदी ने भी चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिना विबो पर साल 2015 में अकाउंट बनाया था। उस पर उनके फॉलोअर्स की संख्या करीब 2.44 लाख थी। हालांकि जून 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के मद्देनजर भारत द्वारा चीन के 59 एप्स पर प्रतिबंध लगाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सिनो विबो पर अपना अकाउंट जुलाई 2020 को बंद कर दिया था। लेख से पता चलता है कि चीनी लोगों को भारत की अमेरिका से बढ़ती नजदीकियां रास नहीं आ रही हैं, लेकिन वे ये जरूर मानते हैं कि भारत और चीन के बीच संबंध मजबूत होने चाहिए। भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 115 बिलियन डॉलर (प्रतिवर्ष) है। लेख में पत्रकार ने लिखा है कि चीनी लोग मोदी की पोशाक और शारीरिक हावभाव दोनों की ओर इशारा करते हैं तथा उनकी कुछ नीतियों को भारत की पिछली नीतियों से अलग मानते हैं।

# राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की धरती पर पहुंचे

- मारियुपोल शहर की यात्रा की
- मॉस्को ने पिछले साल इस पर किया था कब्जा

भाषा। कीव



क्रीमिया के दौरे के बाद पुतिन पहुंचे मारियुपोल

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल की यात्रा की। यह मारियुपोल की पुतिन की पहली यात्रा है, जिस पर मॉस्को ने सितंबर में गैरकानूनी तरीके से कब्जा कर लिया था। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि पुतिन क्रीमिया के दौरे के बाद देर शनिवार मारियुपोल पहुंचे। पुतिन यूक्रेन से क्रीमिया के रूस में विलय की नौवीं वर्षगांठ के मौके पर काला सागर प्रायद्वीप भी गए। मारियुपोल दुनियाभर में प्रतिरोध का एक प्रतीक बन गया था, जहां यूक्रेनी सेना के कई जवान करीब तीन महीने तक इस्पात संयंत्र में डटे रहे थे, लेकिन आखिरकार मॉस्को ने इस पर कब्जा कर लिया था। दो दिन पहले युद्ध अपराधों के आरोपों पर एक अदालत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद मारियुपोल के दौरे पर गए पुतिन ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और क्रीमिया में एक कला विद्यालय तथा बच्चों के केंद्र का दौरा किया। पुतिन ने गिरफ्तारी वारंट पर टिप्पणी नहीं की है। इस वारंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस और अलग-थलग पड़ता जाएगा। क्रेमलिन ने अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के फैसले को अवैध और अमान्य बताकर खारिज कर दिया है। पुतिन की यह यात्रा ऐसे वक्त हुई है जब चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस सप्ताह मॉस्को का दौरा करने वाले हैं जिससे पश्चिमी देशों से टकराव के बीच पुतिन को महत्वपूर्ण कूटनीतिक बढ़त मिलने की संभावना है। रोसिया 24 चैनल द्वारा रविवार को प्रसारित फुटेज में पुतिन हाल में निर्मित आवासीय परिसर के बाहर स्थानीय लोगों से बातचीत करते दिखे। पुतिन हेलीकॉप्टर से मारियुपोल पहुंचे और फिर कार से कंसर्ट हॉल तथा तटीय क्षेत्र तक गए। पेसकोव ने बताया कि मारियुपोल की यात्रा के बाद पुतिन ने रोस्तोव-ऑन-डॉन में कमान पोस्ट पर तैनात रूसी सैन्य अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की। पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा कि दौरे की घोषणा नहीं की गई और पुतिन सामान्य रूप से कमान के अभियान का निरीक्षण करना चाहते थे। रूस के उप प्रधानमंत्री मरात खुसनुलिन ने रविवार को सरकारी रिया समाचार एजेंसी से कहा कि साल के अंत तक शहर का पुनर्निर्माण पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, लोग लौटने लगे हैं। जब उन्होंने देखा कि पुनर्निर्माण कार्य किया जा रहा है, तो लोग लौटने लगे। मॉस्को ने पिछले साल मई में मारियुपोल पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया था। यूक्रेन में रूसी सैनिकों के हमले की शुरुआत के दो सप्ताह के भीतर ही नौ मार्च को रूसी सैनिकों ने प्रसूति अस्पताल पर बमबारी की थी जिससे शहर के लोगों की बदहाली पर ध्यान गया था। एक सप्ताह बाद एक थिएटर पर बमबारी में करीब 300 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली थी जो वहां शरण लिए हुए थे। पेसकोव ने रविवार को कहा कि मॉस्को आईसीसी के किसी भी फैसले को अवैध और अमान्य मानता है। आईसीसी द्वारा शुक्रवार को सुनाए गए फैसले का यूक्रेन ने स्वागत किया है लेकिन पुतिन पर मुकदमा चलाने के आसार बेहद कम हैं क्योंकि रूस अदालत के अधिकार को मान्यता नहीं देता। इस बीच, यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटे में रूसी सेना की गोलाबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए।

# देशों के बीच तनातनी से संयुक्त राष्ट्र की एक नई और प्रमुख रिपोर्ट का प्रकाशन बाधित

भाषा। बर्लिन

**उत्सर्जन लक्ष्यों** और आर्थिक रूप से कमजोर देशों के लिए वित्तीय मदद को लेकर अमीर और विकासशील देशों के बीच तनातनी के कारण जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित संयुक्त राष्ट्र की एक नई और प्रमुख रिपोर्ट का प्रकाशन बाधित हो रहा है। माना जा रहा था कि विश्व के सैकड़ों शीर्ष वैज्ञानिकों की ओर से तैयार इस रिपोर्ट को स्विस शहर इंटरलेकन में हफ्तेभर से जारी बैठक के समापन होने पर शुक्रवार को सरकारी प्रतिनिधियों की मंजूरी मिल जाएगी। लेकिन समय सीमा को कई बार बढ़ाना पड़ा है क्योंकि चीन, ब्राजील, सऊदी अरब और अमेरिका जैसे बड़े देशों के अलावा यूरोपीय संघ के अधिकारी रिपोर्ट के मूल पाठ के कुछ अहम वाक्यांशों के शब्दों को लेकर सप्ताहांत के दौरान सौदेबाजी करते रहे। यूएन इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट के सारांश को रविवार को मंजूरी दी गई थी। लेकिन वार्ता के करीबी तीन सूत्रों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस बात का जोखिम है कि मुख्य पाठ पर समझौते को बाद की बैठक में स्थगित करने की आवश्यकता पड़ सकती है। वार्ता की गोपनीय प्रकृति के मद्देनजर उन्होंने पहचान सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। मौजूदा बैठक के सबसे जटिल मुद्दों में से एक यह भी है कि किसे परिभाषित किया जाए कि कौन से राष्ट्र कमजोर और विकासशील देशों के रूप में गिने जाते हैं, ताकि उन्हें नकद मदद प्राप्त करने के लिए पात्र बनाया जा सके। प्रतिनिधियों के बीच इस बात को लेकर भी तनातना रही कि आगामी सालों में कितनी मात्रा में ग्रीनहाउस गैस में कटौती की जरूरत पड़ेगी।

## पानी में हमेशा उपलब्ध रहने वाले रसायन भी होते हैं स्वास्थ्य के लिए खतरनाक, छुटकारा मुश्किल

**मेलबर्न।** अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी पीने के पानी में दो फ्लोरिनेटेड रसायनों को सीमित करने के लिए एक मसौदा विनियमन जारी करने की तैयारी कर रही है, जिन्हें संक्षेप में पीएफओए और पीएफओएस कहा जाता है। ए रसायन दो प्रकार के पीएफएएस है, पदार्थों का एक व्यापक वर्ग जिसे अक्सर हमेशा का रसायन कहा जाता है क्योंकि वे पर्यावरण में स्थाई होते हैं। पीएफएएस का व्यापक रूप से सैकड़ों उत्पादों में उपयोग किया जाता है, नॉनस्टिक कुकवेयर कोटिंग्स से लेकर खाद्य पैकेजिंग, दाग-धब्बों और पानी प्रतिरोधी कपड़ों और अग्निशमन फोम तक। अध्ययनों से पता चलता है कि पीएफएएस के उच्च स्तर से स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य में कमी, कोलेस्ट्रॉल के स्तर में वृद्धि और गुर्दे या वृषण कैंसर का उच्च जोखिम शामिल है। पिछले 20 वर्षों में जनसंख्या-आधारित स्क्रीनिंग से पता चलता है कि अधिकांश अमेरिकियों में पीएफएएस पाया गया है और उनके रक्त में इसका स्तर पता लगाने योग्य है।

## कुवैत की अदालत ने 2022 के संसदीय चुनाव का परिणाम रद्द किया

**दुबई।** कुवैत की एक अदालत ने पिछले साल हुए संसदीय चुनाव के परिणाम को रविवार को रद्द कर दिया। सरकारी समाचार समिति केयूएनए ने यह खबर दी है। कुवैत की संवैधानिक अदालत के इस फैसले से तेल समृद्ध इस छोटे से देश की राजनीति मे और अराजकता पैदा होगी। अपने फैसले मे अदालत ने वर्ष 2020 में संसद को भंग किए जाने के शासनादेश मे विसंगतियो का हवाला दिया। वैसे अधिकारियो ने तत्काल यह स्पष्ट नही किया है कि इसका कुवैत की संसद के लिए क्या मतलब होगा। खाड़ी के अरब देशों मे कुवैत में ही सबसे मुक्त और सक्रिय संसद है, लेकिन राजनीतिक सत्ता अब भी सत्तारूढ़ अल सबह परिवार के हाथो मे काफी हद तक केंद्रित है। यह परिवार प्रधानमंत्री एवं मंत्रिमंडल की नियुक्ति करता है और समय-समय पर संसद को भंग कर सकता है।

## पाकिस्तान में बाढ़ में बही गाड़ी, आठ की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत मे बाढ़ मे एक गाड़ी के बहने से उसमे सवार एक परिवार के आठ लोगो की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा प्रांत के आवारान जिले में तब हुआ जब चालक ने गाड़ी को पहाड़ी इलाके मे पानी से भरी सड़क से निकालने की कोशिश की लेकिन उसे कामयाबी नही मिली और गाड़ी गहरे खड्ड मे बह गई। पुलिस अधिकारियो ने बताया कि मृतको मे दो बुजुर्ग और छह बच्चे शामिल है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतको मे तीन नाबालिग लड़कियां और तीन लड़के भी है। दुर्घटना आवारान जिले के झाओ इलाके मे हुई जहां शुक्रवार से ही भारी बारिश हो रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण गर्मी से लाखों की संख्या में मछलियां मरीं

**कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)।** दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया मे लाखो मछलियो की मौत हो गई। अधिकारियो और वैज्ञानिको का कहना है कि बाढ़ और गर्म मौसम के कारण ए मौते हुई। न्यू साउथ वेल्स राज्य मे प्राथमिक उद्योग विभाग ने कहा कि मछलियो की मौत गर्म लहर के कारण हुई। विभाग ने कहा कि मौतो की संभावना कम ऑक्सीजन के स्तर के कारण लगती है क्योंकि बाढ़ के कारण ऑक्सीजन कम हो जाती है और गर्म मौसम के कारण मछलियो को अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। मेनिन्डी के आउटबैक शहर के निवासियो ने मरी हुई मछलियो से भयानक गंध की शिकायत की।

## ट्रंप ने प्रदर्शन का आह्वान किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महिलाओ को भुगतान करने से जुड़े एक मामले मे शनिवार को दावा किया कि जल्द ही उन्हे गिरफ्तार किया जा सकता है और उन्होने अपने समर्थको से प्रदर्शन करने का आह्वान किया। आरोप है कि पूर्व राष्ट्रपति के इन महिलाओ से यौन संबंध थे और उन्होंने उन्हें धन देकर मामले को सार्वजनिक नही करने को कहा था। बहरहाल, ट्रंप की वकील और प्रवक्ता ने कहा कि अभियोजको की ओर से कोई संदेश नही मिला है लेकिन ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें मंगलवार को गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने बाद मे एक पोस्ट मे अपने समर्थको से प्रदर्शन करने का आह्वान किया और राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम अब इसे और नही होने दे सकते। वे हमारे देश की हत्या कर रहे है और हम बैठकर बस देख रहे है। हमें अमेरिका को बचाना होगा। प्रदर्शन, प्रदर्शन, प्रदर्शन करिए। ट्रंप ने इसी तरह की अपील पिछले राष्ट्रपति चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद भी की थी जिससे छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर मे हिंसा हुई थी।

# उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी मिसाइल

- अमेरिका व दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के बीच परीक्षण गतिविधियां तेज किया

भाषा। सियोल



**उत्तर कोरिया** ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का रविवार को समुद्र में प्रक्षेपण किया। उत्तर कोरिया के पड़ोसी देशों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में अपनी परीक्षण गतिविधियों को तेज कर दिया है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के रूप में देखता है। मिसाइल हमले जारी रखने का उत्तर कोरिया का कदम दर्शाता है कि वह पीछे कदम हटाने को तैयार नहीं है। कई विश्लेषकों का यह भी मानना है कि ए परीक्षण अपने शस्त्रागार का विस्तार करने के उत्तर कोरिया के उद्देश्य का हिस्सा है, ताकि वह एक परमाणु देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता हासिल कर सके और उसके ऊपर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हटा दिए जाएं।दक्षिण कोरिया और जापान के आकलन के अनुसार, उत्तर कोरिया के पश्चिमोत्तर तोंगचांगरी क्षेत्र से प्रक्षेपित की गई मिसाइल देश के पूर्वी तट के जलक्षेत्र में गिरी। उन्होंने कहा कि मिसाइल ने लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) की दूरी तय की, जो इस बात का संकेत है कि यह हथियार दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने की क्षमता रखता है। सियोल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका में परमाणु संबंधी मामलों के मुख्य दूतों ने फोन पर बात की। उन्होंने इस प्रक्षेपण को कोरियाई प्रायद्वीप एवं क्षेत्र में शांति के लिए खतरा बताते हुए इसकी निंदा की और इसे उकसावे की कार्वाई बताया। दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका ने सैन्य अभ्यास जारी रखने का संकल्प लिया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में बताया कि उत्तर कोरिया के पश्चिमोत्तर क्षेत्र से छोड़ी गई मिसाइल देश के पूर्वी तट के जल क्षेत्र में गिरी। उसने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना ने सतर्कता बढ़ा दी है और वह अमेरिका के साथ निकट समन्वय बनाए हुए हैं।

## जापान के रक्षा मंत्रालय ने की पुष्टि

**टोकियो।** इससे पहले, जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रविवार सुबह उत्तर कोरिया ने एक संदिग्ध मिसाइल दागी। इसने कहा कि संदिग्ध हथियार जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरा, लेकिन क्षेत्र मे नुकसान की तत्काल कोई खबर नही मिली है। यह दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच पिछले सप्ताह संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के बाद से उत्तर कोरिया द्वारा हथियार प्रक्षेपित किए जाने की तीसरी घटना है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास बृहस्पतिवार तक जारी रहेगा। उत्तर कोरिया का मानना है कि यह सैन्य अभ्यास उस पर हमले की तैयारी है। बहरहाल, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का कहना है कि उनका अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति का है। उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) ह्वासोंग-17 का प्रक्षेपण किया था। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने देश के नेता किम जोंग उन के हवाले से कहा था कि आईसीबीएम प्रक्षेपण का मकसद शत्रुओं के मन में भय पैदा करना है।

## काला सागर ड्रोन घटना ने अप्रत्याशित युद्ध से बचने के ढीले नियमों पर प्रकाश डाला

भाषा। हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)

**काला सागर के** ऊपर इस सप्ताह की शुरुआत में एक रूसी विमान द्वारा एक अमेरिकी ड्रोन को रोके जाने की घटना का असाधारण वीडियो फुटेज दर्शाता है कि वास्तविक युद्ध क्षेत्र के बाहर इस प्रकार की घटनाएं कितनी खतरनाक साबित हो सकती हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन द्वारा जारी किए गए इस वीडियो में रूसी विमान अमेरिकी ड्रोन पर स्पष्ट रूप से ईंधन छिड़कते और फिर जानबूझकर उससे टकराता दिख रहा है।काला सागर के ऊपर टकराव की यह स्थिति इस बात पर प्रकाश डालती है कि इस प्रकार के सैन्य टकराव से कितनी आसानी से अप्रत्याशित युद्ध छिड़ सकता है। हमने हाल के वर्षों में थल सेनाओं, नौसेनाओं और वायु सेनाओं के बीच इस प्रकार के टकराव की घटनाओं में वृद्धि देखी है। इससे पहले, 2021 में बताया गया था कि रूसी विमान और दो तटरक्षक पोतों ने क्रीमिया के पास एक ब्रिटिश युद्धपोत को बाधित किया था।

## इमरान ने अपने लाहौर वाले मकान पर छापा मारने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की कसम ली

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनके लाहौर स्थित जमां पार्क वाले मकान पर छापा मारने और तलाशी अभियान के दौरान उनके पार्टी कार्यकर्ताओं की बुरी तरह पिटाई करने में शामिल सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने की कसम ली है। गौरतलब है कि खान शनिवार को अदालत में पेशी के सिलसिले में इस्लामाबाद में थे, उसी दौरान पंजाब पुलिस के 10,000 से ज्यादा सशस्त्र पुलिसकर्मी उनके जमां पार्क स्थित मकान पर पहुंचे और पूर्व क्रिकेटर के दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दावा किया कि उन्हें खान के मकान से हथियार और पेट्रोल बम मिले हैं। वहीं, तोशाखाना मामले में सुनवाई के बाद इस्लामाबाद से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख खान की वापसी पर उनके समर्थक शनिवार की रात वापस मकान पर नियंत्रण करने में कामयाब हुए। पुलिस ने बताया कि पंजाब पुलिस ने खान के आवास में प्रवेश करने के लिए भारी हथियारों का उपयोग किया। खान की पत्नी बुशरा बीबी उस वक्त मकान में मौजूद थीं। सत्तर वर्षीय खान ने कहा कि वह चादर और चाहरदीवारी (बुर्का और घर) की मर्यादा का उल्लंघन किए जाने के खिलाफ कानूनी कार्वाई करेंगे। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, मेरे मकान पर हमला, तो सबसे पहले अदालत की अवमानना है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बिना तलाशी वारंट के उनके आवास पर छापा मारा।

## ब्रिटेन में सभी मोबाइल फोन में लगेगी प्राणघातक परिस्थितियों की चेतावनी देने वाली प्रणाली

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की है कि गंभीर मौसमी परिस्थितियों सहित प्राणघातक परिस्थितियों के लिए नई सार्वजनिक चेतावनी प्रणाली का परीक्षण करने के लिए ब्रिटेन में अगले महीने से प्रतएक मोबाइल फोन पर सायरन जैसी चेतावनी भेजी जाएगी। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए पूरे ब्रिटेन में रविवार, 23 अप्रैल की शाम को चेतावनी जारी की जाएगी, जिसके तहत प्रतएक व्यक्ति को उनके मोबाइल फोन पर संदेश प्राप्त होगा। सरकार ने बताया कि नई आपात चेतावनी का उपयोग बिरले ही किया जाएगा और यह तभी भेजा जाएगा जब लोगों के जीवन को तत्काल कोई खतरा हो, ऐसे में संभव है कि लोगों को महीनों या वर्षों तक कोई चेतावनी प्राप्त ना हो। हालांकि, अभी तक आतंकवादी खतरों की चेतावनी को इस प्रणाली में शामिल नहीं किया गया है लेकिन इसे भविष्य में प्राणघातक घटनाओं की सूची में शामिल किया जा सकता है। कैबिनेट अधिकारी मंत्री ओलिवर डावडेन ने कहा, हम नई आपात चेतावनी प्रणाली के माध्यम से अपनी राष्ट्रीय क्षमता को बेहतर बना रहे हैं, ताकि बाढ़ से लेकर जंगल में आग लगने सहित तमाम खतरों से निपटा जा सके।

## चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच श्रीलंका में स्थानीय परिषद का कार्यकाल रविवार रात समाप्त होगा

**कोलंबो।** श्रीलंका में 340 स्थानीय परिषद का चार वर्षीय कार्यकाल रविवार रात को समाप्त होगा, लेकिन चुनाव निगरानी समूहों का मानना है कि 25 अप्रैल को निर्धारित निकाय चुनाव होने की संभावना कम है। देश में मौजूदा आर्थिक संकट के कारण स्थानीय निकाय चुनाव 25 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिए गए थे। ए चुनाव पहले नौ मार्च को होने वाले थे। सरकार ने कहा था कि संसाधन कम होने की स्थिति में चुनाव प्राथमिकता नहीं है। देश के दो चुनाव निगरानी समूहों से जुड़े रोहना हेत्तियाराच्ची और मंजुला गजनायके ने आरोप लगाया कि सरकार की चुनाव कराने में दिलचस्पी नहीं है। स्थानीय सरकार के राज्य मंत्री जनक वक्कुमबुरा ने संवाददाताओं से कहा कि चूंकि, श्रीलंका में स्थानीय परिषदों का चार साल का कार्यकाल रविवार रात को समाप्त हो रहा है, इसलिए सरकार को इन परिषदों का नियंत्रण विशेष आयुक्तों को सौंपना है। वक्कुमबुरा ने कहा, स्थानीय परिषद के अधिनियम के अनुसार उन्हें नगरपालिका आयुक्तों और मंडल सचिवों के प्रभार में रखा जाएगा। मतदान वाले दिन ड्यूटी पर रहने वाले निर्वाचित अधिकारी डाक मतपत्रों के जरिए 28 से 31 मार्च को मतदान करेंगे। हालांकि, सरकारी मुद्रक ने घोषणा की है कि उसका विभाग धन की कमी के कारण सोमवार की समय सीमा तक डाक मतपत्र जारी करने में असमर्थ है। श्रीलंका के चुनाव आयोग ने सरकार से स्थानीय परिषद चुनाव कराने के लिए आवश्यक धनराशि जारी करने का अनुरोध किया है।

# बांग्लादेश में सड़क हादसे में 19 यात्रियों की मौत, 30 घायल

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश में** रविवार को एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 19 यात्रियों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मसूद आलम ने बताया कि ढाका जा रही एमाद परिवहन द्वारा संचालित बस सुबह करीब पौने आठ बजे शिबचर के मदारीपुर में एक एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित हो गई। उन्होंने बताया कि पदमा ब्रिज के लोकार्पण के बाद यह एक्सप्रेस-वे पर सबसे भीषण हादसा है। उन्होंने कहा, "माना जा रहा है कि बस दुर्घटना तकनीकी खामी और तेज रफ्तार के कारण हुई है।"मदारीपुर की उपायुक्त रहीमा खातून ने बताया कि मौके से 14 लोगों के शव बरामद किए गए, लेकिन अस्पताल ले जाते समय तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। उपायुक्त के मुताबिक, कई घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए शिबचर उपजिला स्वास्थ्य परिसर और ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने दो और लोगों को मृत घोषित कर दिया है। फरीदपुर में अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के उप सहायक निदेशक शिप्लू अहमद ने कहा, सा माना जाता है कि बस का एक टायर पंचर हो जाने के बाद बस नियंत्रण से बाहर हो गई। इसके बाद खाई में गिर गई। उपायुक्त रहीमा खातून ने बताया कि घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है और वह दो दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिवारों को 25,000 टका और घायलों को 5,000 टका दिया जाएगा। शोनाडांगा बस स्टेशन के अधिकारी मोहम्मद सबुज खान ने बताया कि बस में 43 से अधिक यात्री सवार थे।

## भूकंप से कांपा इक्वाडोर-पेरू, 15 की मौत



**क्विटो (इक्वाडोर)।** दक्षिणी इक्वाडोर और उत्तरी पेरू मे शनिवार को आए शक्तिशाली भूकंप के कारण कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। भूकंप के कारण कई लोग मलबे मे दब गए है, जिन्हें बचाने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई और इसका केंद्र इक्वाडोर के दूसरे सबसे बड़े शहर गुआयाक्विल से लगभग 80 किलोमीटर दक्षिण मे था। प्राधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण पेरू मे एक और इक्वाडोर मे 14 लोगों की मौत हो गई। उन्होने बताया कि 126 अन्य लोग घायल हुए है। इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुलेरमो लासो ने संवाददाताओ से कहा कि भूंकप के कारण लोगो मे निश्चित ही दहशत फैल गई। लासो के कार्यालय ने एक बयान मे बताया कि भूकंप के कारण जान गंवाने वाले लोगो मे से 12 की तटीय राज्य एल ओरो मे और दो की पर्वतीय राज्य अजुए मे मौत हुई। पेरू मे, इक्वाडोर के साथ लगती उसकी उत्तरी सीमा से मध्य प्रशांत तट तक भूकंप महसूस किया गया। पेरू के प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने बताया कि इक्वाडोर की सीमा पर टुंबेस क्षेत्र मे एक मकान के ढहने के कारण सिर मे चोट लगने से चार वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। भूकंप के कारण कई इमारतो को भी नुकसान पहुंचा है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो मे लोगो को गुआयाक्विल की सड़को पर एकत्र होते देखा जा सकता है। इक्वाडोर की आपदा मोचन एजेंसी के मुताबिक एल ओरो मे कई लोग मलबे के नीचे फंसे है। मचाला मे दोमंजिला इमारत के गिर जाने से कई लोग मलबे मे दब गए। एजेंसी ने कहा कि दमकलकर्मी लोगो को बचाने के अभियान मे जुटे है जबकि राष्ट्रीय पुलिस नुकसान का आकलन कर रही है। देश मे कई स्वास्थ्य केंद्रो और स्कूल की इमारतो को भी नुकसान पहुंचा है। इक्वाडोर भूकंप संभावित क्षेत्र मे स्थित है। इक्वाडोर के प्रशांत तट के उत्तर मे आए भूकंप से वर्ष 2016 मे 600 से ज्यादा लोगो की मौत हो गई थी।

# आंनद लेकर करें काम, नहीं होगी थकान

भाषा। मैनचेस्टर

**हममें से ज्यादातर** लोग काम करते हैं, लेकिन यह हमेशा आनंददायक नहीं होता है। चाहे लंबे समय तक चलने वाला काम हो, थका देने वाला काम हो या दिनचर्या से जुड़ा काम हो, कई बार हम सिर्फ करने के लिए काम करते हैं, भले ही हमें वह करना अच्छा न लगता हो।
लेकिन क्या आपको पता है कि एक व्यक्ति अपने जीवन में औसतन 90,000 घंटे काम करता है, तो बेहतर है कि इसका आनंद उठाया जाए। हालांकि, सवाल यह उठता है कि आप काम करते वक्त खुश रहने और तनाव कम करने के लिए क्या कर सकते हैं? मैं एक सरकारी परियोजना में प्रमुख वैज्ञानिक था। इस परियोजना के तहत टीम ने न्यू इकोनॉमिक्स फाउंडेशन की मदद से कई उपायों की पहचान की, जो तनाव कम करने और खुशी बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं। ए सभी उपाय कार्यस्थल पर लागू किए जा सकते हैं।

## खुशी तलाशने के सात उपाय



**1. सक्रिय रहें :** व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियां आपकी समस्याओं या तनाव को गायब नही करती, लेकिन ए उनका भावनात्मक असर घटाएंगी और आपके दिमाग को समस्याओं को सुलझाने का मौका देंगी। साथ ही आपको शारीरिक रूप से चुस्त रखेंगी।

**2. वर्तमान में जीना सीखें:** अतीत मे झांकने के बजाय वर्तमान मे जीना सीखे। आप वर्तमान का जितना ज्यादा आनंद उठाएंगे, उससे उतना ही ज्यादा जुड़ा हुआ महसूस करेंगे और उसे लेकर उतने ही अधिक खुश रहेंगे। आपको घंटों बैठकर ध्यान लगाने की जरूरत भी नही पड़ेगी।

**3. अस्वस्थ आदतों से दूर रहें :** काम के तनाव से निपटने के लिए अत्यधिक शराब या कॉफी पीने या धूम्रपान करने से अंततः आपकी खुशी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

**4. लोगों से जुड़ें :** यदि आप खुशी के पैमानों पर विचार करेंगे, तो दूसरों के साथ बने रिश्तों को इस सूची में सबसे ऊपर पाएंगे। महामारी के दौरान कई लोगों ने पाया कि सामाजिक संपर्क कम होने के कारण उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। निश्चित तौर पर दोस्तों और परिवार का अच्छा नेटवर्क आपके काम की मुश्किलों को कम कर सकता है। साथ ही अपने सहकर्मियों से रिश्ते बढ़ाना भी काम आता है। कार्यस्थल पर आप जितना अधिक समय रिश्तों में लगाते हैं, काम में उतना ही अधिक आनंद भी महसूस करते हैं।

**5. नए कौशल सीखना :** संज्ञानात्मक रूप से सक्रिय रहना आपके मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अहम है और यह आपको करियर में आगे बढ़ने के लिहाज से नए अवसर मुहैया करा सकता है। इसलिए कुछ नया सीखने की कोशिश करते रहिए। काम के अलावा अन्य चीजे करना भी आपके भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोप में ब्रिटेन में काम के घंटे सबसे अधिक हैं, जिसका मतलब है कि हम अक्सर उन चीजों के लिए वक्त नही निकाल पाते हैं, जिन्हें करके हमें खुशी मिलती है। जरूरत से अधिक घंटों तक काम न करें और यह सुनिश्चित करें कि आपको सामाजिक मेलजोल, व्यायाम करने के साथ ही अन्य मजेदार गतिविधियों के लिए समय मिल पाए।

**6. सकारात्मक चीजों को पहचानें :** वर्तमान में रहने से आपको जीवन मे सकारात्मक चीजों को पहचानने में भी मदद मिलती है, जिससे आप इस सोच के साथ आगे बढ़ते है कि एक गिलास आधा खाली नहीं, बल्कि आधा भरा हुआ है। इसे स्वीकार कीजिए कि काम के मामले में या निजी जीवन में कुछ चीजें ऐसी है, जिन्हें आप बदल नही सकते। उन चीजों पर ध्यान लगाइए, जिन पर आपका नियंत्रण है।

**7. होशियारी से काम करें:** काम के दौरान प्राथमिकता के अनुसार काम करेंगे, तो आपके पास अन्य चीजों का आनंद उठाने के लिए अधिक वक्त होगा। आप अपने कामकाजी जीवन में जितना संतुलन बनाते हैं, उतना ही अपने काम से अधिक खुश रह सकेंगे। ब्रिटेन में सभी दीर्घकालीन बीमारियों में तनाव संबंधित बीमारियों का अनुपात 60 प्रतिशत है, जिसे देखते हुए यह जरूरी है कि आप अपने स्वास्थ्य को अधिक अहमियत दें और जितना संभव हो, कार्यस्थल पर तनाव को कम करने की कोशिश करें।

## तनाव कम करने को इज़राइल और फलस्तीन ने मिस्र में बैठक की

भाषा। काहिरा

**इज़राइल और** फलस्तीन के वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों ने रविवार को मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में बैठक की, ताकि दोनों पक्षों के बीच तनाव कम किया जा सके और इस सप्ताह से शुरू होने वाली महत्वपूर्ण छुट्टियों से पहले हिंसा पर लगाम लगाई जा सके। क्षेत्रीय सहयोगियों-जॉर्डन और मिस्र की मध्यस्थता के तहत यह दोनों पक्षों के बीच दूसरी बैठक है, जिसका उद्देश्य लगभग एक साल से जारी हिंसा को समाप्त करने का रास्ता तलाशना है। इस हिंसा के चलते 200 से अधिक फलस्तीनी नागरिक इज़राइली गोलीबारी का शिकार हुए हैं, जबकि 40 से अधिक इज़राइली नागरिक या विदेशी नागरिक फलस्तीनी हमलों में मारे गए हैं।

# संसद के जरिए संविधान बनता है : धनखड़

● इसके उद्भव में कार्यपालिका या न्यायपालिका की कोई भूमिका नहीं है

भाषा। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि संविधान का उद्भव एवं विकास संसद में होना है एवं न्यायपालिका और कार्यपालिका सहित किसी अन्य सुपर निकायै या संस्था की इसमें कोई भूमिका नहीं है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि यह संविधान की प्रधानता है जो लोकतांत्रिक शासन की स्थिरता, सद्भाव और उत्पादकता निर्धारित करती है और लोगों के जनादेश को दर्शाने वाली संसद संविधान का अंतिम और विशिष्ट निकाय है। उन्होंने कहा, लोगों की इच्छा की अभिव्यक्ति संसद में होती है जिसके माध्यम से संविधान बनता है। संविधान के उद्भव और विकास में कार्यपालिका की कोई भूमिका नहीं है और न ही न्यायपालिका सहित किसी अन्य संस्था की इसमें कोई भूमिका है। संविधान संसद में बनता है और संसद ही इस मामले में अंतिम है। धनखड़ तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल पी. एस. राममोहन राव के संस्मरण के विमोचन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे एक दिन पहले कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के संबंधों के बीच 'लक्ष्मण रेखा' होने का जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि वह विरोधाभास के डर के बिना टिप्पणी कर रहे हैं और उन्होंने संविधान सभा की चर्चा के साथ ही उन देशों के संविधानों का अध्ययन किया है जहां लोकतंत्र फलता-फूलता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, मुझे कोई संदेह नहीं है... मैं लंबे समय से कह रहा हूं... देश का महान लोकतंत्र फल-फूल रहा है, यह हमारे संविधान की प्रधानता है जो लोकतांत्रिक शासन की स्थिरता, सद्भाव और उत्पादकता को निर्धारित करती है। संसद लोगों के जनादेश को दर्शाती है और हमारे संविधान की प्रमुख संरक्षक है। लोकतान्त्रिक मूल्यों और जनहित सेवा सर्वोत्कृष्ट रूप में तब होती है जब विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका अपने-अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से अपने कार्यक्षेत्र तक सीमित रहते हुए समरसता और एकता के साथ करती हैं। इनका उल्लंघन लोकतंत्र के लिए समस्या पैदा करेगा। धनखड़ ने कहा, हम सभी को सामूहिक रूप से, संविधान द्वारा हमें प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए और सौहार्दपूर्ण ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि देश के संवैधानिक संस्थानों के संचालकों के बीच टकराव और शिकायत करने के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका का नेतृत्व कर रहे हैं।

# विपक्षी दलों के नेताओं ने रीजीजू की टिप्पणी की आलोचना की

भाषा। नई दिल्ली

● सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा बताया था

**कुछ सेवानिवृत्त** न्यायाधीशों को भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा बताने संबंधी केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू की टिप्पणी को लेकर रविवार को विपक्षी दलों के नेताओं ने उन पर निशाना साधा। रीजीजू ने दावा किया है कि भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा बन चुके कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कुछ कार्यकर्ता कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा है कि रीजीजू को इस तरह के दावों को लेकर सबूत देना होगा। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि यह न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश है। उन्होंने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, यह किस तरह का लोकतंत्र है? क्या कानून मंत्री को न्यायपालिका को धमकाना शोभा देता है? यह उन न्यायाधीशों के लिए खतरा है जो सरकार के सामने झुकने से इनकार करते हैं और यह न्यायपालिका पर दबाव बनाने का प्रयास है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में रीजीजू ने ए टिप्पणियां की थीं। उन्होंने बगैर किसी का नाम लिए कहा, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों में-शायद तीन या चार न्यायाधीश और कुछ कार्यकर्ता ऐसे हैं, जो भारत-विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं- ए लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए। रीजीजू ने कहा, कुछ लोग अदालत भी जाते हैं और कहते हैं कि कृपया सरकार पर लगाम लगाएं, कृपया सरकार की नीति बदलें। ए लोग चाहते हैं कि न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए, जो संभव नहीं हो सकता। हालांकि उन्होंने कहा कि न्यायपालिका तटस्थ है।

## मोदी ने असम के राज्यपाल व मुख्यमंत्री की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और राज्य के मंत्रियों के दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करने की सराहना की। कटारिया ने एक ट्वीट में कहा, मुझे मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक देखने का सौभाग्य मिला।

## राजस्थान में अपराधियों पर कार्रवाई , 180 गिरफ्तारियां

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्वाई करते हुए विशेष अभियान चलाकर बीकानेर रेंज के चार जिलों में 180 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और नशीला पदार्थ बरामद किया है। वहीं, उदयपुर जिले में भी 139 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन के निर्देश पर कार्वाई की गई।

## रबड़ की कीमत 300 रुपए प्रति किलोग्राम करें, हमारे वोट लें : केरल में पादरी

**कन्नूर (केरल)।** केरल में प्रभावशाली सिरो-मालाबार कैथोलिक चर्च के एक वरिष्ठ पादरी ने यह कहकर राज्य के राजनीतिक गलियारे में सनसनी फैला दी कि अगर केंद्र रबड़ की कीमत बढ़ाकर 300 रुपए प्रति किलोग्राम करने का वादा करता है तो इस दक्षिणी प्रदेश से कोई सांसद नही होने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की समस्या दूर हो जाएगी। थलास्सेरी के आर्चबिशप जोसेफ पामप्लानी ने यहां किसानों की एक रैली में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में किसी भी विरोध-प्रदर्शन का मूल्य नही है, अगर यह चुनावो के दौरान वोटों में तब्दील नही होता है।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: सीबीआई ने एक और प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयो मे वर्ष 2020 के दौरान सहायक शिक्षको की नियुक्ति मे कथित अनियमितता के सिलसिले मे एक और प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अज्ञात लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमे जांच एजेंसी को आरोपो की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

## भारत ने दिल्ली में वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया

**नई दिल्ली।** लंदन मे एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ खालिस्तानी तत्वो द्वारा भारतीय उच्चायोग मे भारतीय झंडा नीचे उतारने की खबरो को लेकर भारत ने रविवार रात दिल्ली मे सबसे वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि विदेश मंत्रालय ने भारतीय दूतावास मे कथित घटना को लेकर राजनयिक को कड़ा संदेश दिया।।

# विदेशी हस्तक्षेप की वकालत नहीं की : राहुल

● लोकतंत्र पर खतरा वाले अपने बयान का बचाव किया

भाषा। नई दिल्ली



**ब्रिटेन में राहुल** गांधी के लोकतंत्र पर खतरा वाले बयान पर भाजपा की माफी की मांग के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को संसदीय समिति की बैठक में इसका बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कभी किसी विदेशी हस्तक्षेप की वकालत नहीं की। संसदीय समिति की बैठक में गांधी ने यह भी कि कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है और यह सभी को पता है। समझा जाता है कि कांग्रेस नेता ने विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि उनकी टिप्पणियों के लिए उन्हें राष्ट्र-विरोधी करार नहीं दिया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान भाजपा सदस्यों द्वारा राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनकी ब्रिटेन की टिप्पणी पर सवाल उठाए जाने को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। गौरतलब है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को भारत की जी-20 अध्यक्षता पर विदेश मामलों के लिए संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शशि थरूर सहित अन्य ने भाग लिया। थरूर ने एक ट्वीट में कहा कि कुछ सदस्यों द्वारा चर्चा का अनावश्यक रूप से राजनीतिकरण करने से बैठक कुछ हद तक प्रभावित हुई और गांधी ने उन्हें जोरदार जवाब दिया। थरूर ने कहा, जी-20 में भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों पर आज विदेश मामलों पर सलाहकार समिति की एक अच्छी बैठक कुछ सदस्यों द्वारा अनावश्यक रूप से चर्चा का राजनीतिकरण करने से प्रभावित हुई। राहुल गांधी ने उन्हें जोरदार जवाब दिया और यह बैठक एक सौहार्दपूर्ण समूह फोटोग्राफ के साथ समाप्त हुई। समझा जाता है कि बैठक में भाजपा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, लेकिन देश को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राव ने अपनी बात को मजबूती से रखने के लिए उद्योगपति गौतम अडाणी पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट, भारत में सरकार बदलने के बारे में जॉर्ज सोरोस की हालिया टिप्पणी और बीबीसी वृत्तचित्र का हवाला दिया। राव ने कहा, कुछ लोगों ने बातें की हैं ... लेकिन भारतीय लोकतंत्र पर असली धब्बा आपातकाल था। सूत्रों के अनुसार, बाद में एक और भाजपा सांसद ने बिना नाम लिए गांधी की टिप्पणी पर सवाल उठाया जबकि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी ने तर्क दिया कि भारतीय लोकतंत्र बेहद मजबूत है और

# जनता पार्टी सरकार की तरह मौजूदा सरकार का भी होगा : गहलोत

भाषा। नई दिल्ली

**राहुल गांधी** के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्वाई की निंदा करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि मौजूदा सरकार का हश्र पूर्ववर्ती जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार जैसा होगा जिसे लोगों ने इसी तरह की कार्वाइयों पर धूल चटा दी थी और इंदिरा गांधी को फिर से चुना। गहलोत ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली पुलिस की कार्वाई सरकार में शीर्ष पद पर बैठे लोगों के निर्देशों के बाद की गई। पुलिस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं का अब भी हो रहा यौन उत्पीड़न वाली टिप्पणी के संबंध में गांधी के आवास पर पहुंची और एक नोटिस दिया। इससे पहले, यहां गांधी के आवास के बाहर पत्रकारों से गहलोत ने कहा कि दिल्ली पुलिस का नोटिस इंदिरा गांधी के समय की याद दिलाता है जब इसी तरह की घटनाएं हुई थीं और सभी ने परिणाम देखा। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र अपने कार्यों के साथ नई मिसाल कायम कर रहा है और कहा कि क्या गैर-भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकारें केंद्रीय मंत्रियों द्वारा आलोचना करने पर उनके खिलाफ मामले दर्ज करेगी? गहलोत ने कहा कि एडोल्फ हिटलर शुरुआत में काफी लोकप्रिय था लेकिन उसके बाद उसके साथ जो हुआ, उसे सभी ने देखा। उन्होंने दावा किया कि इस देश में लोकतंत्र खतरे में है और सरकार न केवल पुलिस को निर्देश दे रही है बल्कि उसके कार्यों की निगरानी भी कर रही है। गहलोत ने कहा, इंदिरा जी के समय में जब जनता पार्टी का शासन आया था, वे (तत्कालीन सरकार) इस तरह की गतिविधियों में लिप्त थे और लोगों ने इसका जोरदार जवाब दिया और 1980 में इंदिरा गांधी को भारी बहुमत मिला और वे सत्ता में लौटीं।

## क्विक न्यूज

### रीजीजू ने वकीलों से टेली लॉ कार्यक्रम से जुड़ने व कानूनी सहायता देने का आग्रह किया

**बेंगलुरु, ।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को वकीलों से टेली लॉ कार्यक्रम से जुड़ने और कानूनी जागरूकता पैदा करने में न्यायाधीशों का सहयोग करने की अपील की। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में रीजीजू ने लोगों को न्याय दिलाने में वकीलों द्वारा निभाई गई भूमिका को रेखांकित किया और लोगों को न्याय दिलाने में मदद के लिए कानूनी सहायता प्रदान करने की अपील की। केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा, कर्नाटक की विधि बिरादरी इस लड़ाई के लिए तैयार है।

### झारखंड में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के दो मरीज मिले, कोविड मरीजों की संख्या पांच हुई

**रांची।** झारखंड में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के दो मामले सामने आए हैं वहीं पांच लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रशासन ने रविवार को बताया कि राज्य में रांची और जमशेदपुर में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के एक-एक मामले सामने आए हैं। झारखंड के अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राज्य में कोविड के बढ़ते संक्रमण और पहली मिले एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के संक्रमण को देखते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं और एक बार फिर कोविड के नमूनों की जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है।

### असमानता को दूर करने में श्री श्री हरिचंद ठाकुर की भूमिका अद्वितीय है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मतुआ समुदाय के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री हरिचंद ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि असमानता को दूर करने और सद्भाव को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका अद्वितीय है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, मैं श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। असमानता को दूर करने और सद्भाव को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका अद्वितीय है। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने (ठाकुर) सामाजिक न्याय पर जोर दिया और लोगों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया। हम उनके आदर्शों को पूरा करने के लिए काम करते रहेंगे। मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि मन की बात के 98 एपिसोड में जमीनी स्तर के चैंपियन की प्रेरक जीवन यात्रा को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि आप इन लोगों और उनकी कड़ी मेहनत के बारे में अधिक जानने का प्रयास करें।

### रेल मंत्री ने जयपुर में वन्दे भारत ट्रेन के संचालन की तैयारियों का लिया जायजा लिया

**जयपुर।** रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को जयपुर अपने दौरे के दौरान कैरिज व वैगन अनुरक्षण डिपो, जयपुर का निरीक्षण कर वन्दे भारत ट्रेन के संचालन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा खातीपुरा स्टेशन का निरीक्षण कर नवनिर्मित भवन में यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, वैष्णव ने कैरिज व वैगन अनुरक्षण डिपो को प्रदान किए गए कार्यों को समयानुसार करने पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह वन्दे भारत ट्रेन के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है और शीघ्र ही जयपुर से वन्दे भारत ट्रेन शुरू की जाएगी। वैष्णव ने महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे विजय शर्मा एवं विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक में संरक्षा, निर्माण परियोजनाओं, विद्युतीकरण कार्य, स्टेशन रि-डेवलपमेंट, यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी इत्यादि पर चर्चा की।

### 125 साल की अनूठी विरासत का जश्न मना

**नई दिल्ली।** किंग कॉयल ने अपने 125 वर्ष पूरे करने पर अपनी विरासत का जश्न मनाया। किंग कॉयल की भारतीय शाखा ने स्लीपिंग वस्तुओं की अपनी श्रृंखला के साथ भारतीय बाज़ार में अपनी पैठ मज़बूत करने के लिए कमर कस ली है साथ ही इस दिशा में महत्वपूर्ण विस्तार योजनाओं की घोषणा भी की है अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने के अलावाए किंग कॉयल इंडिया ने ग्राहक के करीब रहने और ग्राहकों की बदलती मांगों को समझने के उद्देश्य से टियर 2 और टियर 3 शहरों में अधिक स्टोर खोलकर देश के हर कोने में पहुंचने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना को भी विस्तार दिया है। 125वी वर्षगांठ की घोषणा करते हुए किंग कॉयल के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्चित गुप्ता ने कहा कि भारतीय बाजार में विस्तार करना हमारा अगला कदम है। हम मानते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ता बाजार है और हम अपने उच्च गुणवत्ता वाले स्लीप प्रोडक्ट्स को पूरे देश में मौजूद ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।



## कश्मीर का ट्यूलिप उद्यान जनता के लिए खुला, 68 किस्मों के 15 लाख ट्यूलिप से महकी घाटी

**श्रीनगर।** कश्मीर की डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच महकता एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप उद्यान इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन रविवार को जनता के लिए खोल दिया गया। उद्घाटन समारोह में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस साल बगीचे में लगभग 68 किस्मों के ट्यूलिप महकेंगे। बगीचे के प्रभारी इनाम-उल-रहमान ने कहा कि विभिन्न रंगों के 15 लाख ट्यूलिप के अलावा, उद्यान में वसंती मौसम के अन्य फूल भी हैं, जैसे अंगूर जलकुंभी, नरगिस, मस्करी और साइक्लेमेन, प्रदर्शन पर हैं। उद्यान को सिराज बाग के नाम से भी जाना जाता है।

# मप्र : सत्ता में आने पर 500 रुपए में मिलेगा सिलेंडर, महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए

भाषा। नरसिंहपुर




**कांग्रेस की** मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को कहा कि साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में अगर कांग्रेस को जनदेश मिलता है तसे महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपए की आर्थिक सहायता और 500 रुपए में भरा हुआ घरेलू रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि वह सत्ता में बने रहने के लिए चुनाव से पहले कई खोखले वादे कर रहे हैं। कमलनाथ का यह बयान चौहान द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू करने के कुछ ही दिनों बाद आया है। इस योजना के तहत प्रदेश की ऐसी एक करोड़ महिलाओं हर महीने 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से कम है। प्रदेश के बजट में इसके लिए 8,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश में इस साल की अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। कमलनाथ ने नरसिंहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आज घोषणा करता हूं कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को 1,500 रुपए प्रति माह देंगे और (भरा हुआ) रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे। वर्तमान में प्रदेश में करीब रसोई गैस सिलेंडर का मूल्य करीब 1,108 रुपए है। चौहान की सरकार पर महंगाई, भ्रष्टाचार एवं घर-घर में शराब पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कमलनाथ ने कटाक्ष किया, शिवराज सिंह चौहान जी को पता है कि आने वाले चुनाव में उनका क्या हश्र होने वाला है। इसलिए आजकल जहां जाते हैं वहां घोषणाएं साथ ले जाते हैं। शिवराज जी आजकल आश्वासन और घोषणाओं के नशे में हैं।

## पानी के कुंड में नहाने उतरे चार युवकों की डूबने से मौत

**जयपुर, ।** राजस्थान के चूरू जिले के चूरू सदर थाना क्षेत्र में रविवार को पानी के कुंड में नहाने उतरे चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक और जांच अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि रामसर गांव में बने पानी के कुंड में नहाने के लिए उतरे चार युवकों की कुंड की गहराई में डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान लोकेश (18), योगेश (19), कबीर (19) और सुरेश (21) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि चारों दोस्त कुंड में नहाने उतरे थे ।

# संघ प्रमुख भागवत ने किसानों को दिया गौ-आधारित खेती का संदेश

भाषा। मेरठ (उत्तर प्रदेश)



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने किसानों को गौआधारित खेती अपनाने की सलाह देते हुए रविवार को कहा कि खेती के तौरतरीकों में परिवर्तन देश के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए जरूरी हैं। भागवत ने भारतीय किसान संघ द्वारा हस्तिनापुर में आयोजित तीन दिवसीय गौआधारित जैविक कृषि कृषक सम्मेलन कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा, गौ आधारित खेती प्रकृति के चक्र को नहीं बिगाड़ती है। हमारे किसान परेशान हैं। उनकी सारी मांगें पूरी भी नहीं हो सकती हैं इसलिए खेती की लागत को कम करना पड़ेगा। ऐसा केवल गौ आधारित खेती से ही संभव ही है। संघ प्रमुख ने कहा,भारत में गाय दूध के लिए नहीं बल्कि खेती के लिए थी। गौ आधारित कृषि से हम आज रासायनिक खेती के युग तक आ गए हैं। इसका दुष्प्रभाव आज हमारे सामने है। भागवत ने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि रासायनिक खेती के कारण पंजाब में कैंसर ट्रेन चलने लगी है।

## ओटीटी मंच पर अश्लीलता स्वीकार्य नहीं: अनुराग ठाकुर

**नागपुर।** ओटीटी मंचों पर प्रसारित सामग्री के खिलाफ शिकायत पर सख्त रुख अपनाते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि रचनात्मकता के नाम पर अश्लीलता और अभद्र भाषा का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है और सरकार इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कड़ी कार्वाई करने में नहीं हिचकेगी। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि सरकार ने ओटीटी मंचों पर प्रसारित सामग्री में अश्लीलता और अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया है।

# सलमान खान को धमकी मिली, प्राथमिकी दर्ज

भाषा। मुंबई

**बॉलीवुड अभिनेता** सलमान खान को उनके दफ्तर में एक ई-मेल भेजकर धमकी दी गई है। इसके बाद मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

ई-मेल भेजने वाले ने लिखा है, गोल्डी भाई (गोल्डी बरार) सलमान खान से आमने-सामने बैठकर बात करना चाहता है। अधिकारी ने बताया कि बिश्नोई और बरार के अलावा, शनिवार को दर्ज प्राथमिकी में रोहित का भी नाम है। बठिंडा जेल में बंद बिश्नोई और गोल्डी बरार पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में आरोपी है। यह शिकायत प्रशांत गुंजलकर ने बांद्रा पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गुंजलकर, खान के बांद्रा स्थित घर अक्सर आता-जाता है और वह कलाकारों से जुड़ी एक प्रबंधन कंपनी का संचालन करता है। अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि जब गुंजलकर शनिवार दोपहर को खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित दफ्तर में था तो उसने देखा कि रोहित गर्ग की आईडी से एक ई-मेल आया है। यह ई-मेल हिंदी में लिखा था और इसमें कहा गया था कि लॉरेंस बिश्नोई की ओर से हाल में एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार को सालमान खान ने देख ही लिया होगा और अगर नहीं देखा है तो उन्हें देखना चाहिए। प्राथमिकी के मुताबिक, ई-मेल में गुंजलकर से कहा गया कि अगर खान मामला खत्म करना चाहते हैं तो वह गोल्डी भाई से आमने- सामने बैठकर बात करें। ई-मेल में कहा कि अभी वक्त है लेकिन अगली बार झटका देखने को मिलेगा। प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साज़िश), 506-दो (आपराधिक धमकी के लिए सज़ा) और 34 (साझा मंशा) के तहत दर्ज की गई है। बिश्नोई के एक साक्षात्कार को हाल में एक निजी समाचार चैनल ने प्रसारित किया था। गौरतलब है कि जून 2022 में भी एक अज्ञात शख्स ने खान को धमकी दी थी।

# अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ साजिश रचने वाला नेता कभी नहीं देखा: शिंदे का उद्धव पर आरोप

भाषा। खेड (महाराष्ट्र)





**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (उद्धव) नेता उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं के करियर को खत्म करने का प्रयास किया।

ठाकरे रत्नागिरि जिले के खेड में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उद्धव ठाकरे ने भी उसी स्थान पर कुछ दिन पहले एक सभा को संबोधित किया था। रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने खुद को शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की विरासत का सच्चा उत्तराधिकारी बताया। शिंदे ने कहा कि उन्होंने कभी कोई ऐसा नेता नहीं देखा, जो अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिलकर अपने ही लोगों के राजनीतिक करियर को नष्ट करने की साजिश करता हो। शिंदे ने राज ठाकरे और नारायण राणे सहित अन्य नेताओं का नाम लिया, जिन्होंने बहुत पहले शिवसेना छोड़ दी थी। उन्होंने कहा, ऐसे में पार्टी किस प्रकार आगे बढ़ेगी? मैं गद्दार नहीं, बल्कि खुद्दार हूं। उद्धव ठाकरे को हमें धोखेबाज कहने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवसेना को मजबूत बनाने के लिए गजानन कीर्तिकर, रामदास कदम जैसे वरिष्ठ नेताओं ने बाला साहेब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था, लेकिन आप उन्हें धोखेबाज कहते हैं। उन्होंने कहा, संयम की भी एक सीमा होती है। उन्होंने ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा, "मैं वह मुख्यमंत्री नहीं हूं, जो घर में बैठकर आदेश देता हो, बल्कि मैं संकट के समय क्षेत्र में जाने में विश्वास करता हूं। मैं दो बार कोरोना वायरस से संक्रमित हुआ।

## भूखंड मामला : विश्व भारती ने अमर्त्य सेन को नोटिस भेजा

**कोलकाता।** विश्व भारती विश्वविद्यालय ने नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को नोटिस जारी कर पूछा है कि 13 डिसमिल के उस भूखंड को खाली नहीं करने के लिए उनके खिलाफ बेदखली का आदेश क्यों नहीं जारी किया जाए, जिस पर उनका कथित रूप से अवैध कब्जा है। प्रख्यात अर्थशास्त्री सेन (89) को 24 मार्च तक नोटिस का जवाब देने तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त रजिस्ट्रार अशोक महतो के सामने व्यक्तिगत रूप से या एक प्रतिनिधि के माध्यम से 29 मार्च तक पेश होने के लिए कहा गया है। सेन से अपने उस दावे के समर्थन में सबूत भी पेश करने के लिए कहा गया है ।।

# स्टार्क के पंजे में समाई टीम इंडिया

## ● भारतीय बल्लेबाजों का फ्लॉप शो, दूसरा वनडे दस विकेट से जीता आस्ट्रेलिया

**भाषा।** विशाखापत्तनम

*मिशेल स्टार्क के* पांच विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को 117 रन पर आउट करने के बाद 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करके दस विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। पिछले मैच में तीन विकेट लेने वाले स्टार्क ने 53 रन देकर पांच विकेट लिए जिसमें से चार पहले स्पैल में लिए गए। यह भारत का आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा न्यूनतम स्कोर है।

जवाब में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को साधारण सा लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं आई। पिछले मैच में भी अर्धशतक जमाने वाले मिशेल मार्श ने 36 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 66 रन बनाए जबकि ट्रेविस हेड 51 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 30 गेंद की अपनी पारी मं 10 चौके लगाए। आस्ट्रेलिया ने 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 121 रन बनाए और विजई चौका मार्श ने अक्षर पटेल को जड़ा। पहला मैच भारत ने जीता था और अब तीसरा तथा निर्णायक मैच 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा। भारत के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए और कोई विकेट नहीं ले सके। मोहम्मद शमी ने तीन ओवर में 29 रन दिए जबकि मोहम्मद सिराज ने इतने ही ओवर में 37 रन दे डाले। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 25 रन दिए। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिए सीन एबोट ने 23 रन देकर तीन और नाथन एलिस ने 13 रन देकर दो विकेट लिए। भारत का कोई बल्लेबाज आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। विराट कोहली ने 35 गेंद में 31 रन बनाए जबकि अक्षर पटेल ने नाबाद 29 रन की पारी खेली जिसमें दो छक्के शामिल थे। स्टार्क ने पहले स्पैल में छह ओवर में 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने शुभमन गिल (0), रोहित शर्मा (13), सूर्यकुमार यादव (0) और केएल राहुल (नौ) को आउट किया। भारतीय टीम की लगातार दूसरे मैच में शुरूआत खराब रही और पहले पांच ओवर में स्टार्क ने कहर बरपा दिया। गिल को पहले ओवर में खाता खोले बिना आउट करने के बाद उन्होंने कोहली और रोहित शर्मा की साझेदारी को भी तोड़ा। रोहित का कैच पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ ने लपका। अगली गेंद पर सूर्य पगबाधा आउट हो गए जो पिछले मैच में भी पहली गेंद पर आउट हुए थे। उन्होंने केएल राहुल (नौ) को नौवे ओवर में पगबाधा आउट किया। रिव्यू के बाद भी फैसला गेंदबाज के पक्ष में गया और नौ ओवर के बाद भारत का स्कोर चार विकेट पर 48 रन था। एबोट ने 10वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पंड्या (1) को स्मिथ के हाथों लपकवाया। कोहली और जडेजा ने छठे ओवर के लिए 22 रन की साझेदारी की लेकिन नाथन एलिस ने इस साझेदारी का तोड़कर कोहली का कीमती विकेट लिया। जडेजा उनका अगला शिकार बने और विकेट के पीछे कैच दे बैठे।






स्टार्क
ओवर 08
रन 53
विकेट 05

### स्कोरबोर्ड

**भारत :** रोहित का स्मिथ बो स्टार्क 13 , गिल का लाबुशेन बो स्टार्क 00,कोहली पगबाधा बो एलिस 31,सूर्यकुमार पगबाधा बो स्टार्क 00,राहुल पगबाधा बो स्टार्क 09, पंड्या का स्मिथ बो एबोट 01, जडेजा का कैरी बो एलिस 16,पटेल नाबाद 29,कुलदीप का हेड बो एबोट 04,शमी का कैरी बो एबोट 00,सिराज बो स्टार्क 00,**अतिरिक्त** : 14,**कुल** : 26 ओवर में 117 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** :1-3, 2-32, 3-32, 4-48, 5-49, 6-71, 7-91, 8-103, 9-103,**गेंदबाजी** : स्टार्क 8-1-53-5, ग्रीन 5-0-20-0, एबोट 6-0-23-3, एलिस 5-0-13-2,जम्पा 2-0-6-0

**आस्ट्रेलिया** : हेड नाबाद 51, मार्श नाबाद 66,**अतिरिक्त** : 04,कुल : 11 ओवर में बिना विकेट गंवाए 121 रन ,**गेंदबाजी** : शमी 3-1-29-0, सिराज 3-0-37-0,पटेल 3-0-25-0, पंड्या 1-0-18-0,कुलदीप 1-0-12-0

### शुरुआती विकेट झटकने से आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने और आक्रामकता से गेंदबाजी कीः स्टार्क

**विशाखापत्तनम।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज और मैन ऑफ द मैच रहे मिचेल स्टार्क ने कहा कि रविवार को यहां दूसरे वनडे के दौरान भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप के शुरुआती विकेट झटकने से उनके गेंदबाजी जोड़ीदारों ने अधिक आक्रामकता बरती जिससे मेजबान टीम महज 26 ओवर में 117 रन पर सिमट गई। भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सबसे खराब वनडे हार का सामना करना पड़ा जिसमें मेहमान टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। स्टार्क ने पावरप्ले में भारत के पूरे शीर्ष क्रम को समेट दिया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पावरप्ले में चार विकेट की बदौलत 53 रन देकर पांच विकेट चटकाए। स्टार्क ने कहा, यह हमारा पूरी तरह से दबदबे वाला गेंदबाजी प्रदर्शन था, बल्कि हमने पावरप्ले में विकेट झटके जिससे हमें पूरी पारी के दौरान और अधिक आक्रामकता से गेंदबाजी करने में मदद मिली।

## हम लगातार स्टार्क की गेंदबाजी के दबाव में आ रहे हैं : रोहित शर्मा

**भाषा।** विशाखापट्टनम



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा ने अपने मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप के आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के सामने नैसर्गिक खेलने के बजाय लगातार घुटने टेकने पर निराशा व्यक्त की जिसके कारण टीम को यहां दूसरे वनडे में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा कि यह निश्चित रूप से कम स्कोर वाली पिच नहीं थी और भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छा खेल नहीं दिखाया। स्टार्क बेहतरीन गेंदबाज है। वह नई गेंद से आस्ट्रेलिया के लिए इतने वर्षों से यह भूमिका निभा रहा है। वह अपनी काबिलियत के मुताबिक बेहतरीन गेंदबाजी करता है और हम उसके सामने लगातार विफल हो रहे हैं। हमें यह बात समझनी होगी और इसके अनुसार खेलना होगा। रोहित ने अपनी बल्लेबाजों की विफलता पर कहा कि 117 रन का स्कोर बिलकुल भी चुनौतीपूर्ण स्कोर नहीं था। उन्होंने भी 15 गेंद में 13 रन का योगदान किया। यह निराशाजनक है। इसमें कोई शक नहीं है। हम अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेले। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हम जानते थे कि यह स्कोर काफी नहीं है। यह बिलकुल भी 117 रन के स्कोर वाली पिच नहीं थी। किसी भी तरह से नहीं। हम अच्छा नहीं खेले। रोहित पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण पहले वनडे में नहीं खेले थे जिसमें भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी की और घरेलू टीम को दबाव में ला दिया। आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ 11 ओवर में परिणाम निकलने से काफी हैरान थे। स्मिथ ने कहा, परिणाम बहुत जल्दी निकला। पूरा मैच 37 ओवर का रहा। ऐसा आपको अकसर देखने को नहीं मिलता। मुझे लगता है कि हमारे गेंदबाज बेहतरीन रहे। मिचेल स्टार्क ने नई गेंद से दबाव बनाया और उन्हें हमारे गेंदबाजी ग्रुप का भी पूरा साथ मिला। मैं नहीं जानता था कि विकेट किस तरह का होगा और यह कितना स्विंग होगा। वहीं मैन ऑफ द मैच रहे स्टार्क ने कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ हफ्तों से मेरी लय काफी अच्छी चल रही है। उम्मीद करता हूं कि यह जारी रहे।

### सूर्यकुमार को पता है कि उसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को कहा कि वनडे क्रिकेट में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को पता है कि उसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा और टीम प्रबंधन उसे लगातार मौके देगा। सूर्यकुमार आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दोनों वनडे में खाता भी नही खोल सका पिछली 16 वनडे पारियो में वह अर्धशतक भी नही बना सके है। न्यूजीलैड के खिलाफ नाबाद 34 रन उनका सर्वोच्च स्कोर है। रोहित ने दूसरे वनडे में दस विकेट से मिली हार के बाद कहा , हमें श्रेयस अय्यर की वापसी के बारे में पता नही है। उसकी जगह खाली है तो हम सूर्य को ही उतारेंगे। उसने सीमित ओवरों में बहुत अच्छा प्रदर्श्न किया है और मै कई बार कह चुका हूं कि जिसमें क्षमता है, उसे मौके मिलेंगे। उसे पता है कि उसे वनडे में भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मै कह चुका कि क्षमतावान खिलाड़ियों को यह कभी नही लगना चाहिए कि उन्हे भरपूर मौके नही दिए गए। पिछले दो मैचों में वह जल्दी आउट हो गया लेकिन उसे सात आठ या दस मैच लगातार देने होंगे ताकि वह अधिक सहज हो सके। अभी उसे किसी के चोटिल होने या उपलब्ध नही होने पर मौका मिल रहा है। टीम प्रबंधन का काम खिलाड़ियों को मौके देना है और जब लगे कि वह सहज नही है या रन नही बन रहे , तब इसके बारे में सोचेंगे। अभी हम उस रास्ते पर नही है।

### हम बाएं हाथ के या दाहिने हाथ के गेंदबाजों को नहीं देखते, विकेट तो विकेट होता है

**विशाखापत्तनम।** कप्तान रोहित शर्मा ने आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के खिलाफ पहले दो वनडे में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजो की विफलता को ज्यादा तूल नही दिया। स्टार्क ने पहले वनडे में तीन विकेट लिए हालांकि टीम को जीत नही दिला सके लेकिन रविवार को दूसरे वनडे में पांच विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को दस विकेट से जीत दिलाई। रोहित ने कहा कि टीम प्रबंधन को इसे लेकर ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नही है क्योंकि दाहिने हाथ के तेज गेंदबाजो ने पहले भी भारतीय बल्लेबाजो को परेशान किया है। उन्होंने कहा , जब विरोधी टीम में शानदार गेंदबाज है तो वह विकेट लेगा ही। वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आउट करने की कोशिश करेगा। दाहिने हाथ का गेंदबाज हो या बाएं हाथ का, वह विकेट लेगा ही।हम दाहिने या बाएं हाथ के बारे में नही सोचते, विकेट तो विकेट ही है। विकेट गिरना चिंता का विषय है। हम इस पर आत्ममंथन करेंगे।

### राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए कोटल और महेश

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने चोट से उबर रहे शिवाशक्ति नारायणन और ग्लेन मार्टिन्स की जगह रविवार को प्रीतम कोटल और नाओरेम महेश सिंह को यहां राष्ट्रीय शिविर मे शामिल किया। भारत ने इम्फाल में होने वाले तीन देशों के आगामी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी के लिए गुरुवार को अपना शिविर शुरु किया। इस टूर्नामेंट मे टीम का सामना म्यामां (22 मार्च) और किर्गिस्तान गणराज्य (28 मार्च) को खुमान लम्पाक स्टेडियम में होगा। हमने अभी उन खिलाड़ियों के साथ तीन दिन ट्रेनिंग कर ली है जो हीरो आईएसएल फाइनल में नही थे।

### सऊदी अरब में तीसरे स्थान पर रहे जेहान दारुवाला

**जेद्दा।** भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला ने यहां सऊदी अरब चैंपियनशिप के दौर की स्प्रिंट रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। यह फार्मूला टू मे 16वां अवसर है जबकि उन्होंने पोडियम पर जगह बनाई। एमपी मोटरस्पोर्ट के इस 24 वर्षीय ड्राइवर ने पांचवें स्थान से शुरुआत की और चैंपियन बने अयुमु इवासा को आखिर तक चुनौती दी। बनाना) स्थान हासिल किया।

### हालैंड की हैट्रिक, मैनचेस्टर सिटी एफए कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** एर्लिंग हालैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैट्रिक जमाई जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 6-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालैंड इस तरह से पिछले दो मैचो मे आठ गोल कर चुके है। उन्होने लिपजिग के खिलाफ मंगलवार को चैंपियंस लीग के मैच में मैनचेस्टर सिटी की 7-0 से जीत मे पांच गोल किए थे।

### भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे 30 देशों के शीर्ष निशानेबाज

**भोपाल।** ओलंपिक पदक विजेताओं और विश्व चैम्पियन सहित दुनिया के कुछ निशानेबाज यहां 20 से 27 मार्च तक चलने वाले आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में हिस्सा लेंगे। इस विश्व कप में 198 निशानेबाज शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जिसमें भारत और चीन का सबसे बड़ा 37-37 निशानेबाजो का दल है। विश्व कप में डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, कोरिया, फ्रांस और जर्मनी के निशानेबाजो के अच्छा प्रदर्शन दिखाने की उम्मीद है।

### गौरव गिल ने जीता एशिया रैली कप का दूसरा दौर

**चेन्नई।** भारत के गौरव गिल ने रविवार को यहां एफआईए-एशिया पैसिफिक रैली चैम्पियनशिप (एशिया रैली कप) के दूसरे दौर मे जीत हासिल की। बीती रात बारिश के कारण रैली दो चरण में आयोजित की गई। गिल के साथ जोड़ीदार के रूप में अनिरूद्ध रंगनेकर शामिल थे। थाईलैंड के माना पोर्नसिरिचेर्ड और सह चालक थानयापाट मीनिल ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### मिगुएल ने जीता डीजीसी ओपन

**नई दिल्ली।** भारत के प्रबल दावेदार गोल्फर राशिद खान बीती रात की एकल बढ़त गंवाकर रविवार को यहां दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि फिलीपींस के मिगुएल ताबुएना ने द डीजीसी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीत लिया। यह मिगुएल का तीसरा एशियाई टूर खिताब है और 2018 के बाद यह पहली जीत है। उन्होंने छह शॉट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता।

## बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

### ● परिबास टेनिस में एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीता



**भाषा।** इंडियन वेल्स (अमेरिका)

**भारत के रोहन** बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया। अपने 10वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा, वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे। हमने कड़े और करीबी मैच खेले। आज हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स में 42 साल की उम्र में खिताब जीता था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मैंने डैनी नेस्टर से बात की और मैंने उनसे कहा कि मुझे खेद है कि मैं उनका रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा हूं। यह खिताब हमेशा मेरे साथ रहेगा और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं। बोपन्ना का का यह कुल पांचवा और 2017 में मोंटेकार्लो ओपन के बाद पहला मास्टर्स 1000 युगल खिताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी का यह इस साल तीसरा फाइनल था।

## निकहत व मनीषा प्री क्वार्टरफाइनल में

### ● मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत की स्टार** मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां अल्जीरिया की बोआलम रोमायसा को हराकर महिला विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन (57 किलो) ने भी आस्ट्रेलिया की राहिमी टीना को 5-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। 50 किग्रा स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर रही निकहत ने मौजूदा अफ्रीकी चैम्पियन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की। दोनों मुक्केबाजों ने सतर्क शुरुआत करते हुए सुरक्षित दूरी बनाए रखी। पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत ने पहला अंक जुटाया। अल्जीरियाई मुक्केबाज को इसके बाद अंक मिला जिसके बाद दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास किया। निकहत ने जहां कॉम्बिनेशन (सभी तरीकों के मुक्के) मुक्के जड़कर अंक जुटाए, वहीं रोमायसा ने भारतीय मुक्केबाज के ओपन गार्ड (गार्ड नीचे करके खेलना) से फायदा उठाकर कई मुक्के जड़े। पहला राउंड निकहत के पक्ष में रहा और दूसरे में भी उन्होंने रोमायसा को कोई मौका नहीं दिया जो आक्रामक होने की कोशिश कर रही थीं। फिर दोनों आक्रामक होने के बाद एक दूसरे को जकड़े रहीं लेकिन अंत में केडी जाधव स्टेडियम में निकहत जीतीं। निकहत ने मुकाबले के बाद कहा, आज मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी क्योंकि रोमायसा शीर्ष वरीय मुक्केबाज थीं। वरीयता का फायदा होता है। मुझे भी वरीयता मिली। अगर मैं शीर्ष वरीय को हराती हूं तो इससे जजों पर प्रभाव पड़ता है। मैंने उसके मुकाबले देखे हैं। अगर आप उसके करीब से खेलो तो वह काफी हावी हो जाती है। इसलिए मेरा लक्ष्य दूर से ही मुक्के जड़ने का था, हालांकि क्लिंचिंग (एक दूसरे को जकड़ना) हुई।



## विकास व परमजीत ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

### ● एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे



**भाषा।** नोमी (जापान)

**भारत के 20 किमी** पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करके 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक और 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किमी पैदल चाल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में क्रमशः 1:20:05 सेकेंड (एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकेंड) और 1:20:08 सेकेंड के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के कियान हैफेंग (1:19:09) ने पहला स्थान हासिल किया। पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेल और हंगरी के बुडापेस्ट में इस साल अगस्त में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मार्क 1:20:10 है और दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इसे मामूली अंतर से हासिल किया। पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज करके ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:20:57 का समय निकाला और वह पांचवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार कोई देश आधिकारिक प्रविष्टियों के अलावा ओपन वर्ग में खिलाड़ियों को भेज सकता है लेकिन उनका प्रदर्शन आधिकारिक नहीं माना जाएगा। भारत ने ओपन वर्ग में चार पुरुष और तीन महिला खिलाड़ी भेजे थे।

### श्रीलंका फॉलोऑन करने के बाद भी न्यूजीलैंड से 303 रन पीछे

**वेलिंगटन।** श्रीलंका ने फॉलोऑन करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए और उसे पारी की हार से बचने के लिए अब भी 303 रन की जरूरत है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 164 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने इस तरह से पहली पारी में 416 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और उसके कप्तान टिम साउदी ने श्रीलंका को फॉलोऑन के लिए आमंत्रित करने में कोई देर नहीं लगाई। न्यूजीलैंड ने एक महीने पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ फॉलोऑन करते हुए एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी।श्रीलंका ने दूसरी पारी में सजग शुरुआत की। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कुसल मेंडिस 50 और एंजेलो मैथ्यूज एक रन पर खेल रहे थे। मेंडिस ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले 96 गेंदों पर अपना 17वां अर्धशतक पूरा किया।

## विकास में केंद्र सरकार के प्रयासों पर दिया अनुराग ठाकुर ने जोर

**भाषा।** चेन्नई

**खेलमंत्री अनुराग** ठाकुर ने देश में खेल संस्कृति के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों पर रविवार को जोर दिया और इसमें राज्यों की भूमिका का भी जिक्र किया। ठाकुर ने तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा और खेल यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह में कहा कि देश में खेलों और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने पर जोर दिया है।चाहे हमारे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना हो या विभिन्न स्पर्धाओं से पहले या बाद में उनसे मिलना हो, यह प्रतिबद्धता साफ नजर आती है। उनके नेतृत्व में भारत में खेल संस्कृति का विकास हुआ है, खेलों का बुनियादी ढांचा बेहतर हुआ है और खिलाड़ियों को मैदान से पोडियम तक ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया परियोजना के तहत विभिन्न उत्कृष्टता केंद्र बनाए गए हैं। विभिन्न खेल वैज्ञानिकों को भी इन केंद्रों में सहयोगी स्टाफ के साथ रखा गया है। मैने खेलमंत्री बनने के बाद कुछ प्रशासनिक पद खत्म किए ताकि अधिक से अधिक कोचों की नियुक्ति हो सके। हमने नौ महीने में 450 से अधिक कोचों की नियुक्ति की।



### कप्तान होप का पहला शतक, वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**ईस्ट लंदन।** शाई होप ने वनडे कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शतक जमाया जिससे वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां 48 रन से जीत दर्ज की। होप ने 115 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 128 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 335 रन का मजबूत स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके जवाब में कप्तान तेंबा बावुमा की 118 गेंदों पर 144 रन की लाजवाब पारी के बावजूद 41.4 ओवर में 287 रन पर आउट हो गई। बावुमा के अलावा सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 26 गेंदों पर 48 रन की तूफानी पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से अलजारी जोसेफ और अकील हुसैन ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान होप के अलावा रोवमैन पॉवेल ने 46 और निकोलस पूरन ने 39 रन का योगदान दिया।